खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें ➝ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 05 फरवरी 2025 । वर्ष –69 । अंक –84 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ अपनों की लाशों पर होती... ■ निम्न और मध्यम वर्ग को... 04
■ ट्रंप के 10 प्रतिशत टैरिफ के बावजूद चीन... ■ नए कमांड कॉम्पलेक्स ने बढ़ाई चिंता... 09
■ शेयर बाजार ने भरी ऊंची उड़ान, सेंसेक्स... ■ 2025 में अब तक सोना हुआ महंगा... 11
■ भारत को विश्वकप... ■ वरुण इंग्लैंड के... 10

सार संक्षेप

## दिल्ली विस चुनाव के लिए मतदान आज

### 70 सीटों पर सुबह सात बजे से डाले जाएंगे वोट

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा। इसे लेकर चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। साथ ही प्रशासन की तरफ से भी वोटिंग को लेकर पुख्ता इंतजाम है। पोलकर्मी अपने पोलिंग बूथ पर ईवीएम लेकर पहुंच गए। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सुबह 7 बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले जा सकेंगे। सभी 70 सीटों पर 1.56 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 83.76 लाख पुरुष और 72.36 लाख महिलाएं शामिल हैं। चुनाव आयोग ने 13,766 पोलिंग सेंटर बनाए हैं। नई दिल्ली, कालकाजी, जंगपुरा, पटपड़गंज जैसी हाई-प्रोफाइल सीटों पर मुकाबला दिलचस्प है। वहीं, अगर शाम 5 बजे के बाद भी कोई वोटिंग लाइन में है, तो उसे वोट डालने दिया जाएगा। दिल्ली में कुल 70 विधानसभा सीटें हैं। इन सभी सीटों पर चुनाव हो रहे हैं।

## अयोध्या के मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए भी आज मतदान

**अयोध्या।** अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए तैयारियां पूरी कर ली गयी है। यहां पांच फरवरी को मतदान होगा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मिल्कीपुर विधानसभा सीट से 2022 में समाजवादी पार्टी (सपा) के चिह्न पर अवधेश प्रसाद ने जीत दर्ज की थी। प्रसाद ने 2024 के लोकसभा चुनाव में फैजाबाद (अयोध्या) से सांसद चुने जाने के बाद विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था, जिससे इस सीट पर उपचुनाव की जरूरत पड़ी। यह सीट योगी और अखिलेश के बीच प्रतिष्ठा का प्रश्न बनी हुई है।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- अमेरिका ने अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों को वापस भेजना शुरू कर दिया है।

**चुहिया- हां प्रिये**- अब वे यहां रोजी-रोटी के संकट से दो-चार होंगे।

### संसद में मोदी ने विपक्ष पर बोला हमला

# कुछ लोग खुलेआम शहरी नक्सलियों की भाषा बोल रहे

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस का जवाब दिया। मोदी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज कुछ लोग खुलेआम शहरी नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं, भारतीय राज्य को चुनौती दे रहे हैं और उसके खिलाफ लड़ाई का ऐलान कर रहे हैं।

यह भाषा बोलने वाले न तो संविधान को समझते हैं और न ही देश की एकता को। सात दशकों तक जम्मू–कश्मीर और लद्दाख को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा गया। यह न केवल संविधान के साथ, बल्कि इन क्षेत्रों के लोगों के साथ भी अन्याय था। हम संविधान की भावना से जीते हैं, और इसलिए हम मजबूत निर्णय लेते हैं। हमारा



संविधान भेदभाव का अधिकार नहीं देता। जो लोग संविधान को अपनी जेब में रखकर जीते हैं, उन्हें नहीं पता कि आपने मुस्लिम महिलाओं को किस तरह की कठिनाइयों में रहने के लिए मजबूर किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व नेतृत्व की आलोचना करने के लिए टीओआई में छपे ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### .. तो इस्तीफा दे दूंगा



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सदन में कहा कि- महाकुंभ में 100 करोड़ लोगों की व्यवस्था का दावा किया गया, लेकिन हकीकत यह नहीं है। अगर यह साबित कर दिया जाये कि 100 करोड़ की व्यवस्था हुई है तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने मौतों के आंकड़े पर भी गंभीर सवाल उठाये।

### कोई बड़ी बात नहीं



उधर भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने कुंभ भगदड़ में हुई मौतों की घटना को लेकर कहा कि बड़ा आयोजन था उस मान से यह घटना कोई बहुत बड़ी बात नहीं है। मीडिया द्वारा इसे बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। सांसद ने कहा- कुंभ को लेकर राज्य और केन्द्र सरकार ने बढ़िया व्यवथाएं की हैं।

### सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

## सभी दिव्यांग अभ्यर्थी परीक्षा में ले जा सकेंगे राइटर

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार दिव्यांग अभ्यर्थियों को लेकर ऐतिहासिक फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि उन सभी दिव्यांग अभ्यर्थियों को परीक्षा में राइटर ले जाने की अनुमति दी जाती है, भले ही वे 40 प्रतिशत की मानक दिव्यांगता मानदंड को पूरा न करते हों, जो अब तक लागू था। जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की खंडपीठ ने फैसला सुनाया कि दिव्यांग उम्मीदवारों और मानक दिव्यांगत (40 प्रतिशत या उससे अधिक विकलांग) वाले उम्मीदवारों के बीच कृत्रिम भेद और विभाजन को समाप्त किया जाना चाहिए।



शीर्ष अदालत ने कहा कि कोर्ट के निर्देशों के बाद केंद्र द्वारा जारी दिशा–निर्देशों को सभी दिव्यांग उम्मीदवारों को बिना किसी बाधा के परीक्षा देने में बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए लाभ प्रदान करके लागू किया जाना चाहिए। कोर्ट ने परीक्षा निकायों से सुगम्यता संबंधी उपायों को लागू करने को कहा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि परीक्षा केंद्र शारीरिक रूप से सुलभ हों और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त हों। साथ ही, भेदभाव को रोकने और दिव्यांग व्यक्तियों को समान अवसर प्रदान करने के लिए दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

शीर्ष अदालत ने शिकायत दर्ज करने के लिए एक शिकायत निवारण पोर्टल स्थापित करने का आदेश दिया, जिससे अभ्यर्थियों को अदालत का दरवाजा खटखटाने से पहले अदालत से संपर्क करने की अनुमति मिल सकेगी। यह ऐतिहासिक फैसला 2022 में गुलशन कुमार नामक व्यक्ति द्वारा दायर याचिका पर आया, जिसमें केंद्र और अन्य प्राधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि वे उन्हें विभिन्न परीक्षाओं के लिए उनकी दिव्यांगत की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, कानून के तहत एक राइटर की सुविधा, प्रतिपूरक समय और अन्य सभी सुविधाएं प्रदान करें, जिसके वे हकदार हो सकते हैं।

शीर्ष अदालत ने सभी प्राधिकरणों/भर्ती एजेंसियों/परीक्षा निकायों को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का समान रूप से पालन करने तथा समय–समय पर सर्वेक्षण/सत्यापन के माध्यम से इनका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## किस कानून में प्रावधान है कि निगमायुक्त भरवाये मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए बसों मे डीजल

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री के सम्मान कार्यक्रम के लिए अधिग्रहित की गयी बसों में भरे गये डीजल का भुगतान नहीं किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से बताया गया कि- डीजल भरने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कोई आदेश जारी नहीं किये गये थे। नगर निगम निगमायुक्त की तरफ से मौखिक आदेश जारी किये गये थे। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने जिला कलेक्टर को याचिका की सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा है कि



### सार्वजनिक धन का गोलमाल मानते हुए हाईकोर्ट ने कलेक्टर से मांगा हलफनामा

किस कानून में यह प्रावधान है कि मुख्यमंत्री के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में लगी बसों में निगमायुक्त डीजल भरवाये। एकलपीठ ने इसे प्रथम दृष्टया सार्वजनिक धन के बड़े पैमाने पर गोलमाल का मामला मानते हुए जिला कलेक्टर से हलफनामा में जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता सुगम चंद्र जैन की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि आईएसबीटी बस स्टैण्ड के समीप उनका पेट्रोल पंप है। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

## मुख्यमंत्री की उपस्थिति में हुआ पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी और एनटीपीसी में बिजली क्रय अनुबंध



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राज्य की दीर्घकालिक ऊर्जा मांग की आपूर्ति के लिये एमपी पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी ने एनटीपीसी के साथ बिजली क्रय करने के लिये अनुबंध किया। इस दौरान ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई भी उपस्थित थे। अनुबंध पॉवर मैनेजमेंट कम्पनी के एमडी अविनाश लवानिया और एनटीपीसी के जनरल मैनेजर शंकर सरण के बीच हुआ।

एनटीपीसी के पश्चिम क्षेत्र के रीजनल एक्सक्यूटिव डायरेक्टर पीके मिश्रा ने बताया कि एनटीपीसी द्वारा नरसिंहपुर में गाडरवाडा में स्टेज–2 के अंतर्गत 800–800 मेगावॉट की दो यूनिट स्थापित की जा रही हैं। इनमें से 800 मेगावॉट बिजली केन्द्रीय नियामक आयोग द्वारा निर्धारित दरों के आधार पर मध्यप्रदेश को मिलेगी। इनमें उत्पादन 2030–31 शुरू करने का लक्ष्य है।

## नन्हें चीतों से गुलजार हुआ कूनो

### 'वीरा' ने 2 शावकों को जन्म दिया



### मुख्यमंत्री ने शावकों का किया स्वागत, कूनो प्रोजेक्ट से जुड़े स्टाफ को दी बधाई



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में मंगलवार को 2 चीता शावकों के आगमन पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर चीता शावकों का स्वागत है।

मुझे यह जानकारी साझा करते हुए काफी खुशी हो रही है कि कूनो में फिर चीता शावकों की किलकारियाँ गूँजी हैं और मध्यप्रदेश की धरती पर चीतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता वीरा ने 2 नन्हें शावकों को जन्म दिया है। अब कूनो नेशनल पार्क में 14 शावक और 12 वयस्क चीतों के साथ कुल संख्या 26 हो गयी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर दोनों शावकों की तस्वीर शेयर की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की जंगल बुक में 2 और चीता शावकों की वृद्धि हुई है।

## भारत में अवैध रूप से बसे घुसपैठियों को वापस भेजने सुप्रीम कोर्ट सख्त

### केन्द्र और पं. बंगाल सरकार से पूछा– 30 दिन में वापस क्यों नहीं भेजा?

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार से जवाब तलब किया है। सुको ने पूछा है कि आखिर क्यों सैकड़ों को अनिश्चितकाल तक डिटेंशन कैंप्स में रखा जा रहा है, जबकि वे प्रवासी एक्ट 1946 के तहत दोषी ठहराए जा चुके हैं। मामला जस्टिस जे बी पारदीवाला और आर महादेवन की बेंच के सामने था। उन्होंने यह भी पूछा कि जब खुद केंद्र की गाइडलाइन के अनुसार अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को 30 दिनों के अंदर डिपोर्ट किया जाना चाहिए, तो फिर इसका पालन क्यों नहीं किया जा रहा?

सुको की बेंच उस मामले पर सुनवाई कर रही थी, जो पहले कलकत्ता हाईकोर्ट में दर्ज हुआ था और बाद में सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया। अवैध प्रवासियों का मसला इन दिनों खूब चर्चा में है। अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने यहां ऐसे लोगों के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है। उन्होंने जनवरी में पद संभालने के बाद से सैकड़ों अवैध प्रवासियों को डिपोर्ट किया है।

**इतने लंबे समय से डिटेंशन में ही क्यों**-बेंच ने 30 जनवरी के आदेश में साफ तौर पर कहा कि 'अगर कोई अवैध प्रवासी एक्ट के तहत दोषी साबित हो जाता है, तो यह सिद्ध हो जाता है कि वह भारतीय नागरिक नहीं है ऐसे में सवाल यह है कि उन्हें अनिश्चितकाल तक डिटेंशन कैंप्स में रखने का क्या औचित्य है?' सुको ने कहा कि इस मुद्दे को उसके सामने आए 12 साल हो चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई।



### असम सरकार से कहा– आप किस मुहूर्त का इंतजार कर रहे

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित न करने और उन्हें अनिश्चितकाल तक निरुद्ध केंद्रों में रखने पर सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार को कड़ी फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने असम सरकार से पूछा कि क्या वह किसी मुहूर्त का इंतजार कर रही है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सरकार निरुद्ध केंद्रों में रह रहे 63 लोगों को दो सप्ताह के भीतर उनके देश वापस भेजना शुरू करे।

शीर्ष अदालत ने असम के इस दावे पर भी सवाल उठाया कि निर्वासन संभव नहीं था क्योंकि प्रवासियों ने अपने विदेशी पते का खुलासा नहीं किया था। सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार को दो सप्ताह के भीतर हिरासत केंद्रों में रखे गए 63 लोगों को निर्वासित करने का निर्देश दिया।

**बेंच ने क्या कहा**-जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों के विदेशी होने की पुष्टि होते ही उन्हें तत्काल निर्वासित कर दिया जाना चाहिए। बेंच ने कहा कि आपने यह कहकर निर्वासन की प्रक्रिया शुरू करने से इनकार कर दिया कि उनके पता नहीं हैं। यह हमारी चिंता क्यों होनी चाहिए? आप उन्हें उनके देश भेज दें। क्या आप किसी मुहूर्त का इंतजार कर रहे हैं?

**असम में विदेशियों के लिए कई निरुद्ध केंद्र**-बेंच ने असम सरकार की ओर से पेश वकील से कहा कि जब आप किसी व्यक्ति को विदेशी घोषित करते हैं, तो आपको अगला तार्किक कदम उठाना पड़ता है। आप उन्हें अनंतकाल तक निरुद्ध केंद्र में नहीं रख सकते। संविधान का अनुच्छेद 21 मौजूद है।

## बेल्जियम के नए प्रधानमंत्री बने बार्ट डी वेवर

### मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बार्ट डी वेवर को बेल्जियम के प्रधानमेत्री का पद संभालने पर बधाई दी। मोदी ने भारत–बेल्जियम संबंधों को और मजबूत बनाने तथा वैश्विक मामलों पर आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का विश्वास व्यक्त किया है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में वेवर को बधाई देते हुए लिखा, प्रधानमंत्री बार्ट वेवर को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई। मैं भारत–बेल्जियम संबंधों को और मजबूत करने तथा वैश्विक मामलों पर हमारे सहयोग को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैं आपके सफल कार्यकाल की कामना करता हूं।









कार्रवाई

### अमेरिका से वापस भेजे गए भारतीयों में अपराधी भी

## पंजाब पुलिस जुटी केस फाइल तैयार करने में

**नई दिल्ली/चंडीगढ़, देशबन्धु।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कामकाज संभालते ही अवैध अप्रवासियों को डिपोर्ट करना शुरू कर दिया है। 205 भारतीय नागरिकों को लेकर सी–17 विमान सैन एंटोनियो, टेक्सास से भारतीय समयानुसार सुबह करीब 3 बजे रवाना हुआ। ट्रंप के कार्यालय में वापसी के बाद निर्वासित होने वाला यह भारत से अवैध अप्रवासियों का पहला जत्था है। पिछले साल करीब 1100 अवैध अप्रवासियों को विशेष विमानों के जरिए भारत भेजा गया था।

इस सबके बीच पंजाब पुलिस ने लगभग 100 वांटेड क्रिमिनल्स का आपराधिक रिकॉर्ड तैयार किया है, जिनमें से 20 के अमेरिका में छिपे होने का संदेह है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, इस बात की संभावना कम है कि यह विमान पंजाब और देश के अन्य हिस्सों में वांछित खतरनाक अपराधियों को लेकर आएगा लेकिन जब से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध प्रवासियों और अपराधियों पर कार्रवाई का



आदेश दिया है, हम निर्वासन या प्रत्यर्पण की सुविधा के लिए आपराधिक फाइलों को अंतिम रूप देने पर काम कर रहे हैं।

**पंजाब पुलिस ने लगभग 100 वांटेड क्रिमिनल्स का आपराधिक रिकॉर्ड तैयार किया**-अधिकारी ने कहा, काउंटर–इंटेलिजेंस यूनिट, एंटी–नारकोटिक्स टास्क फोर्स और एंटी–गैंगस्टर टास्क फोर्स द्वारा लगभग 100 अपराधियों की केस फाइल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारी ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा यह घोषणा कि वे अपने देश की धरती

### अमेरिका में 7,25,000 अवैध भारतीय अप्रवासी हैं

का इस्तेमाल हिंसा के लिए नहीं होने देंगे, पंजाब पुलिस के लिए उत्साहजनक है क्योंकि हम सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू सहित वांछित अपराधियों के निर्वासन या प्रत्यर्पण की मांग कर रहे हैं। वह पंजाब से अवैध आव्रजन को बढ़ावा दे रहे हैं इसलिए हमने इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए तुरंत केस फाइल तैयार की। अधिकारी ने कहा, अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू होने का मतलब है कि अमेरिका पंजाब में हिंसा फैलाने वाले और अमेरिका से गतिविधियां चलाने वाले गैंगस्टरों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर सकता है।

**भारत के कई वांटेड क्रिमिनल्स अमेरिका में छिपे हैं**-अमेरिका में मौजूद वांछित ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## मणिपुर में सात उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने सात संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि कल मंत्रिपुखरी ठाकुरबारी, हीनगांग थाना के अतंर्गत पांच सक्रिय उग्रवादी संगठन के सदस्य गिरफ्तार किए गए तथा उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। एक और अन्य घटना में, थौबल जिले के यरीपोक थाना के अतंर्गत एक सक्रिय उग्रवादी संगठन के कैडर को गिरफ्तार किया गया। सुरक्षा बलों ने सिंगजामेई थान के अतंर्गत सिंगजामेई थोकचोम लेईकाई से एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया, जो जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था।

## 1,600 करोड़ के निवेश से विकसित किया जाएगा औद्योगिक पार्क : आचार्य बालकृष्ण



**हरिद्वार।** पतंजलि ग्रुप यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अपने औद्योगिक विस्तार को तेज़ी से आगे बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में, पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, आचार्य बालकृष्ण आज प्लॉट पहुंचे जहां उन्होंने पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क की आगामी योजनाओं पर चर्चा की।

यह प्रमुख परियोजना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश और रोज़गार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की जा रही है। इस पार्क में एक अत्याधुनिक डेयरी प्लांट और औद्योगिक प्रमोशन हब स्थापित किया जाएगा, जिससे स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

**आर्थिक विकास और रोज़गार के अवसर**-इस मौके पर आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि यह औद्योगिक पार्क 1,600 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया अभियान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के %इन्वेस्ट यूपी% मिशन के अनुरूप है। पूरी तरह से कार्यशील होने पर, पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क से 3,000 से अधिक रोज़गार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। पतंजलि ग्रुप पहले से ही एक औद्योगिक पार्क विकसित कर रहा है, जहां छोटे और मध्यम आकार के उद्योगों को सब-लीज के माध्यम से औद्योगिक स्पेस उपलब्ध कराया गया है। आगामी फूड एंड हर्बल पार्क इस पहल को और मजबूती देगा, जिससे एफएमसीजी, आयुर्वेद, डेयरी और हर्बल उद्योगों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और स्थानीय स्तर पर औद्योगिक आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन मिलेगा।

**अधिकारियों के साथ रणनीतिक चर्चा**-औद्योगिक पार्क का दौरा करने के बाद, आचार्य बालकृष्ण जी उद्योग जगत के विशेषज्ञों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अरुणवीर सिंह, और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।

इस दौरान, अरुणवीर सिंह ने क्षेत्र में हो रहे औद्योगिक विकास को लेकर अपनी सकारात्मक सोच और प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि औद्योगिक परियोजनाओं को समर्थन देना, बुनियादी ढांचे को मज़बूत करना और क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास को संतुलित और समावेशी रूप से आगे बढ़ाने के लिए सभी परियोजनाओं की कड़ी निगरानी की जाएगी, जिससे स्थानीय व्यापारियों और उद्योगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

**औद्योगिक विकास को मिलेगा नया आयाम**-बुनियादी ढांचा, रोज़गार सृजन और आर्थिक विकास पर केंद्रित यह परियोजना उत्तर भारत के प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थिति को और मज़बूत करेगी। इस पहल से नए निवेश आकर्षित होंगे।


### सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने निम्न वाहन के संबंध में एक नीलामी का आयोजन किया है।

1) M&M CB_SUPRO_MINI_TRUCK
Vehicle No. MP19ZE6112
YOM - 2023
Minimum Reserve Price 240000

मेसर्स कोटक महिंद्रा बैंक के साथ दृष्टिबंधक के तहत इसकी 'जहाँ है जैसी स्थिति है' में बिक्री के अधीन है। इच्छुक पक्ष इस पेपर के प्रकाशन के **8 दिनों** के भीतर यानी **12-02-2025** को या उससे पहले अपने कोटेशन (ऑनलाईन/ ऑफलाईन) दे सकते हैं

kotak Kotak Mahindra Bank

शाखा का पता :
कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड
846, छत्रपती भवन, निवार गंज एक्सटेंशन, राईट टॉउन जबलपुर (म.प्र.) 482001
संपर्क : नितिनकुमार रजक / मोहनिशकुमार साहू
कोटक महिंद्रा बैंक लि.
संपर्क: 9329687818 - 8655657871
ई-मेल : nitin.kumarrajak@kotak.com
mohnishkumar.sahu@kotak.com

### निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./1533/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 03/02/25

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महिमा खरे पिता आशु खरे निवासी कैलाश सैक्टर-3 रायगढ़ महाराष्ट्र के द्वारा मौजा सुभाष नगर ब्लॉक नं. .... प्लॉट नंबर 559/1 स्थित भूमि खसरा नं. 155/ए में से रकवा 38 व.फु. भूमि जो राजस्व रिकार्ड में महिमा खरे पत्नी आशु, कमल बिसारिया के नाम से दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 18/02/25 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-03/02/2025
पेशी दिनांक-18/02/2025

र.नं. 2897 **तहसीलदार अधारताल जबलपुर**

(विक्रय-पत्र)
**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./1941/1830/अ-6/2023-2024 जबलपुर, दिनांक 31/01/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रूकमणी शर्मा पति दीपक कटारिया आ. रामयश शर्मा निवासी यादव कालोनी जबलपुर के द्वारा मौजा लक्ष्मीपुर ब्लॉक नं. .... प्लॉट नं. .... स्थित भूमि खसरा नंबर 509/4 में से रकवा 690 व.फु. भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता सुभाष चंद पिता परमसुख से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 10/07/67 से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 17/02/2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-31/01/2025
पेशी दिनांक-17/02/2025

र.नं. 2913 **तहसीलदार अधारताल जबलपुर**

### कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-जबलपुर (म.प्र.)

Email-modgmjab@mp.gov.in

क्रमांक/257/खनिज/2024-25 दिनांक 30/01/2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री शिवकुमार पिता- श्री मुन्नालाल निवासी- म.नं. 15, परासिया बड़खेरा ( गंगई ) जिला जबलपुर ( म.प्र. ) उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 21.01.2025 को प्रस्तुत किया गया है। प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस की अवधि में इस क्षेत्र पर उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं, तथा आपत्तियां लिखित में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। उत्खनिपट्टा आवेदन पत्र ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदित क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जबलपुर | जबलपुर | घुटिया | 94, 95, 96 | 2.070 | निजी भूमि | गिट्टी, बोल्डर, मुरूम एवं एम-सेण्ड | |
| | | | कुल रकबा | 2.070 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि ( एक माह ) तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार नहीं लिया जाएगा।

**उप संचालक, खनिज प्रशासन**
**जिला- जबलपुर (म.प्र.)**

G-22594/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

### कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) सिवनी (म.प्र.)

E-mail ID-modgmseo@mp.gov.in

क्रमांक/115/खनिज/उ.प./2025 सिवनी, दिनांक 28/01/2025

**द्वितीय सूचना**

म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18 ( 1-क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री विमर्श इन्फा. प्रो.प्रा. आर्यन जैन आ. श्री दीपक जैन, नि. वार्ड नं. 10 लखनादौन, तह. लखनादौन, जि. सिवनी म.प्र. द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 24.12.2024 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 1303/ खनिज / उ.प./2024 सिवनी दिनांक 27.01.2025 प्रकाशित की गई थी। इस क्षेत्र हेतु पुनः दिनांक 13.02.2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे ।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवनी | घंसौर | बिनैकीखुर्द | 44 एवं 86/2 | 1.41 एवं 2.83 हे. कुल 4.24 हे. में से 4.00 हे. | भूमि स्वामी हक की भूमि | बोल्डर, गिट्टी, एक-सैण्ड | |
| | | | कुल रकबा | 4.00 हे. | | | |

1-उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी तक ( कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। 2-यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथी तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3- यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4-यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा । 5- निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा ।

**सहायक खनि अधिकारी**
**वास्ते कलेक्टर, सिवनी (म.प्र.)**

G-22599/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, जिला डिण्डौरी, (म.प्र.)

एनआईटी नं. 03/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/जी/मु.अ. ( म. )/ जबलपुर, दिनांक-30/01/2025

निम्नलिखित कार्य हेत्तु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है -

| क्र. | पोर्टल टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि ( पी.ए.सी. ) ( रू. लाख में ) | अमानत राशि ( ईएमडी ) ( रू. में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रू. में ) | कार्यपूर्ण करने का समय ( माह में वर्षाकाल सहित ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2025_PWPIU_399906_1 | वि.ख. समनापुर जिला डिण्डौरी में उप तहसील कार्यालय भवन का निर्माण कार्य ( प्रथम आमंत्रण ) | डिण्डौरी | 102.14 | 102140.00 | 12500.00 | 06 माह ( वर्षाकाल सहित ) |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://mppproc.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन लाईन दिनांक 01.02.2025 समय 09.00 से दिनांक 15.02.2025 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन मंत्री (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग डिण्डौरी, (म.प्र.)**

G-22587/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।


## मैक्सिको के बाद अब कनाडा को भी टैरिफ से 30 दिनों की राहत

### ट्रूडो से बातचीत के बाद ट्रंप ने जताई सहमति

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मैक्सिको के बाद अब कनाडा के खिलाफ आज से जारी होने वाले टैरिफ को 30 दिनों के लिए टाल दिया है। यह निर्णय तब लिया गया जब दोनों देशों ने सीमा सुरक्षा को और मजबूत करने पर सहमति जताई।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने एक्स पर एक बयान में बताया कि उन्होंने ट्रंप से की गई बातचीत में सीमा सुरक्षा बढ़ाने का वादा किया, जिसके बाद ट्रंप ने टैरिफ को टालने की बात पर सहमति जताई है। इससे पहले सोमवार को मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाउम ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत के बाद मैक्सिको पर लगाए गए टैरिफ को एक महीने के लिए टाल दिया गया है। इसके बाद व्हाइट हाउस ने उनके बयान की पुष्टि की है। हालांकि, चीन से आयात पर लगाए टैरिफ अभी जारी रहेंगे। टैरिफ लागू होने के बाद कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और मैक्सिको के राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें उन्होंने कम से कम एक महीने के लिए ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ (सामान पर शुल्क) को रोकने पर सहमति जताई है। हालांकि, चीन के खिलाफ लगाए गए टैरिफ अभी भी मंगलवार को लागू होंगे।


**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 1872/ अ-6/2024-25

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हरजिन्दर कौर निझावन पति विरेन्द्र पाल सिंह निवासी- 103 कौशल्या वाटिका चौथा ब्रिज डिसिल्वा वार्ड द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक ......... के माध्यम से मौजा गोरखपुर नं.ब. 605 प.ह.नं. 24 खं. नं. 536, 537, 593, 594, 595 रकवा 820 व.फु. विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारानामा/ हकत्याग/ हस्तांतरण पत्र/ दानपत्र एवं नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 07/02/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयाविधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 27/01/2025 को जारी।
जारी दिनांक - 27/01/2025
पेशी दिनांक - 07/02/2025

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर**

**In The Court of III Additional Principal judge, Family Court, District Court, Jabalpur**
presiding Officer:
मुकेश कुमार दांगी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
**(MJC GW/0000004/2025)**
श्रीमती शिवांगी साहू.....वादी
**Vs**
प्रकाश साहू....प्रतिवादी
**Process Id**-41/2025
पेशी दि.:-21/03/2025

प्रेषिती-
( 1 ) आम जनता पता आम जनता

यह कि प्रार्थी श्रीमती शिवांगी साहू ने प्रशांत साहू के विरूद्ध धारा 7 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 के लिए वाद संस्थित किया है, जिसमें प्रार्थी श्रीमती शिवांगी साहू ने आपको ( आम जनता ) अनावेदक क्र.2 के रूप में पक्षकार बनाया है अगर आपको ( आम जनता )में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं उपसंजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 31 जनवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी - प्रकाशन नोटिस
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी पेशी दिनांक पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(मुकेश कुमार दांगी)**
**तृतीय अति. प्रधान न्यायाधीश**
**कुटुम्ब न्यायालय जबलपुर (म.प्र.)**
र.नं. 2909


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### संसद में मोदी ने विपक्ष.....

आर.के. लक्ष्मण के एक प्रसिद्ध कार्टून का उदाहरण दिया। इस कार्टून में 21वीं सदी की महत्वाकांक्षाओं को दर्शाने वाला एक हवाई जहाज लकड़ी की गाड़ी पर रखा दिखाया गया था, जिसे मजदूर धकेल रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस कार्टून का जिक्र करते हुए कहा कि यह दिखाता है कि पिछली सरकारें वास्तविकता से कितनी दूर थीं। एनडीए सांसदों ने इस पर हंसी और विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रधानमंत्री के बयान पर कांग्रेस नेताओं ने मोदी पर इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने और वर्तमान चुनौतियों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। विपक्ष का कहना था कि सरकार को जनता के मौजूदा मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए न कि अतीत की बहस को फिर से छेड़ना चाहिए।

**आज आयकर छूट बढ़ाकर 12 लाख** -उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले बम धमाकों और गोलीबारी ने नागरिकों का जीना मुश्किल कर दिया था। हमने धीरे-धीरे उन प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण की दिशा में काम किया। 2013-14 में आयकर छूट की सीमा केवल दो लाख थी, लेकिन आज इसे बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया गया है, जिससे कर में राहत मिलेगी। हमने स्कूलों में 10,000 टिंकरिंग लैब स्थापित किए हैं और आज इन लैब के बच्चे अपने रोबोटिक्स नवाचारों से सभी को आश्चर्यचकित कर रहे हैं।

**लोकसभा की कार्यवाही कल तक स्थगित**-लोकसभा में मतदान के दौरान राष्ट्रपति के अभिभाषण में संशोधन करने के विपक्ष के प्रस्ताव गिरे। इसके बाद राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लोकसभा में मंजूरी दी गई। फिलहाल लोकसभा की कार्यवाही 6 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

### किस कानून....

मुख्यमंत्री के सम्मान में 3 जनवरी 2024 को जबलपुर में सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के लिए अधिग्रहित बसों में डीजल भरने के लिए नगर निगमायुक्त ने खाद्य अधिकारी को व्यक्तिगत से भेजा था। अधिग्रहित बसों में लगभग 6 लाख रुपये का डीजल उनके पेट्रोल पंप से भरा गया था। डीजल का भुगतान नहीं होने के कारण उन्होंने निगमायुक्त से संपर्क किया। निगमायुक्त के द्वारा बताया गया कि संयुक्त कलेक्टर तथा जिला आपूर्ति अधिकारी के कार्यालय की तरफ से बसों में डीजल भरवाने कहा गया था। अगस्त 2024 में बिल भुगतान के लिए संयुक्त कलेक्टर व जिला आपूर्ति अधिकारी व निगमायुक्त से संपर्क किया। जिसके बाद कलेक्टर कार्यालय से निगमायुक्त को राशि भुगतान करने के संबंध में लिखित निर्देश दिये गये थे। एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता से पूछा कि अधिग्रहित बस में डीजल भरने के लिए प्रशासन की तरफ से पीओएल जारी किया गया था। याचिकाकर्ता के तरफ से बताया गया कि सिर्फ मौखिक आदेष जारी किये गये थे। एकलपीठ ने जिसे गंभीरता से लेते हुए अपने आदेष में कहा है कि बिना किसी प्राधिकरण के याचिकाकर्ता से बसों में डीजल भरवाया गया। संयुक्त कलेक्टर व जिला आपूर्ति अधिकारी तथा निगमायुक्त ने पीओएल की प्रतिपूर्ति करवाने का निर्देश दिये। एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा कि इस संबंध में जिला कलेक्टर हलफनामा में जवाब प्रस्तुत करें। इसके अलावा यह भी बताएं कि किस कानून में निगमायुक्त का दायित्व है कि वह मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लगी बसों में डीजल भरवाये। एकलपीठ ने अपने आदेष में यह भी कहा है कि याचिकाकर्ता अब याचिका वापस लेने का हकदार नहीं होगा। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता आशीष रावत ने पैरवी की।

### अमेरिका से वापस ...

अपराधियों में सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का आरोपी अनमोल बिश्नोई भी शामिल है, जो खूंखार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई है। अन्य अपराधियों में हैप्पी पासिया, जो हाल ही में पंजाब में पुलिस प्रतिष्ठानों पर ग्रेनेड हमलों में शामिल था, ड्रग तस्कर सरवन भोला और गोपी नवांशहरिया शामिल हैं। पंजाब पुलिस को अभी तक अमेरिका द्वारा विशेष सैन्य विमान से स्वदेश भेजे गए अवैध अप्रवासियों की पहचान के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। पुलिस अप्रवासियों की पहचान और निर्वासन प्रक्रिया के संबंध में विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ-साथ एनआईए के संपर्क में है। भारत से लगभग 20,000 अवैध अप्रवासी हैं जिन्हें अमेरिकी आव्रजन अधिकारी निर्वासित करने के लिए तैयार हैं, अनुमान है कि अमेरिका में 725,000 अवैध भारतीय अप्रवासी हैं। वहीं भारत का कहना है कि वह सत्यापन के बाद अमेरिका से अवैध अप्रवासियों को स्वीकार करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले महीने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात के दौरान कहा था, अवैध आव्रजन अक्सर अन्य गैरकानूनी गतिविधियों से जुड़ा होता है। यह न तो वांछनीय है और न ही हमारी प्रतिष्ठा के लिए फायदेमंद है। अगर हमारे किसी नागरिक को अमेरिका में अवैध रूप से पाया जाता है और हम उनकी नागरिकता की पुष्टि करते हैं, तो हम उनके वैध भारत वापसी के लिए तैयार हैं।


### ऋण वसूली अधिकरण

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवायें विभाग, (बैंकिंग प्रभाग)
797- द्वितीय तल शांति कुन्ज, जबलपुर (म.प्र.)- 482001

**ई-नीलामी सूचना** **ई-नीलामी क्रमांक- 12/2025**

**Case No.: RC/677/2018 / ओ.ए.नं. 475/2016**

BANK OF BARODA वि. MOHAMMAD RAFIQUE एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक RC No. RC/677/2018/ O.A. No. 475/2016 में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र Rs. 21,85,154.00 (Rupees Twenty One Lakh Eighty Five Thousand One Hundred Fifty Four Only) तथा उस पर 12.00 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से दिनांक 14.07.2016 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से की जायेगी।

**ई- नीलामी की तिथि एवं समय: 27-02-2025 दोपहर- 12.00 से 01.00**

**सम्पत्ति की अनुसूची-**

**Double Storied Residential Building on Khasra No. 190/10, 190/10k, P.C. No. 22/25, N.B. No. 52, situated at Betla Adhartal, Subhash Ward, Tehsil & District- Jabalpur (M.P.) Build-up area GF: 2224 sq.ft. & FF: 2224 sq.ft. Total 4448 sq.ft. area of land 4320 sq.ft. in the name of Smt. Shakeela Begum W/o Mohammad Ishhaque, Mohammad Rafique S/o Mohammad Ishhaque and Mohammad Safique S/o Mohammad Ishhaque.**

**प्रारक्षित मूल्य- रूपये : Rs. 82,70,080.00 (Rupees Eighty Two Lakh Seventy Thousand Eighty only);**

**विक्रय की शर्तें-** (1) इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र धारक होना चाहिये। अधिक विवरण हेतु M/s. C-1 India Pvt. Ltd. website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466, E-mail id-mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com (2) इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेब साईट https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें। (3) बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति के साथ संलग्न कर जमा करनी होगी। (विस्तृत नियम व शर्तों का संदर्भ लें)। (4) अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत राशि जो रूपये Rs. 8,27,008.00 (Rupees Eight Lakh Twenty Seven Thousand Eight only); है, RTGS / NEFT / MONEY TRANSFER द्वारा वसूली अधिकारी, ई-नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित Account No. 20020210000380 in the name of Recovery Officer, E-auction account, DRT Jabalpur with UCO BANK, NAVYUG COLLEGE BRANCH, JABALPUR. (IFSC Code: UCBA0002002) में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा। (5) निविदा ऑनलाईन माध्यम से **दिनांक 25-02-2025** अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी। (6) ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्नकों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, 797- द्वितीय तल, शांतिकुन्ज, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अतिशीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें। (7) ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम रू. Rs. 85,000.00 (Rupees Eighty Five Thousand only); होगी। ऑन लाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता रहेगा। (8) असफल बोलीकर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात वे जब तक असफल बोलीकर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त कर ली जायेगी। (9) सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुये) अगले दिन RTGS/ NEFT / MONEY TRANSFER के द्वारा कंडिका-4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी। (10) सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि, एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रू. 10 (प्रति संपत्ति अलग-अलग) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वां दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15 वें दिन पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर सम्पत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे। (11) सम्पत्ति "जहाँ है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत" के आधार पर विक्रय की जायेगी। (12) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **18-02-2025 को प्रातः 12 बजे से 16 बजे** तक किया जा सकेगा। (13) संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी। (14) वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा। (15) इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे Shri Dileep Kumar Kesari, Sr. Manager, Mob. No. 9109173112 में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर लें तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर लें। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है। (16) ई- नीलामी के संबंध में विवरण M/s. C-1 India Pvt. Ltd. website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466, E-mail id-mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com (17) संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी Shri Dileep Kumar Kesari, Sr. Manager, Mob. No. 9109173112 से प्राप्त की जा सकती है। (18) इच्छुक निविदाकर्ता ई - नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/ स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते हैं। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वतः सुनिश्चित करनी होगी। डीआरटी/बैंक/ सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

स्थान- जबलपुर
दिनांक- 06/01/2025

**(वात्सल्य कुमार), वसूली अधिकारी-I,**
**ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर**

# देश-प्रदेश

उवाच

## गुजरात में यूसीसी मसौदा तैयार करने को पांच सदस्यीय समिति गठित

**गांधीनगर,**(एजेंसियां)। उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की तैयारी शुरू कर दी गई है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने और कानून बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति 45 दिनों में राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी, जिसके आधार पर सरकार निर्णय लेगी। गुजरात के मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भारत का संविधान नागरिकों के कर्तव्यों को पूरा करने के लिए है। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस साल हम संविधान के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। उनका लक्ष्य पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू करना है।



### मंत्रिपरिषद ने लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# शहरी क्षेत्रों में बनेंगे 10 लाख मकान

- कामकाजी महिलाओं, मजदूरों, दिव्यांगों और छात्रों को किराए पर दिए जाएंगे आवास
- ढाई लाख रुपए का अनुदान जारी रहेगा



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 5 साल में 10 लाख मकान बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस योजना के तहत किसी दूसरे गांव या शहर से काम करने आने वाले लोगों- कामकाजी महिलाओं, मजदूरों, निराश्रितों, दिव्यांगों और छात्रों को मकान किराए से भी दिए जाएंगे। निजी भूमि या बिल्डरों द्वारा बनाए गए आवास खरीदने पर हितग्राही को ढाई लाख रुपए का अनुदान भी सरकार जारी रखेगी।

बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने यह जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के बड़े नगरों को झुग्गी मुक्त करने और जरूरतमंदों को आवास उपलब्ध कराने के लिए यह एक बड़ा कदम है। श्री विजयवर्गीय ने बताया कि खुद की भूमि पर आवास निर्माण के लिए ढाई ल ा ख रुपये का पूर्व से दिया जा रहा अनुदान जारी रखा जाएगा। इसके लिए बिल्डरों की एक श्रेणी बनाई जाएगी। जिसको रेरा से अनुमति होगी और कामकाज का अच्छा रिकार्ड होगा उन्हें ही यह कार्य सौंपा जाएगा।

श्री विजयवर्गीय ने बताया कि आवास योजना में हितग्राही परिवार में अब पति, पत्नी, अविवाहित बेटा-बेटियां शामिल होंगे। लेकिन 20 वर्ष में किसी भी आवासीय योजना में लाभ प्राप्त करने वाले अपात्र होंगे।

उन्होंने बताया कि इस योजना में सफाई कर्मी, पीएम स्वनिधि और पीएम विश्वकर्मा योजना के हितग्राही, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मलिन बस्ती के निवेश या विशेष समूह पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हितग्राही 5 वर्ष तक आवास न तो बेच सकेंगे और न ही किसी अन्य को दे सकेंगे।

### जापान यात्रा में उम्मीदों से बढ़कर मिली सफलताएँ : डॉ. यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक निवेश के संदर्भ में जापान यात्रा में कई मायनों में उम्मीदों से बढ़कर सफलताएँ मिली हैं। जापान यात्रा के दौरान अनेक सेक्टर में निवेश के लिए उद्योगपतियों ने अपनी रुचि दिखाई है। ऑटोमोबाइल एवं उससे जुड़ी कंपनियों एवं विशेष रूप से कपास उत्पादन के क्षेत्र में निवेशक रेडीमेड गारमेंट को लेकर आगे आए हैं। रेडीमेड गारमेंट उद्योग क्षेत्र में जापान के सबसे अमीर उद्योगपति ने मध्यप्रदेश में निवेश पर रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे पास विभिन्न सेक्टर में दोनों ही प्रकार के कुशल एवं अकुशल मानव संसाधन उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को कैबिनेट बैठक के पहले मंत्रि-परिषद के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय बजट की तारीफ करते हुए कहा कि इसमें निहित प्रावधानों का हमें अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। कई सेक्टर में हम इस पर काम भी कर रहे हैं।

### नर्मदापुरम नर्मदा गौरव दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कहा-

# प्रदेश में दूध की दुकानें खोली जाएंगी, शराब की दुकानें बंद होंगी

- नर्मदापुरम को भोपाल और इंदौर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा
- इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की भी घोषणा की



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** माँ नर्मदा प्रकटोत्सव एवं नर्मदापुरम जिले के गौरव दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने घोषणा की कि आने वाले समय में नर्मदापुरम जिले में इंजीनियरिंग कॉलेज खोला जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव माँ नर्मदा प्रकटोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सेठानी घाट में बनाए जल मंच से मां नर्मदा की पूजा अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 104.72 करोड़ के विकास कार्यो का भूमि पूजन किया। जिसमें 29.96 करोड़ के 24 कार्यों का भूमि पूजन किया एवं 74.76 करोड के 06 कार्यो का लोकार्पण किया। इस अवसर पर सेठानी घाट में आटे से बने 1 लाख 25 हजार दीपक का दीप दान किया गया। समूचा नर्मदांचल माँ नर्मदा की आस्था और श्रद्धा में डूबा रहा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उक्त दृश्य को देखकर कहा कि माँ नर्मदा की पावन पुनीत भूमि पर आने के लिए देवता भी तरसते है। समूचा अंचल इंद्र की सभा की तरह लग रहा है। ऐसा आनंद देव लोक में ही संभव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मां नर्मदा की आशीर्वाद प्रदेश के साथ है। म.प्र. नदियों का मायका है। यहां से मां नर्मदा एवं अन्य नदियां निकलती है। मनुष्य एवं देवता भी यहां अपना क्षण बिताने को अपना सौभाग्य मानते हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में नर्मदापुरम जिले का व्यापक रूप से विकास किया जाएगा। नर्मदापुरम को भोपाल एवं इंदौर की टक्कर का शहर बनाया जाएगा। मध्?यप्रदेश में दूध की दुकानें खोली जाएगी एवं शराब की दुकानें बंद होगी।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मां नर्मदा का बखान करते हुए कहा कि मां नर्मदा नदी ही एक ऐसी नदी है जिनकी परिक्रमा कर के लोग धन्य होते है। नर्मदा के जल से मालवा निर्माण एवं समूचा नर्मदांचल क्षेत्र के 48 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होती है। हम सब सौभागयशाली है कि हमे कदम कदम पर सुख और समृद्धि की प्राप्ती हो रही है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी ने सभी नदियों को जोड़ने का सपना देखा था। 20 साल बाद उस सपने को साकार किया जा रहा है। केन बेतवा नदी को जोडने से बुंदेलखंड की तस्वीर बदलने वाली है। डॉ यादव ने नर्मदापुरम जिले में हुए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की जानकारी देते हुए बताया कि इस कॉन्क्लेव से नर्मदापुरम संभाग में 31 हजार करोड़ का निवेश आएगा।

उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम के लोग पलायन न करें अपनी खेती को बचा कर रखें। इस अवसर पर नरसिंहपुर होशंगाबाद सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, सिवनीमालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नपाध्यक्ष श्रीमती नीतू महेन्द्र यादव, श्रीमती प्रीती पवन शुक्ला, महेंद्र यादव नपा के पार्षदगण, कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरूकरन सिंह, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, व अन्य अतिथि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने छीपानेर, हरदा में वेदगर्भा घाट का किया लोकार्पण

# गोंद गाँव में खुलेगी सर्व सुविधा युक्त गौशाला

**हरदा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मां नर्मदा की धारा चैतन्य है, इसके दर्शन मात्र से ही सभी धन्य होते हैं। माँ नर्मदा प्रदेश की जीवन रेखा है। प्रदेश का सिंचाई रकबा 48 लाख हेक्टेयर से अधिक है, जिसमें से 40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मां नर्मदा के जल से सिंचाई होती है। पारस पत्थर जैसे लोहे को सोना कर देता है, वैसे ही जल के पहुंचते ही सूखे खेत भी सोना ऊगलने लगते हैं। राज्य सरकार प्रदेश में सिंचाई के रकबे का तेजी से विस्तार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए एक लाख 75 हजार करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई है, इससे प्रदेश में केन-बेतवा और पार्वती-काली सिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाएं आरंभ होंगी। इन परियोजनाओं से एक करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लक्ष्य पूरा होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव हरदा जिले के छीपानेर में नर्मदा तट पर वेदगर्भा घाट के लोकार्पण अवसर पर संबोधित कर रहे थे।



प्रख्यात विचारक सुरेश सोनी ने इस अवसर पर कहा कि माँ नर्मदा हमारे लिये जीवनदायिनी है, इसे प्रदूषित न करें। नर्मदा नदी प्रदूषण मुक्त बनी रहें, यह हम सभी का दायित्व है। उन्होने कहा कि नर्मदा नदी के दोनों तटों के आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाये जाने चाहिए क्योंकि वृक्ष ही नर्मदा नदी को पोषित करते हैं। श्री सोनी ने कहा कि हमारे देश में नदियों को माँ का दर्जा दिया जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरदा जिले में एक नई आईटीआई संस्था स्वीकृत करने और गोंदागांव में सरकारी खर्चे पर सर्वसुविधा युक्त गौशाला स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने 316 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया। कार्यक्रम में डारा इंजीनियरिंग प्रायवेट लिमिटेड के मेनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पप्पू राम विश्नोई ने इस अवसर पर वैदिक विद्या पीठम् चिचोट के विकास के लिये 1 करोड़ रूपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रख्यात विचारक सुरेश सोनी, प्रदेश के सहकारिता तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास सारंग, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, नर्मदापुरम् सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व मंत्री कमल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत पूर्व विधायक संजय शाह, प्रेम कुमार, स्वामी नित्य चैतन्य दास महाराज सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सौरभ शर्मा और उसके साथियों को 17 तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**भोपाल, देशबन्धु।** परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके साथियों को लोकायुक्त की विशेष अदालत के आदेश पर 17 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। अदालत में सुनवाई के दौरान लोकायुक्त द्वारा सौरभ और उनके साथियों का पुलिस रिमांड नहीं मांगा गया। वहीं ईडी ने अदालत में आवेदन देकर आरोपियों से जेल में पूछताछ के लिए इजाजत मांगी है।



जिला अदालत परिसर से गिरफ्तार किए गए सौरभ शर्मा, उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर को 28 को अदालत में पेश किया था, जबकि शरद जायसवाल को 29 को अदालत में पेश कर लोकायुक्त पुलिस ने रिमांड मांगा था, जिस पर सौरभ और उसके दोनों साथियों को 4 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया था। रिमांड अवधि खत्म होने पर उसे साथियों सहित अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने उन्हें 17 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में जेल रिमांड पर भेज दिया। सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत में आवेदन देकर न्यायिक हिरासत के दौरान आरोपियों से पूछताछ करने के लिए आवेदन लगाया है। जिस पर अदालत द्वारा सुनवाई की जाएगी। अदालत में लाने से पहले सुबह सौरभ, चेतन और शरद को हमीदिया अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए ले जाया गया। यहां से कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपियों को जेल स्थित लॉकअप में ले जाया गया। इसके बाद उन्हें न्यायाधीश आरपी मिश्रा की अदालत में पेश किया गया। तकरीबन 1 घंटे चली सुनवाई के बाद उसी रास्ते से वापस लेकर पुलिस रवाना हो गई। उल्लेखनीय है कि पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा पर भ्रष्टाचार का आरोप है। विगत 19 दिसंबर को लोकायुक्त और आयकर विभाग के छापों में सौरभ शर्मा के ठिकानों से 235 किलो चांदी बरामद की थी। वहीं 8 करोड़ की नकदी और आभूषण मिले थे। इधर 19 दिसंबर की देर रात मेंडोरी के जंगल से एक कार से 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए नगद भी बरामद हुए थे।

### किस्तों में पकड़े जा रहे व्यापारी के हमलावर

# एक आरोपी और गिरफ्तार, अब तक 3 पकड़े जा चुके

**कटनी, देशबन्धु।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सब्जी मंडी पाल गली में विगत 30 जनवरी की रात माधवनगर के व्यापारी पर किये गए जानलेवा हमले के आरोपी किस्तों में पकड़े जा रहे हैं। पुलिस ने कल एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं। जानकारी के अनुसार माधव नगर के व्यापारी रिक्की उर्फ राकेश मोटवानी को अगवा कर कटनी रेलवे स्टेशन के पास लूटपाट के बाद मारपीट की गई। मारपीट के मामले में पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को जिसमे से गैंग के मुख्य आरोपियों मे से एक केतु रजक और एक अन्य आरोपी अरमान द्विवेदी को 3 फ़रवरी को गिरफ्तार कर लिया गया था। वही 4 फरवरी को पुलिस ने एक और आरोपी शहवाज खान निवासी बैलटघाट को गिरफ्तार कर लिया गया हैं। कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने जानकारी मे बताया कि आरोपी शहवाज के ऊपर पूर्व मे भी कोतवाली और माधवनगर मे अपराध पंजीबद्ध हैं शहवाज के ऊपर पुलिस के द्वारा पूर्व से ही 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था जिसे गिरफ्तार किया गया।


## कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2024-25/104 दिनांक 03/02/2025

**भवन नामांतरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री गोपाल प्रसाद अहिरवार पिता स्व. श्री चिचोंट अहिरवार ने भवन क्रं. 730 वार्ड महात्मा गांधी वार्ड, भूतल 1440 प्रथम तल भूतल 1440 शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. ... पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत चिनचोरकर आ. जुग्गे भवन क्रं. 730 पिन नं. 41300971, 1000368915 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 2914 संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-5,नगर निगम जबलपुर

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर

पत्रांक/ सं. क्र.-03/एम/2024-25/294 दिनांक 04/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती परविन्दर कौर पति श्री आज्ञा सिंह ने भवन क्रमांक फ्लैट नं. 306 वार्ड ग्वारीघाट वार्ड तृतीय तल 885 व.फु. दानपत्र, शपथ पत्र, सहमति शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र, वसीयतनामा, हकत्याग पत्र, लीज डीड, रिलीज डीड, बंटवारानामा, न्यायालय के निर्णय की प्रति के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक फ्लैट नं. 306 वार्ड ग्वारीघाट वार्ड गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री शोभन भण्डारी पिता श्री कृष्ण कुमार भण्डारी एवं नरेश भण्डारी के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक-3 शक्ति भवन रोड रामपुर, नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 2914 संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.-03 रामपुर नगर निगम, जबलपुर

## CHANGE OF NAME

I, Army No. 15724790X RANK NK NAME RAJESH S/O SATBIR SINGH, UNIT-1 MTR, 1 STC JABALPUR do hereby solemnly affirm and declare as under:- 1. I state that I am presently serving in the Indian army. 2. I state that the of my MOTHER is USHA DEVI. 3. I state that the true and correct Name of my MOTHER USHA DEVI. 4. I state that the name of my MOTHER has been mistakenly recorded as USHA. 5. I state that the true and correct name of my MOTHER USHA DEVI.

CORRECT NAME
USHA DEVI
INCORRECT NAME
USHA

कृति

## न्यायालय नायब तहसीलदार पनागर जिला जबलपुर

रा.प्र.क. 1951/अ-6/24-25

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक रीता सिहं पिता/पति इंदल सिंह निवासी सैनिक सोसायटी जबलपुर ने ग्राम ककरतला प.ह.नं. 39. रा.नि.मं.... स्थित भूमि खसरा नं. 142 रकवा 0.510 हेक्टेयर कुल रकवा 50×40 = 2000 वर्गफुट हे. भूमि का फौती/वसीयत/विकय पत्र/दान पत्र / परिवारिक व्यवस्था पत्र/आपसी बटवारा के आधार पर नामांतरण बटवारा/अभिलेख दुरूस्त/रकवा सुधार नक्शा बटांक हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है। अत: उक्त भूमि के नामांतरण बटवारा/अभिलेख दुरूस्ती/रकवा सुधार/नक्शा बटांक जिस किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति इश्तहार प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में पेश कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

इश्तहार आज दिनांक 03/02/25. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सुनवाई दिनाक 20/02/25

नायब तहसीलदार
र.नं.2911 पनागर

## समक्ष न्यायालय श्रीमान् जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम क्र.2 जबलपुर म.प्र.

प्रकरण क्रमांक 376/2023
परिवादी - सुरेश यादव
विरूद्ध
अनावेदकगण- रीजनल प्रमुख सहारा इंडिया रीजन कार्यालय जबलपुर व अन्य ।
पेशी दिनांक 05/03/2025

यह कि प्रार्थी सुरेश यादव पुत्र स्व. श्री देवीराम यादव उम्र 50 वर्ष लगभग निवासी 45 केंट, बाजपेयी कॉलोनी, पेंटी नाका, सदर, जबलपुर म.प्र. 482001 द्वारा आप प्रतिवादी क्र. 4 रीजनल मैनेजर, सहारा इंडिया, रीजन कार्यालय, द्वितीय तल, 1556 डॉ. बराट रोड, विन्धय भवन, अवतार रेस्टोरेंट के बाजू में, नेपियर टाउन, जबलपुर 482002 के विरूद्ध अंतर्गत धारा 35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत् परिवाद प्रस्तुत किया है जिस संबंध में आपको पूर्व में नोटिस जारी किये गये हैं किंतु आपके कार्यालय बंद होने के चलते नोटिस वापस आ गये हैं। अत: आपको इस पब्लिकेशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या आपके प्रतिनिधि के माध्यम से उपरोक्त न्यायालय में दिनांक 05/03/2025 को समय प्रात: 11.00 बजे उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सच दस्तावेजों को जो आपके कब्जे व शक्ति में हो पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो अपना पक्ष प्रस्तुत करें। आपको यह निर्देश भी कि यदि आप ऊपर बताई गई तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो प्रकरण की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निराकरण आपकी अनुपस्थिति में कर दिया जायेगा।

नोट-उक्त दिनांक को किसी कारणवश सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले दिन पर की जावेगी । यह आज तारीख 17.1.25 को मेरे हस्ताक्षर से व मुद्रा लगाकर दिया गया है।

स्थान: जबलपुर
दिनांक ...

अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम
र.नं. 2906 क्र. 2 जबलपुर (म.प्र.)

## नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

मैं शपथकर्ता खान अफाक हुसैन पिता खान रफीक अहमद निवासी 2464 सलाटर हाउस ठक्कर ग्राम जबलपुर (मप्र) का निवासी नि.लि. कथन करता हूँ कि:- यह कि मेरे पिता जी का वास्तविक नाम खान रफीक अहमद (KHAN RAFIQUE AHMED) और मेरी जन्म तिथि 01/08/1967 है जो की मेरे आधार कार्ड मेरी मार्कशीट और अन्य दस्तावेजों में अंकित है। यह कि मेरे पूर्व निर्मित पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरे पिता जी का नाम रफीक अहमद खान (RAFIQUE AHMED KHAN) तथा जन्म तिथि 01/08/1968 अंकित हो चुका है जो की गलत है। यह कि मेरे पिता जी का नाम खान रफीक अहमद (KHAN RAFIQUE AHMED) और मेरी जन्म तिथि 01/08/1967 जो सही है अत: मेरे नवीन पासपोर्ट में तथा मेरे सभी दस्तावेजों में अंकित मेरे पिता जी का नाम खान रफीक अहमद (KHAN RAFIQUE AHMED) और मेरी जन्म तिथि 01/08/1967 लिखा वा पढ़ा जाये।

कृति

## CHANGE OF NAME

I, Anindita Show am legally wedded spouse of Army No.15703259A Rank-HAV Name-Prasenjit Show of Unit The Records Signals C/O-56 APO and permanent resident of Village-Kulhanda, P.O. Gopalnagar, P.S.Kolaghat Dist-Purba Medinipur, PIN-721130. I have changed my name from Anindita Show to Anindita Dhara Show vide affidavit dated 22/11/2024 before Notary Govt. of West Bengal.

INCORRECT NAME
Anindita Show
CORRECT NAME
Anindita Dhara Show

कृति


## निविदा / नियुक्ति / जाहिरात


## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि में वीरेन्द्र कुमार घनसेला आत्मज स्व चन्द्रमणी घनसेला निवासी बुध्दू काछी का बाड़ा मानेगांव पोस्ट खमरिया थाना रांझी तहसील रांझी जिला जबलपुर का निवासी हूँ तथा मैं 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत हूँ मेरा बैच नंबर 183 है मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम वीरेन्द्र कुमार घनसेला पिता श्री चन्द्रमणी घनसेला जबकि मेरे आधार कार्ड पेनकार्ड में मेरा नाम वीरेन्द्र घनसेला दर्ज है। मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम वीरेन्द्र घनसेला संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ मुझे वीरेन्द्र घनसेला के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जायें।

नया नाम -
वीरेन्द्र घनसेला
पुराना नाम -
वीरेन्द्र कुमार धनसेला

कृति

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं उमेश प्रसाद उम्र 58 वर्ष आत्मज श्री दीपचंद रजक निवासी म.नं.2320/77, कृष्णा कालोनी, धोबीघाट कजरवारा जिला जबलपुर का निवासी हूँ तथा मैं 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर कार्यरत हूँ मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम उमेश प्रसाद पिता का नाम श्री दीपचंद रजक दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पेनकार्ड, ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम उमेश प्रसाद रजक पिता श्री दीपचंद रजक दर्ज है ! मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम उमेश प्रसाद रजक संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ मुझे उमेश प्रसाद रजक पिता श्री दीपचंद रजक के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जावें!

पुराना नाम -
उमेश प्रसाद
नया नाम -
उमेश प्रसाद रजक

कृति

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं निशात परवीन उम्र लगभग 55 वर्ष पत्नी महबूब अहमद निवासी 612, नई बस्ती, बड़ा कुआं, डॉ. जाकिर हुसैन वॉर्ड, गोहलपुर, जबलपुर (म.प्र.) आधार नंबर-4060 4899 4792 शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूँ कि:-

1. यह कि, मेरे पासपोर्ट नंबर N0441629 जारी दिनांक 08/07/2015 वैद्यता दिनांक 07/07/2025 में मेरी जन्मतिथि 13/06/1971 दर्ज हैं, जो कि गलत है।
2. यह कि, मेरी सही जन्मतिथि 13/06/1969 है जो कि मेरे उपरोक्त आधार कार्ड, में एवं मेरे पेन कार्ड नंबर AZAPA6452F में तथा मेरे अन्य सभी दस्तावेजों एवं रिकार्ड में दर्ज है ।
3. यह कि, मेरी सही जन्मतिथि 13/06/1969 को ही मान्य व स्वीकार किया जाये एवं सभी दस्तावेजों एवं रिकार्ड में मेरी यही जन्मतिथि दर्ज की जाये।

स्थान - जबलपुर
दिनांक - 04/02/2025

शपथकर्ता
र.नं. 2915 निशात परवीन

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, सैयद अयान हुसैन पिता नसीब अहमद, निवासी-62/2, नेपियर टाउन, भंवरताल मुख्य गेट के सामने, जबलपुर, (म.प्र.) मेरे शैक्षणिक रिकॉर्ड में मेरे पिता का गलत नाम सैयद नसीब हुसैन अंकित है, जबकि पिता का सही नाम नसीब अहमद है और यह नाम आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों में भी दर्ज है। अब से यही नाम दर्ज किया जाये व लिखा-पढ़ा जावे।

जबलपुर
दिनांका - 05/02/2025

पुराना नाम
(पिता- सैयद नसीब हुसैन)
नया नाम-
पिता- नसीब अहमद)

र.नं. 2912

## नाम सुधार की सूचना

मैं, सपना रामप्रसाद कुरील आत्मजा स्व. राम प्रसाद पत्नी स्व. गणेश फिरंगीलाल कुरील (Sapana Ramprasad Kuril D/o Late Ram Prasad W/o Late Ganesh Firangilal Kuril) निवासी म. नं. 435, गली नं.9, लाल स्कूल के पास, सदर, केंट, जबलपुर (म.प्र.) 482001 सर्व साधारण को सूचित कर रही हूँ कि गन कैरिज फैक्टरी जबलपुर में मेरे पिता राम प्रसाद (Ram Prasad) के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम सोना (Sona) दर्ज है जोकि मेरा घरेलू का नाम है एवं गलत है जबकि मेरा सही नाम सपना राम प्रसाद कुरील (Sapana Ramprasad Kuril) जोकि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में दर्ज है। मैंने अपने गलत नाम सोना (Sona) के स्थान पर सही नाम सपना रामप्रसाद कुरील (Sapana Ramprasad Kuril) कराने के लिए समस्त वैधानिक कार्यवाही पूर्ण की है। अत: अब मुझे मेरे सही नाम सपना रामप्रसाद कुरील (Sapana Ramprasad Kuril) के नाम से जाना पहचाना जावे एवं मेरे पिता राम प्रसाद (Ram Prasad) के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

| | |
|---|---|
| सोना | गलत नाम |
| Sona | Incorrect Name |
| सपना रामप्रसाद कुरील | सही नाम |
| Sapana Ramprasad Kuril | Correct Name |

र.नं. 2910

कृति

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./3429/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 24/01/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि क्रेता/आवेदक फैशन शूटिंग्स प्रा.लि. 3 छाबड़ा मेन्सनपुर रोड भीलवाड़ा (राज.) द्वारा डाय. श्री त्रिलोक चंद छाबड़ा आत्मज मोहन लाल छाबड़ा निवासी बी-382 शास्त्री नगर भीलवारा राजस्थान द्वारा मु. आम निलय जैन आत्मज श्री जयकुमार जैन के द्वारा विक्रेता / अनावेदक श्री वोमकेश देव पित्ता स्व. श्री फणीभूषण देव द्वारा मुख्त्यारआम देबाशीश देव आत्मज वोमकेश देव दोनों निवासी 465 जोन्सगंज मढ़ाताल राम मनोहर लोहिया वार्ड जबलपुर से मौजा करमेता नं.ब. 497 प.ह.नं. 26/23 तहसील आधारताल जिला जबलपुर में स्थित भूमि ख.नं.385/1 का रकवा 1.910हे. में से विक्रय रकवा 10489 हे. वर्गफुट भूमि को विक्रय पत्र दिनांक 25.03.2008 के माध्यम से क्रय किये जाने का लेख किया गया है, जिसका राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 10.02.2025 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 24/01/2025
पेशी दिनांक 10/02/2025

अतिरिक्त तहसीलदार
र.नं. 2907 अधारताल, जबलपुर

## न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर (म.प्र.)

राजस्व प्र. क्रमांक- 2338 /अ-6/ 2024-25
जबलपुर, दिनांक 24/01/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण व आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण 1. श्री शमित वर्मा, 2. श्री विक्रम वर्मा दोनों के पिता स्व. डॉ. राम कुमार वर्मा, निवासी- 4/ए, पुष्पक नगर, अधारताल, जबलपुर (म.प्र.) द्वारा श्रीमती कुमुद वर्मा पति डॉ. आर. के. वर्मा की मृत्यु दिनांक 29/12/2024 को हो जाने के उपरांत ग्राम बैतला न.ब.52 प.ह.नं. 22/25 नया 01 रा0नि0म0 जबलपुर-1 तहसील अधारताल जिला जबलपुर के खसरा नम्बर 3/1/8/1 रकवा 2400 वर्गफुट भूमि वारसाना हक से प्राप्त करने के आधार फौती नामांतरण हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, सिजरा, मृत्यु प्रमाण-पत्र, खसरा सहित प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि पर श्रीमती कुमुद वर्मा पति डॉ. आर. के. वर्मा का नाम दर्ज है। तत्संबंध में नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 10/02/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की पदमुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 24/01/2025
पेशी दिनांक- 10/02/2025

नायब तहसीलदार
र.नं.-2906 अधारताल, जबलपुर

## FOR CHANGE OF NAME

It is for general information that I, DAULAT SINGH GOND S/o Late BHOLA SINGH, employed as DBW / Line Mistry (MCM) Ticket No. & Personal No. F-7/115/66054 in F-7 Section of Ordnance Factory Khamaria, Jabalpur (M.P.) 482005, declare that name of mine has been wrongly written as DAULAT SINGH in my Service Record, wrongly written as DOULAT SINGH GOND in my Aadhar Card No. 4648 2648 9553 & my PAN Card No. AJEPG1881E. The actual name of mine is DAULAT SINGH GOND, which may be amended accordingly.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

DAULAT SINGH GOND
Res. H.No.38/A, Nanak Nagar, Manegaon, Khamaria, Jabalpur (M.P.) 482005
RN-2910




र.नं. 2232

देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 05 फरवरी 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# राहुल गांधी का ऐतिहासिक भाषण

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार 3 फरवरी को सदन में एक ऐतिहासिक भाषण दिया, जिसमें आधुनिक विश्व में भारत को आगे ले जाने का पूरा खाका उन्होंने खींच दिया। लगभग पौन घंटे के भाषण में राहुल गांधी ने एक साथ कई पहलुओं को छुआ। विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने की आवश्यकता, चीनी वस्तुओं पर निर्भरता कम करना, इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी भविष्य की तकनीकों को अपनाना, मेक इन इंडिया कार्यक्रम की कमियों को दूर करना और इसके साथ लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने के उपाय, सब कुछ राहुल गांधी के भाषण में समाहित था।

संसद के पिछले कई सत्रों में राहुल गांधी को आक्रामकता के साथ भाषण देते देखा गया है, खास कर नेता प्रतिपक्ष बनने या उससे पहले पिछली सरकार में जब उनकी संसद सदस्यता फिर से बहाल हुई थी, तब अडानी, हिंदुत्व, संविधान और लोकतंत्र पर हो रहे हमले, जातिगत जनगणना ऐसे कई मुद्दों पर राहुल गांधी तीखे तेवर के साथ भाषण देते थे। उनके भाषण अक्सर हिंदी में होते थे, जिसमें सत्तापक्ष काफी टोका-टाकी और व्यवधान डालने की कोशिश करता था। लेकिन इस बजट सत्र में राहुल गांधी का एकदम अलग अंदाज नजर आया। उन्होंने न अपनी आवाज ऊंची की, न वे कहीं विचलित होते हुए दिखे। राहुल गांधी ने भाषण की शुरुआत में ही अपना चुटीला अंदाज भी दिखाया, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने जब उनका नाम लिया, लेकिन कैमरे में नेता प्रतिपक्ष नजर नहीं आए, तो उन्होंने थोड़ा रुककर इंतजार किया कि कैमरा उनकी तरफ घूमे और जब कैमरा उनकी तरफ आया तो उन्होंने ओम बिड़ला और कैमरा को मुस्कुराते हुए डबल थैंक्यू कहा, इस तरह राहुल गांधी ने दिखा दिया कि अब उन्हें उपेक्षित करने की मोदी सरकार की कोशिश कामयाब नहीं होगी। अपने पूरे संबोधन में राहुल गांधी ने अपनी बात कहने के लिए एक स्पष्ट रणनीति, एक सधी हुई भाषा-शैली और एक परिपक्व सोच का परिचय दिया।

सरकार पर हमला या हल्ला बोलने की जगह इस बार उन्होंने सरकार की कमियां दिखाईं, और उन्हें दूर करने ठोस व रचनात्मक सुझाव भी दे दिए। नेता प्रतिपक्ष ने डेटा, उत्पादन और एआई समेत कई मुद्दों पर केंद्र सरकार से कहा कि आपको डेटा पर काम करना चाहिए। हमारे पास प्रोडक्शन (उत्पादन) और कंजप्शन (खपत) तक किसी का भी डेटा नहीं है। अगर हमारे पास डेटा होता तो हमारे विदेश मंत्री को प्रधानमंत्री के निमंत्रण के लिए तीन बार अमेरिका नहीं जाना पड़ता। उनके इस बयान पर संसदीय कार्यमंत्री ने फौरन ऐतराज जताया, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी इस बात के लिए राहुल गांधी की निंदा कर रहे हैं। हालांकि राहुल गांधी से पहले निमंत्रण का मुद्दा सुब्रमण्यम स्वामी उठाते रहे हैं, लेकिन भाजपा ने उन्हें कभी कुछ नहीं कहा। जहां तक राहुल गांधी के बयान का सवाल है, तो यह उन्होंने इस संदर्भ में कहा कि अगर आज भारत तकनीकी तौर पर चीन जितना सक्षम होता तो अमेरिका के आगे कमजोर महसूस नहीं करना पड़ता। और आज की यह कड़वी हकीकत भी है, जिससे केंद्र सरकार मुंह चुरा रही है। यह तथ्य है कि डोनाल्ड ट्रंप ने शी जिनपिंग को खुद फोन कर न्यौता दिया था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को नहीं बुलाया था। और जब श्री मोदी ने अपने दोस्त ट्रंप को बधाई दी और आपसी सहयोग की बात की, उसके बाद ट्रंप ने मंगलवार को अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों की पहली खेप सैन्य विमान में बिठाकर रवाना कर दी। यहां सीधे-सीधे भारत को अपमानित किया गया, लेकिन सरकार इस पर कुछ नहीं कह रही।

बहरहाल, अपने संबोधन में राहुल गांधी ने देश में हुई अहम क्रांतियों का उल्लेख करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की अपने पिता द्वारा शुरू की जा रही कंप्यूटर क्रांति का विरोध किए जाने का जिक्र भी किया, लेकिन साथ ही यह कहना नहीं भूले कि वह वाजपेयी का बेहद सम्मान करते हैं। यानी राहुल गांधी कहीं से भी सरकार से तकरार करने की मुद्रा में नहीं दिखे। जैसे महाराष्ट्र के नतीजों का जिक्र करते हुए जब उन्होंने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए तो कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच 70 लाख नए वोटर जोड़े गए। महाराष्ट्र में जितने पांच साल में जुड़े, उससे ज्यादा आखिरी पांच महीने में जोड़े गए। शिर्डी की एक बिल्डिंग में सात हजार नए वोटर जुड़े। उन्होंने कहा कि मैं कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं, सिर्फ ये कह रहा हूं कि कुछ ना कुछ दिक्कत है। इसके अलावा उन्होंने चुनाव आयुक्त के चयन की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए।

राहुल गांधी ने बेरोजगारी का मुद्दा भी उठाया और यह भी माना कि यूपीए सरकार में भी पर्याप्त काम नहीं हुआ था। यानी नेता प्रतिपक्ष ने केवल एनडीए की गलतियां नहीं गिनाईं अपने दोष भी माने। कुल मिलाकर राहुल गांधी एक दूरदृष्टा के तौर पर सामने आए, जिन्हें देश के बुनियादी मुद्दों की समझ है और समस्याओं के समाधान भी उनके पास हैं।

राहुल गांधी के इस शानदार भाषण के बाद उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री मोदी भी इसी तरह का उच्च स्तरीय जवाब देंगे, लेकिन उनके भाषण ने फिर निराश किया, क्योंकि वे पूरे वक्त कांग्रेस और गांधी परिवार की आलोचना या अपनी वाहवाही में लगे रहे। राहुल गांधी के पिछले दिनों दिए गए भाषणों और बयानों पर ही प्रधानमंत्री जवाब देते रहे। फिर चाहे वह इंडियन स्टेट से लड़ाई की बात हो, राष्ट्रपति के भाषण को बोरिंग कहने वाली टिप्पणी हो या बजट पर राहुल गांधी की बैंडेड वाली प्रतिक्रिया हो। नरेन्द्र मोदी उसी में उलझे रहे। अपने भाषण में श्री मोदी ने गांधी परिवार पर भी निम्न स्तरीय हमला किया। उन्होंने कहा कि आज किसी एस टी परिवार के तीन सदस्य संसद में नहीं हैं, इस तरह प्रधानमंत्री ने गांधी परिवार से तीन सांसदों के होने पर भी निशाना साधा, जबकि इन तीन में से दो, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को तो सीधे जनता ने निर्वाचित किया है और सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। लेकिन श्री मोदी पर गांधी परिवार का खौफ इतना है कि वो अब जनता के फैसलों पर भी सवाल उठा रहे हैं। हालांकि उनसे उम्मीद इस बात की है कि वे विपक्ष द्वारा जनता के लिए उठाए गए सवालों पर जवाब दें।

# अपनों की लाशों पर होती सियासत की अघोर-साधना

भारत ने अपनों की लाशों पर बैठकर अघोर-साधना सीख ली है। जिस सियासत को भारत की करूणा और संवेदना के परम्परागत मूल्यों को आगे बढ़ाना था, उसने सभी को विकास के रास्तों की बजाये सूने श्मशानों की ओर मोड़ दिया है जहां हमारे मूल्यों की लाशें जल रही हैं। सत्ता मज़े से इन चिताओं की आग तापती है और उनके ठंडे होने पर उसकी राख शरीर पर मलकर संन्यासी का रूप धारण कर सम्मान बटोर रही है। देश में चल रही यह अघोर-साधना कुछ दलों को तो तात्कालिक लाभ पहुंचा सकती है पर यकीन मानिये, यह एक दिन पूरे देश को श्मशान में बदलकर रख देगी जिसमें सतत चिताएं जलेंगी और उनमें अघोरियों का राज होगा।

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुम्भ में 29 व 30 जनवरी की दर्मियानी रात को हुई भगदड़ में लोगों के कुचले जाने के बाद जो कुछ हो रहा है, उसे देखकर तो कम से कम यही कहा जा सकता है। बेशक, भारत हादसों का देश है जहां प्रकृतिजन्य हों या मानव जनित, नाना प्रकार की दुर्घटनाएं होती रहती हैं। देशवासियों के जेहन में अनेक ऐसे हादसे हैं जिनमें न जाने कितने लोगों ने जानें गंवाईं या घायल हुए हैं; और यह कोई आज की बात नहीं है, लेकिन ऐसे किसी भी हादसे पर यह देश न तो मुस्कुराता था, न हंसता था, न अट्टहास करता था। नयी बात यह है कि भारतीय समाज की संवेदना का तत्व भाप बनकर उड़ गया है। अब उसे किसी भी दुर्घटना पर गम नहीं होता। पुलों के गिरने से लोग मरें चाहें बाढ़ में बह जायें, एक के बाद एक ट्रेनें पलटती जायें या भीड़ में लोग दब जायें, कोरोना में जनता मारी जाये या नावें डूब जायें- अब वह न संवेदना प्रकट करता है और न ही उसकी करूणा जागती है- वह उसमें धर्म, जाति, सम्प्रदाय और राजनीति का एंगल ढूंढ़ता है। किसी भी दुखद घटना पर पहले भारत बिलखता था, पर अब बड़ी से बड़ी त्रासदी को वह टॉनिक की तरह पीता है और ताकत बटोरता है। बस, यही नया भारत है! यही उसकी अघोर साधना है जिसमें वह राजनीति के पंच-मकार का सेवन कर रहा है। छल-प्रपंच वाली सियासत का मल-मूत्र हो या जनता का मांस, सत्ता की मदिरा हो या फिर अपवित्र सियासी गठबन्धनों से मिलने वाला मैथुन सा सुख- उसके लिये अब कुछ भी वर्जित नहीं रहा।

वर्तमान राजनीति का सबसे दुखद पहलू यह है कि देश को यत्नपूर्वक करूणा और संवेदना की उस उदात्त परम्परा से अलग किया जा रहा है जिसके कारण भारत का दुनिया भर में मान है। यह सम्मान ढाई हजार साल पहले गौतम बुद्ध और महावीर ने देश के लिये आविष्कृत किया था। जब उसे भारत भूलता जा रहा था तो महात्मा गांधी एक रिमाइंडर की तरह आये जिन्होंने इसी रास्ते पर चलते हुए दुरूह किस्म की स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी। एक तरफ आजादी का संघर्ष चलता रहा तो दूसरी ओर संवेदना और उससे ऊपजे समानता, बन्धुत्व, धर्मनिरपेक्षता सदृश्य मूल्यों को भी भारत ने संजोये रखा था। आजादी के बाद हमारे राष्ट्र निर्माताओं ने जिन मूल्यों पर देश के नवनिर्माण का ब्लू प्रिंट तैयार किया उनमें सत्य व अहिंसा के साथ स्वतंत्रता, समानता, बन्धुत्व, घर्मनिरपेक्षता, समाजवाद जैसे तत्व प्रमुख थे जो अंततः संवेदना-करूणा पर ही आधारित होते हैं।



डॉ. दीपक पाचपोर

> यहदरअसल एक पूरा पैकेज है जो लोकतंत्र कहलाता है। इन मूल्यों का संरक्षण एक जनतांत्रिक प्रणाली में ही सम्भव है। इसलिये पिछले करीब आठ दशकों में कई सरकारें आयीं परन्तु किसी ने इन तत्वों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं की थी। कोई भी सत्ता न निर्मम हुई और न ही उसने अपनी प्रजा को हिंसक या नफरती बनने के लिये उकसाया या उसका मार्गदर्शन किया।

यह दरअसल एक पूरा पैकेज है जो लोकतंत्र कहलाता है। इन मूल्यों का संरक्षण एक जनतांत्रिक प्रणाली में ही सम्भव है। इसलिये पिछले करीब आठ दशकों में कई सरकारें आयीं परन्तु किसी ने इन तत्वों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश नहीं की थी। कोई भी सत्ता न निर्मम हुई और न ही उसने अपनी प्रजा को हिंसक या नफरती बनने के लिये उकसाया या उसका मार्गदर्शन किया। इसी मार्ग पर चलकर भारत ने जो प्रगति की उससे साबित हुआ कि ये मूल्य भौतिक जीवन को भी बेहतर बनाने में मददगार हैं। इसके पीछे एक और बड़ा कारण यह भी है कि हमारे राजनीतिक पुरखे देश को आधुनिक बनाना चाहते थे और आधुनिकता की सबसे बड़ी पहचान संवेदनशीलता है। औद्योगिक क्रांति के साथ प्रारम्भ नवयुग के दौरान हुए अनेक दार्शनिकों, विचारकों एवं सुधारवादी नेताओं ने समाज और व्यवस्था को मानवीय चेहरा पहनाने के जो उपक्रम किये, वही देश में संवेदना की विस्तार यात्रा है और निरंतरता भी। मानवीय संवेदना को संरक्षित रखने और विकसित होने के लिये विशिष्ट सामाजिक व्यवस्था की आवश्यकता होती है। राजतंत्र, सामंती व्यवस्था या तानाशाही- ये सारी प्रणालियां संवेदना शून्य होकर ही स्थापित होती हैं और निष्ठुर होकर काम करती हैं। हिंसक गतिविधियां, अमानवीयता, निर्ममता, शोषण, उत्पीड़न और विरोधियों का दमन इनके पाये होते हैं। स्पष्ट है कि जिस व्यवस्था में लोकतंत्र रहेगा वहीं मानवीय संवेदनाएं संरक्षित-संवर्धित हो सकती हैं और जनता द्वारा उसकी मांग भी सम्भव है। इसी शासन प्रणाली में एक संवेदनशील समाज निर्माण की सर्वाधिक सम्भावनाएं होती हैं।

दुर्भाग्य से कुछ शक्तियों का रास्ता इस वैचारिकी से अलग है। अनेक संगठन एवं व्यक्ति ऐसे हैं जिनके लिए उदाता का मतलब कमजोरी है। अहिंसा उनके लिये कायरता, समानता अवांछनीय, धर्मनिरपेक्षता तुष्टिकरण तथा बन्धुत्व अस्वीकार्य है। पिछले दशक भर से हमारे लोकतांत्रिक जीवन के सारे ही कोमल तत्व सुनियोजित तरीके से समाप्त किये जा रहे हैं। माना यह जाने लगा है कि देश केवल बहुसंख्यकों की मर्जी से ही चलेगा तथा अल्पसंख्यकों का दर्जा दोयम नागरिकों का रहेगा। देश में दो तरह के कानून चलेंगे। शक्तिशाली व सत्ता से जुड़े लोगों के लिये अलग तथा वंचितों व कमजोर लोगों के लिये अलहदा। कहने को तो देश में संविधान और कानून है लेकिन वह सबके लिए बराबर है, अब यह कोई नहीं कह सकता। देश अब चंद लोगों के हाथों में है जिसका संचालन अब कार्पोरेट लॉबी करती है। सारी सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक व्यवस्थाएं केंद्रीकृत हो गयी हैं। इस व्यवस्था को बनाने के लिये राज्य आधारित हिंसा तथा प्रशासकीय क्रूरता ज़रूरी होती है तथा ऐसी जनता तैयार की जाती है जो संवेदनहीन हो। धर्मांधता, जातीयता और साम्प्रदायिकता जब बढ़ती है तो परस्पर नफ़रत और घृणा में भी इज़ाफ़ा होता है। इन सबका उत्स और केन्द्र सत्ता होती है, अतः इस मानसिकता के साथ तैयार हुई जनता यह मान लेती है कि जो नज़रिया सत्ता का है, वही उसका भी होना चाहिये- यही देशभक्ति है, यही धर्म की सेवा है। अपनी शक्ति को बरकरार रखने के लिये सत्ताएं भी अपने समर्थकों को नफ़रती व हिंसक बनाती हैं; और इस प्रक्रिया की शुरुआत संवेदनहीनता से होती है। पिछले दशक भर का इतिहास देखें तो बलात्कारियों के स्वागत से लेकर उनके साथ खड़े होने और उनका समर्थन देने का रहा है। कोरोना में न जाने कितने लोग नदियों में बहा दिये गये या रेत में दफ़न हुए- नागरिक सवाल पूछने की बजाये सत्ता के साथ रहे। अब महाकुम्भ की त्रासदी में अपने ही देश के नागरिकों की मौत पर लोग संजीदा न होकर उसमें राजनीतिक एंगल खोज रहे हैं। कोई बाबाजी कहते हैं कि यहां मरने से मोक्ष मिलेगा तो कोई सवाल करने वाले शंकराचार्य को अपशब्द कह रहा है। संवेदना ही पशुता और मानवता के बीच की विभाजन रेखा खींचती है। भारत की विश्व भर में इसी मूल्य के कारण बड़ी धाक है। यह दुखद है कि भारत इस मूल्य को क्षुद्र राजनीति के चलते त्याग रहा है। बगैर करूणा व संवेदना के भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# निम्न और मध्यम वर्ग को सिर्फ़ कर में छूट देना मांग को बढ़ाने के लिए पर्याप्त नहीं

■ अंजन रॉय

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के आठवें बजट के बारे में एकमात्र बड़ा विचार 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट की घोषणा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह 7 लाख रुपये की छूट सीमा से बहुत बड़ी छलांग है। हालांकि इसमें एक राजनीतिक पेंच है।

लेकिन एक तरह से यह दिल्ली बिजली शुल्क के बारे में आप की अवधारणा से उधार लिया गया है। यानी, अगर आय 12 लाख रुपये से एक रुपया ज़्यादा है, तो 4 लाख रुपये की आय से आगे कर की प्रगतिशील दर लागू होगी।

मान लीजिए, 12 लाख रुपये की आय में एक रुपया और जोड़ने पर, व्यक्ति को 4 लाख रुपये से ज़्यादा की आय पर प्रगतिशील पैमाने पर 5प्रतिशत की दर से कर देना होगा। संभवतः, यह उम्मीद करते हुए कि 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को पूरी कर छूट मिलेगी, सवाल यह है-'क्या इससे घरेलू मांग बढ़ेगी?'

> सरकार घरेलू विनिर्माण में एक बड़ा कदम उठाने की उम्मीद कर रही है जो अब तक साकार नहीं हुआ है। इसके बजाय, बजट अब विनिर्माण की चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ रोजगार बढ़ाने के लिए छोटे और मध्यम क्षेत्र को मजबूत करने और अधिक रोजगार सृजन गतिविधियों की ओर अग्रसर है। बजट कम से कम उस दृष्टिकोण को दर्शाने का प्रयास करता है।

यह देखते हुए, वर्तमान आयकरदाताओं में से 85प्रतिशत को कर के भुगतान से छूट मिलनी चाहिए। सरकार इस बदलाव पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान देगी।

इसे मध्यम वर्ग का बजट कहा जा सकता है, जिसमें उच्च महत्वाकांक्षाओं और बयानबाजी की कमी है। यह राजकोषीय विवेक पर जोर देता है और निजी क्षेत्र के निवेश पर जोर देता है। कुल मिलाकर बजट रूढ़िवादी लगता है। बयानबाजी की कमी शेयर बाजार की धीमी प्रतिक्रिया में झलकती है।

उन्होंने 'लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और मांग' को महत्वपूर्ण स्तंभों के रूप में देखा था। उन्होंने शुरू में ही अपना मूल उद्देश्य बताते हुए कहा था-'यह बजट विकास को गति देने, समावेशी विकास को सुरक्षित करने, निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने, घरेलू भावनाओं को ऊपर उठाने और भारत के उभरते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाने के लिए हमारी सरकार के प्रयासों को जारी रखता है'।

इस तरह, वह बढ़ती घरेलू मांग, घरेलू निजी निवेश और जमीनी स्तर पर घरेलू लघु और मध्यम उद्यमशीलता की उम्मीद कर रही थी। बजट ने लघु और मध्यम क्षेत्र को महत्व दिया है।

यह सर्वोत्कृष्ट आपूर्ति पक्ष अर्थशास्त्र है। इसका एक बेहतरीन उदाहरण तब था जब राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने अमेरिकियों को बड़े कर कटौती की पेशकश की थी और वे मांग में भारी उछाल के साथ वापस आये और अमेरिकी आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया।

कुल मिलाकर, छूट में उछाल को छोड़कर, कराधान दरों को अछूता छोड़ दिया गया है। क्या निम्न और मध्यम वर्ग के लिए आयकर रियायत समग्र घरेलू मांग को बढ़ावा देगी और भारत को आगामी ट्रम्प स्टॉर्म टैरिफ और एक अशांत वैश्विक अर्थव्यवस्था से पार पाने में मदद करेगी?

31 जनवरी को जारी आर्थिक सर्वेक्षण में, यह सवाल उठाया गया था और इसका उत्तर मांगा गया था। सर्वेक्षण ने तर्क दिया था कि वैश्विक स्थिति बिगड़ रही है या कम से कम वैश्वीकरण पीछे हट रहा है। इसलिए, घरेलू मांग को और बढ़ावा देने की आवश्यकता थी।

भारत मुख्य रूप से घरेलू मांग के दम पर बढ़ रहा है। निर्यात केवल अवशिष्ट हो सकता है। चीन को उम्मीद है कि घरेलू मांग बढ़ने से उसे राहत मिलेगी, जो उसे अब तक नहीं मिल पाई है। साथ ही, वित्त मंत्री ने भारत के निर्यात हितों की रक्षा करने की कोशिश की है। उन्होंने सीमा शुल्क दरों और ढांचे में कुछ बदलाव किये हैं, जिन्हें ट्रंप के अमेरिका से बाधाओं के खतरे के साथ सशर्त बातचीत के रुख के लिए शुरुआती रुख कहा जा सकता है।

करों को लेकर उत्साह को अलग रखते हुए, बजट भाषण कृषि क्षेत्र, यात्रा और पर्यटन, स्वास्थ्य और खनन के लिए कुछ छोटी-मोटी परियोजनाओं और प्रस्तावों की पुनरावृत्ति की तरह लग रहा था। अतिशयोक्ति न करते हुए, अंततः यह फायदेमंद भी हो सकता है। कैसे?

वित्त मंत्री ने कृषि क्षेत्र को विकास के पहले इंजन के रूप में महत्व दिया है। वित्त मंत्री ने मूल्यवर्धित कृषि को प्रोत्साहित करने की कोशिश की है। मछली पालन, फल और सब्जियां तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को विकसित करने की कोशिश की गयी है। घरेलू उद्योग के लिए, बजट घरेलू मांग के सृजन पर अपनी उम्मीदें टिकाये हुए है, जो अकेले ही नये निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा दे सकता है। आखिरकार, अगर राजकोषीय घाटे को बनाये रखना है, तो सरकारी खर्च में वृद्धि नहीं हो सकती। बजट में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं या अन्य सार्वजनिक निवेशों में बड़े सार्वजनिक निवेश की घोषणा नहीं की गयी है।

सरकार घरेलू विनिर्माण में एक बड़ा कदम उठाने की उम्मीद कर रही है जो अब तक साकार नहीं हुआ है। इसके बजाय, बजट अब विनिर्माण की चुनौतियों का सामना करने के साथ-साथ रोजगार बढ़ाने के लिए छोटे और मध्यम क्षेत्र को मजबूत करने और अधिक रोजगार सृजन गतिविधियों की ओर अग्रसर है। बजट कम से कम उस दृष्टिकोण को दर्शाने का प्रयास करता है।

हालांकि, ब्लॉक में एक नया बच्चा तथाकथित 'मॉड्यूलर परमाणु ऊर्जा संयंत्र' और इस प्रयास में निजी क्षेत्र की भागीदारी है। वह मोलर परमाणु संयंत्रों में अधिक उदार विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का संकेत दे रही है। छोटे परमाणु ऊर्जा संयंत्र एक प्रमुख खिलाड़ी हो सकते हैं।

यदि भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता में आगे बढ़ना है तो यह एक निर्णायक कारक हो सकता है। बिजली की आसान उपलब्धता के आधार पर एआई विकसित हो सकता है।

सरकार सार्वजनिक निजी भागीदारी पर भरोसा कर रही है। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में निवेश काफी आगे बढ़ाना जरूरी था। परन्तु सरकार ने बुनियादी ढांचे में बड़े सार्वजनिक निवेश की घोषणा करने में कोई बड़ा कदम नहीं उठाया है।

सीतारमण ने राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.4प्रतिशत पर रखा है, जबकि बजट अनुमान 4.8प्रतिशत था। यह मुख्य रूप से जीएसटी संग्रह में उछाल के कारण संभव हो सकता है। इस तरह के नियंत्रित घाटे से निजी क्षेत्र को धन जुटाने के लिए बड़ा अवसर मिलेगा। अंत में, हर बजट बड़ी घोषणा वाला नहीं हो सकता। यह बजट छोटे-छोटे कदमों के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करता है ताकि एक बड़ी छलांग लगायी जा सके।

## आपके पत्र

# गांव में विकास के लिए सड़क जरूरी

1 फरवरी को प्रस्तुत केन्द्रीय बजट में ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अन्य ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के तहत लगभग 70,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस राशि का उपयोग देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क को मजबूत करने और बुनियादी ढांचे के विकास में किया जाएगा। दरअसल आज भी हमारे देश में कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां सड़क का अभाव है। इनमें उत्तराखंड भी शामिल है। इस पहाड़ी राज्य के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां सड़कों का अभाव विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई हैं। राज्य के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक का सुराग और भगदानू गांव इसका उदाहरण है। सुराग पंचायत स्थित इन दोनों गांवों की सड़कें आज भी बदहाल स्थिति में हैं। इन ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन अभी तक इसका कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

गांव में सड़क नहीं होने के कारण बहुत सारी कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी बारिश के दिनों में होती है जब कच्ची सड़क होने के कारण वह फिसलन भरी हो जाती है। जिस पर से इंसान और जानवरों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। मवेशी पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक बड़ा माध्यम होता है। प्रतिदिन मवेशियों को चराने के लिए पहाड़ों पर ले जाना पड़ता है लेकिन बारिश के दिनों में अक्सर मवेशी कच्ची सड़क से फिसल कर पहाड़ के नीचे गिर जाते हैं। बहुत ही मुश्किल होता है ऐसे समय में हमें अपने कामों को करना। पहाड़ों पर जब बारिश होती है तो कई दिनों तक चलती है, ऐसे में मवेशियों को भूखा नहीं रखा जा सकता है अगर पक्की सड़क होती तो ग्रामीणों का जीवन भी आसान होता।

सड़कों का जाल पहाड़ों की जीवन रेखा माना जाता है, लेकिन उत्तराखंड के दूरस्थ गांवों में सड़क कनेक्टिविटी अब भी एक चुनौती बनी हुई है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने सड़कों के निर्माण पर जोर दिया है, लेकिन विभिन्न कारणों से कई सड़कें आज भी अधूरी पड़ी हैं। करीब 500 की आबादी वाले सुराग गांव के लोगों को भी सड़क का इंतज़ार है। इस संबंध में 45 वर्षीय नंदी देवी बताती हैं कि -सुराग गांव के लिए स्वीकृत सड़क का निर्माण अभी तक नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीणों में निराशा है। हालांकि इसके लिए गांव वालों ने कई बार शासन-प्रशासन से मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। हालांकि सुराग से भगदानू जाने वाली सड़क का सर्वेक्षण भी किया जा चुका है, लेकिन इसके बाद कोई ठोस प्रगति नहीं हुई.ज वह कहती हैं कि सड़क नहीं होने से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को होती है, जिन्हें जरूरत के समय गाड़ी उपलब्ध नहीं हो पाती है। सड़क नहीं होने के कारण कोई भी गाड़ी इस क्षेत्र में आने को तैयार नहीं होती है। बरसात के दिनों में कच्ची सड़कें पूरी तरह से कीचड़ में बदल जाती है, जिससे गाड़ियों का आवागमन बहुत मुश्किल हो जाता है।

सड़क की खराब हालत पर 10वीं में पढ़ने वाली गांव की एक किशोरी भावना रावल कहती है कि -हमारा स्कूल राजकीय इंटर कॉलेज, सैलानी गांव से लगभग 9 किमी दूर है। जहां पहुंचने के लिए मुझे रोजाना 5 किमी इसी कच्ची सड़क से होकर जाना पड़ता है। रोड नहीं होने की वजह से यहां गाड़ियां नहीं चलती हैं। अन्य मौसम में हमें बहुत अधिक दिक्कत नहीं होती है लेकिन बारिश के दिनों में हम बच्चे अक्सर कीचड़ से सने स्कूल ड्रेस में स्कूल पहुंचते हैं। उत्तराखंड में अब तक कुल 33,512 किमी सड़कों का निर्माण किया जा चुका है, और 171 किमी नई सड़कों के निर्माण का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए रखा गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिछले दो वर्षों में राज्य में 1,481 किमी नई सड़कें बनी हैं, जिससे 519 नई सड़कों और 195 पुलों का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों को मिला है। इससे दूरस्थ गांवों को मुख्य सड़कों से जोड़ा गया है, जिससे यहां शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के अवसरों में वृद्धि हुई है। लेकिन सुराग और भगदानू गांवों की सड़कें आज भी बदहाल स्थिति में हैं, जिससे स्थानीय लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि केन्द्रीय बजट में जिस प्रकार से ग्रामीण सड़कों के विकास के लिए एक बड़ी राशि आवंटित की गई है, उससे आशा की जा सकती है कि इसका लाभ उत्तराखंड के इन दूरस्थ गांवों को भी मिलेगा. इसके अतिरिक्त यदि सरकार, प्रशासन और स्थानीय लोगों की भागीदारी से सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता दी जाए, तो जल्द ही ऐसे गांवों में विकास की नई रोशनी पहुंच सकती है।

**-हेमा रावल, सुराग उत्तराखंड**



## ललित सुरजन की कलम से

# इस्लाम बनाम आतंकवाद

*'एक तो इस तथ्य पर गौर करना चाहिए कि दुनिया में धर्म के नाम पर राष्ट्रों का निर्माण कब कैसे हुआ। इतिहास में बहुत पीछे न जाकर बीसवीं सदी की ही बात करें तो ऐसा क्यों हुआ कि लगभग एक ही समय में धर्म पर आधारित दो देशों का उदय हुआ। मैं इस बात को कुछ समय पूर्व लिख चुका हूं कि इस्लाम पर आधारित पाकिस्तान और यहूदी धर्म पर आधारित इजरायल दोनों की स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध के तुरंत बाद हुई। इनके निर्माण की पृष्ठभूमि क्या थी? पाकिस्तान के बारे में भारतवासी बहुत कुछ जानते हैं। वे ये भी जान लें कि इजरायल की स्थापना में भी उन्हीं साम्राज्यवादी पश्चिमी ताकतों का हाथ था। हिन्दी में इस विषय पर बहुत कम लिखा गया है, लेकिन जिज्ञासु पाठक महेन्द्र कुमार मिश्र की पुस्तक फिलिस्तीन और अरब इसराइल संघर्ष पढ़ सकते हैं। अंग्रेजी समझने वाले पाठक गीता हरिहरन द्वारा संपादित पुस्तक फ्रॉम इंडिया टू पैलेस्टाइन -एसेज इन सॉलीडरीटी (भारत से फिलिस्तीन- एकजुटता में निबंध) पढ सकते हैं। इस्लाम की एक गंभीर अध्येता करेन आर्मस्ट्रांग ने इस विषय पर अनेक पुस्तकें लिखी हैं। उनका मानना है कि धर्म के नाम पर जितना खून- खराबा हुआ है उससे कई गुना अधिक हिंसा दूसरे कारणों से हुई है जिनमें एक कारण जनतंत्र की रक्षा करना भी गिनाया गया है।'*

**(अक्षर पर्व दिसंबर 2015 अंक की प्रस्तावना)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/12/blog-post_13.html

## पावन प्रसंग

# दुख को अभिशाप न मानिए

मानव मन बड़ा संवेदनशील है। वह जहां प्रकृति के सौंदर्य को देखकर प्रसन्न हो उठता है वहीं सांसारिक क्लेशों से विक्षुब्ध भी हो जाता है तथा सोचता है कि सृष्टा की इस सृष्टि की इस अनुपम कृति में दुखों का प्रादुर्भाव कहां से हो गया? अनेकों व्यक्ति इसका समाधान अपनी बुद्धि के अनुसार जनम-जन्मान्तरों से संबंध जोड़ते हुए प्रस्तुत करते हैं। प्रचलित मान्यताएं भी यही है कि पूर्वजन्मों के संचित सुकर्म-दुष्कर्म ही बाद के जीवन में सुख-दुख की परिस्थितियों का सृजन करते हैं। भाव-अभाव, सांसारिक सुख-दुख एवं उपलब्धियों-कमियों के विषय में यह तथ्य पूर्णतः सत्य है। पौराणिक मान्यता है कि कर्मफल देने वाले देवता के यहां भाग्य की पुस्तक में सभी मनुष्यों के कर्म लिखे जाते हैं। इसी से स्वर्ग-नरक का निर्धारण होता है परंतु इससे भी अधिक मान्यता ऐसे सिद्धांत की है, जिसके अनुसार प्रत्येक कर्म का फल किसी न किसी प्रकार का संचित संस्कार बनाता है और मनुष्य का भावी जीवन उसी संस्कार के अनुरूप होता है। समाज में अगणित पापी सुखी जीवन व्यतीत करते दीखते हैं तो कई धर्मात्मा कष्ट सहते हुए दृष्टिगोचर होते हैं। कर्मों की यह श्रृंखला यदि यहीं समाप्त हो गई होती तो बड़ा अन्याय होता। इसीलिए पुनर्जन्म और कर्मफल का अन्योन्याश्रय संबंध माना गया है। इसी संसार में सुख और दुख की अनुभूति ही नरक और स्वर्ग है जो मनुष्य को अपने कर्मानुसार सृष्टि के नियम के अधीन प्राप्त होते हैं।

सृष्टि के जिन तत्वों से भौतिक शरीर का संबंध है, उसी के साथ दुख के तत्व सुख के साथ ही आ जुड़े हैं। वस्तुतः अपूर्णता का दूसरा नाम ही दुख है। समस्त मनुष्यों के अंतःकरण में यही अनुभूति गंभीर रूप से विद्यमान होने से मनुष्य दुख की ही पूजा करता आया है, आराम की नहीं। महापुरुषों का उज्जवल इतिहास साक्षी है कि उनका विकास, व्यक्तित्व का परिष्कार एवं उत्थान दुखों के बीच ही हुआ है। उसमें पलकर-बढ़कर ही वे दृढ़ता-महानता जैसे गुण उपार्जित कर सके, जिससे समाज को नई दिशा मिली। सद् उद्देश्य के लिए दुख की सहज स्वीकृति ही साधना है। वही तपस्या भी है। तप के कारण जो कष्ट मिलता है, वह यों दुख जैसा प्रतीत होता है किन्तु उसमें असमर्थ की आंखों से टपकने वाली कातरता नहीं है। यह तो रूद्र तेज से उद्दीप्त आलोक है, ताप है, गति है, प्राण है, जिसमें अनादिकाल से मानव के जीवन प्रवाह को गतिमान रखता है। यह दुख मानव की दुर्बलता या असफलता की परिचायक नहीं है, वरन विकास का आधार है। यह दुख ही मनुष्य को नूतन सृजन के लिए, पुरुषार्थ करने के लिए प्रेरित करता है। यह कर्मप्रेरक दुख ही मानव समाज में चक्रपथ में घूमकर नवसृजन की परिस्थितियों का निर्माण करता है। जिस प्रकार ईंटों को मजबूती देने के लिए अग्नि,में पकाया जाता है, उसी प्रकार तपरूपी ताप में पककर मानव दृढ़ एवं साहसी बनता है। दुख अभिशाप नहीं, वरदान है। मनुष्य आत्मा की पूर्णता त्याग से दान से एवं तपस्या के द्वारा ही प्राप्त करता है। मनुष्य ने जो कुछ निर्माण किया है, तप से ही किया है। समस्या तब आ खड़ी होती है, जब उद्देश्यपूर्ण कष्ट से मनुष्य असंतुलित हो जाता है। निवारणार्थ प्रयत्न करने एवं पुरुषार्थ करने के स्थान पर वह निराश होकर निषेधात्मक मार्ग अपनाता है। वस्तुतः मानव उत्थान का अब तक का इतिहास यही बताता है कि दुखों की मंजिल से गुजरकर ही मनुष्य वर्तमान की संपन्न स्थिति तक पहुंच सका है। प्रतिकूलताओं की चुनौती को मानव ने स्वीकार किया; मछली की तरह धारा को उलटी दिशा में चीरते हुए प्रवाह बदलते हुए वह अभीष्ट परिस्थितियों का सृजन करते हुए वर्तमान विकसित स्थिति तक पहुंच सका है।

**-युग निर्माण योजना**

# गगनभेदी जयकारों के बीच मनाया मां नर्मदा का प्राकट्योत्सव







मां नर्मदा के गौरीघाट एवं अन्य घाटों में चुनरी चढ़ाकर पूजन किया गया। इसमें मंत्रीगणों में राकेश सिंह, प्रहलाद पटैल, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर शामिल हुये।

## कई जगह भंडारा-प्रसाद के लगाये गये थे पंडाल, लाइन लगाकर भक्तों ने प्रसाद पाया

जबलपुर, देशबन्धु। नगर में मंगलवार 4 फरवरी को मां नर्मदा का प्राकट्योत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। जगह-जगह मां नर्मदा की प्रतिमाओं को विराजित किया गया था। पंडालों को आकर्षक रूप से सजाया गया था। हर तरफ मां नर्मदा की स्तुती के साथ उनकी जयकारा लगाये जा रहे थे। साथ ही डीजे की धुनों पर भक्त मां की आराधना में डूबे हुये थे। नर्मदा के तटों में विशेष रूप से कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। जहां पर भक्तों की भारी भीड़ हर तरफ नजर आ रही थी। भंडारों के अनेक स्टॉल लगाये गये थे जहां पर भक्तों को विविध प्रकार के व्यंजन परोसे गये थे। जयकारों के साथ भक्त मां नर्मदा के झंडा और चुनरी लेकर पहुंच रहे थे। प्रमुख रूप से विजय नगर, कृषि उपज मंडी, दीनदयाल अंतर्राज्यी बस स्टेंड, आईटीआई तिराहा, शिवनगर के साथ ही शहर के दूसरे स्थानों पर भंडारे के आयोजन किये गये।

पुण्य सलिला जीवनदायिनी मां नर्मदा की अविरल धारा हमे जीवन देने के साथ ही हमारे जीवन में समृद्धि और खुशहाली देती है, हम सौभाग्यशाली है कि मां के तट के किनारे हमे रहने का अवसर हमे मिला, इसीलिए आज उनके प्राकट्योत्सव पर हमे मिलकर संकल्प लेना होगा कि मां नर्मदा को स्वच्छ और निर्मल रखेंगे और दूसरो को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। यह बात लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने मां नर्मदा प्राकट्योत्सव के अवसर पर नर्मदा तट गौरीघाट में कही। शाम को गौरीघाट में महाआरती हुई।

नर्मदा प्राकट्योत्सव पर संतो के सानिध्य और लोक निर्माण मंत्री के नेतृत्व में रेतनाका से गौरीघाट तक मां नर्मदा की प्रतिमा को विराजित कर रथयात्रा निकाली गई। पूरे यात्रा मार्ग में मंत्री श्री सिंह नंगे पैर प्रारंभ स्थल से गौरीघाट तक रथ को खींचते हुए गए।

इस अवसर पर पूज्य स्वामी गिरिशानंद जी महाराज, पूज्य कालीनंद जी, पूज्य राम भारती जी, पूज्य बुधेश्वरानंद जी महाराज के साथ नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, लेखराज सिंह मुन्ना, पंकज दुबे, रजनीश यादव, अभय सिंह, अरविंद पाठक, ओंकार दुबे, मनीष दुबे, कौशल सूरी, योगेंद्र सिंह ठाकुर रूपा राव, संतोष यादव, शैलेंद्र विश्वकर्मा, प्रणय गुप्ता, प्रशांत दुबे गुल्लन, शारदा कुशवाहा, मालती चौधरी, डॉक्टर संजय चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नर्मदा जयंती पर आज सुबह गौरीघाट पहुँचकर पुण्य सलिला माँ नर्मदा के दर्शन किये और पूज्य दादा गुरु के सान्निध्य में पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू भी उनके साथ थे।

नर्मदा जयंती के अवसर पर मंत्री श्री पटेल सिद्धघाट में दादागुरू के साथ चल रहे नर्मदा परिक्रमावासियों के कार्यक्रम में भी शामिल हुये। उन्होंने सभी परिक्रमावासियों को नमन किया तथा नर्मदा जयंती और नर्मदा प्रगटोत्सव की बधाई दी। श्री पटेल ने कहा कि सिद्धघाट माँ नर्मदा के उन पुत्रों का साधना स्थल है जिसे हम साक्षात तौर पर दादा गुरु के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि जीने के लिये जितनी चीजें जरूरी है उन सबका त्याग कर दादा गुरु ने जो जीवन समाज के सामने रखा वह कोई चमत्कार नहीं बल्कि माँ नर्मदा की ही कृपा है।

### मां नर्मदा जयंती पर नगर और उपनगरीय क्षेत्रों में भंडारों का आयोजन

पतित पावनी मां नर्मदा जयंती पर जबलपुर नगर और उपनगरीय क्षेत्रों में सैकड़ों भंडारों का आयोजन किया गया। विदित हो कि बीते करीब तीन दशकों से संस्कारधानी में नर्मदा जयंती का पर्व मनाया जा रहा है। बीते वर्षों में यह पर्व साल दर साल भव्य होता गया।

मां नर्मदा के तट पर बसे जबलपुर नगर को यदि धर्माधानी कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। परंपरा के अनुसार नगर और उपनगरीय क्षेत्रों में स्थापित की गई मां नर्मदा की भव्य, मनोहारी और नयनाभिराम प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। प्रतिमा स्थापना स्थलों पर भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया । इस धार्मिक आयोजन से पूरे नगर का माहौल धर्ममय हो गया।

**मकरवाहिनी मंदिर आस्था का केंद्र-** नगर के पान दरीबा में स्थापित मां मक्रवाहिनी मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां पर स्थापित प्रतिमा करीब 14 सौ साल पुरानी बताई जाती है।

नगर की सिटी कोतवाली के निकट भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इसी प्रकार घोड़ा नक्काश, बटुक भैरव मंदिर हनुमानताल, दरहाई, सुनरहाई, साठिया कुआं, बेलबाग पुलिस थाने के समीप, घमापुर, सुपरमार्केट सहित अनेक स्थानों पर मां नर्मदा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। इसके अलावा उपनगरीय इलाके अधारताल, कांचघर, रांझी, गढ़ा, मैं भी प्रतिमा स्थापना की गई है।

**नगर में जगह,जगह भंडारों का आयोजन-** नगर में प्रतिमा स्थलों में भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में भक्त जनो ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। शाम होने से पूर्व ही अनेक स्थानों पर भंडारे शुरू हो गए। जहां पर आबाल वृद्ध नर नारियों ने बाकायदा पंक्तिबद्ध होकर भंडारा ग्रहण किया। इसके साथ ही नगर भर में भक्तजनों ने अनेक स्थानों पर भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया।

### रेत नॉका से बेरीकेट्स लगाये

प्रशासन ने गौरीघाट में जाम की स्थिति से बचने के लिये वैसे तो कई जगह बेरीकेट्स लगाये गये थे, रेत नाका के आगे वाहनों का आना जाना रोक दिया गया था। यहां से पैदल ही श्रद्धालुओं को घाट की तरफ जाने दिया जा रहा था। इस दौरान बुजुर्ग जनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस दौरान कई बार पुलिस जवानों और लोगों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी।

### शास्त्री ब्रिज सहित कई जगह पर जाम लगा

वैसे तो नगर के कई स्थानों पर भंडारा और अन्य तरह के धार्मिक आयोजन के चलते जाम की स्थिति बन गई थी, लेकिन सबसे ज्यादा शास्त्री ब्रिज के दोनो तरफ जाम लग रहा था। इससे वाहन चालकों को असुविधा हुई। जाम को खुलवाने के लिये पुलिस के जवानों को कई बार मशक्कत करनी पड़ी। इस बीच नर्मदा जयंती को देखते हुये प्रशासन के आला अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाये हुये थे।



### नर्मदा जयंती पर विशाल भंडारे का आयोजन



न्यू जबलपुर गारमेंट्स मैन्युफैक्चर एसोसिएशन जबलपुर द्वारा मां नर्मदा जयंती प्राकट्योत्सव के उपलक्ष में रामपुर साई मंदिर एच.डी.एफ.सी. बैंक के ठीक सामने विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, अध्यक्ष इकबाल भाई ने बताया कि नर्मदा जयंती पर हम लोग विगत 6 सालो से मनाते आ रहे हैं हर बार भक्तों के लिए भंडारा वितरित करते आ रहें हैं, और हम लोग नर्मदा मैया का केक काटकर आज के दिन जन्मोत्सव भी मानते हैं, इस अवसर पर अध्यक्ष इकबाल भाई, उपाध्यक्ष ईश्वर दास वासवानी, सचिन ताजा राम चौधरी, जितेंद्र पटेल, एडवोकेट आशीष रावत, एडवोकेट प्रदीप राठौर, संतोष तिवारी, नरेश रजक, लक्ष्मण रैदास, सुरेश रजक, रमाकांत प्रजापति, अबरार भाई, इसरार भाई, नीरज, दिनेश, दिलीप, एवं समस्त व्यापारी गण मौजूद रहे।

### धर्ममय आयोजन में शामिल हुये विधायक डा. अभिलाष पांडे



माघ मास की शुक्ल पक्ष की सप्तमी के शुभ अवसर पर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने शहर के विभिन्न धार्मिक आयोजनों में सम्मिलित होकर मां नर्मदा का आशीर्वाद लिया एवं प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को मां नर्मदा अपने आशीर्वाद से अभिसिंचित करते हुए प्रवाहमान बनाए रखनें की प्रार्थना की। विधायक डॉ पांडे पालकी यात्रा, चुनरी यात्रा, अलग अलग समितियों के द्वारा आयोजित महाआरती और भव्य भंडारे में शामिल हुए एवं प्रसाद वितरण भी किया।

उन्होंने कहा मैं मां नर्मदा के भक्तों से इसमें जुड़कर कार्य करने का आव्हान करता हूं, मां नर्मदा मैया सबका भला करें सबके जीवन को प्रवाहमान और अविरल बनाए रखें। इस दौरान भक्तगण शामिल रहे।

### स्व. अंकित मिश्रा की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** अंकित मिश्रा के जन्मदिन के अवसर पर 05 फरवरी आज उनकी स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वर्गीय अंकित मिश्रा नगर के युवा नेता एवं समाजसेवी के रूप में शहर के सामाजिक एवं सांस्कृतिक हितों के कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभाई एवं आमजनों के अधिकारों के लिए हमेशा संघर्ष किया। स्वास्थ्य शिविरों, कोरोना काल में भोजन व्यवस्था, जनहित के मुद्दों, सामाजिक चेतना एवं पीड़ित मानवता से संबंधित आयोजन किये। हमेशा अपने व्यक्तित्व एवं मिलन सारिता के कारण लोकप्रिय रहे। उनके व्यक्तित्व के अनुरूप अंकित मिश्रा मित्रमंडल ने 05 फरवरी को प्रात: 10 से शाम 5 बजे तक होटल अंकित में रक्तदान शिविर आयोजित कर स्व. अंकित मिश्रा को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### सीसीएम ने किया स्टेशन का निरीक्षण

**जबलपुर,देशबन्धु।** पमरे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के निर्देशन में मुख्य वाणिज्य प्रबंधक रश्मि बघेल ने मुख्य रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया सीसीएम ने यात्री प्रतीक्षालय आरक्षण कार्यालय बुकिंग कार्यालय के अलावा टीटी लॉबी और सभी प्लेटफार्म में साफ सफाई व्यवस्था को भी बारीकी से परखा और यात्रियों को परोसी जाने वाली खादय पदार्थों की भी जांच की गई। रश्मि बघेल ने संबंधित अधिकारियों को कुछ आवश्यक सुधार के संबंध में दिशा निर्देश जारी किये। इसी प्रकार उप वाणिज्य प्रबंधक देवेश सोनी ने मदनमहल स्टेशन का औचक निरीक्षण किया प्लेटफार्म एक से चार तक सफाई व्यवस्था को देखा एवं साइकिल स्टेण्ड में यात्रियों से रूबरू हुए और खादय पदार्थों का भी अवलोकन किया। मुख्य स्टेशन और मदनमहल स्टेशन में यात्रियों ने इस निरीक्षण की सराहना की है। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह सतत निगरानी कर रहे हैं।

### केश सज्जा स्पर्धा में भूमि रहीं प्रथम

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय ओएफके महाविद्यालय खमरिया गत दिवस केश सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। केश सज्जा स्पर्धा में महाविद्यालय की 6 प्रतियोगियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे की अध्यक्षता में आयोजित केश सज्जा प्रतियोगिता में महाविद्यालय की डॉ. बीना फर्नान्डिज, श्रीमती जान्हवी द्विवेदी, डॉ. अंजली ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भूमि पासी, द्वितीय स्थान वैष्णवी रजक, तृतीय स्थान कनिष्का काछी का रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रागनी चौहान एवं सुश्री निधि उपाध्याय द्वारा किया गया, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मधुका श्रीवास्तव के निर्देशन में विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में सहभागिता की।

### ओएफके कॉलेज में व्यंजन स्पर्धा छाई रही मटर

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय ओएफके महाविद्यालय खमरिया में गत दिवस व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 5 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभागियों ने मटर से बने स्वादिष्ट व्यंजन बनाये। डॉ. दीपक अग्रवाल, बृजेश कुमार साहू तथा जयकृष्ण प्यासी की निर्णायक भूमिका रही। कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. मधुका श्रीवास्तव तथा सदस्य श्रीमती जान्हवी द्विवेदी द्वारा संचालन किया गया। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की सुनयना ने प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष की वैष्णवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ. अंजली, डॉ. रागनी चौहान, सुश्री निधि उपाध्याय का सहयोग रहा।

### ननि की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 5 प्रकरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने जनसुनवाई कक्ष में 04 फरवरी को प्रात: 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान भवन शाखा, अतिक्रमण, एवं संबल योजना से संबंधित 5 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएँ सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।



### 7 की रात 8 बजे से 14 फरवरी की रात 8 बजे तक बंद रहेगा लोक सेवा पोर्टल

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य लोक सेवा अभिकरण मध्यप्रदेश द्वारा संचालित Mpedistrict पोर्टल का नये सर्वर इंफ्रा (SDC 2.0) पर माइग्रेशन की प्रक्रिया के फलस्वरूप लोक सेवा पोर्टल को बंद रखने की तारीखों में संशोधन किया गया है। अब यह पोर्टल मंगलवार 4 फरवरी की रात 12 बजे से 10 फरवरी तक के स्थान पर 7 फरवरी की रात 8 बजे से 14 फरवरी की रात 8 बजे तक पूर्णत: बंद रहेगा। इस अवधि के दौरान Mpedistrict पोर्टल की सभी सेवायें बाधित रहेंगी।

### जनसुनवाई में आये 106 आवेदन

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 106 आवेदन दिये। जिसमें 75 नये आवेदन हैं तथा 31 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर अवैध कब्जा हटाने, आर्थिक सहायता, छात्रवृत्ति भुगतान, बंटवारा, सीमांकन, लड़ाई-झगड़ा, ड्रोन सर्वे में छूटे गये नाम जोड़ने में, संबंल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि भुगतान करने, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा, सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे।




### निशा, आभा, नेहल, स्वाति और प्रगति को मिला करूणा चांडक मेमोरियल मेरिट स्कॉलरशिप अवार्ड

**जबलपुर, देशबन्धु।** नारी शिक्षा के बिना कोई समाज प्रगति नहीं कर सकता। नारी शिक्षा के माध्यम से ही हम स्वयं को बेहतर बना सकते हैं। इसी सोच के साथ बाबू मनमोहनदास बालिका शिक्षा के हिमायती रहे। मानव सेवा के लिए उन्होनें अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। इसी तरह उनकी बेटी करूणा चांडक भी अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़कर बालिका शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उक्त बांतें बाबू मनमोहनदास हितकारिणी कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला दीक्षितपुरा में टॉपर छात्राओं को स्व. करूणा चांडक मेमोरियल मेरिट स्कॉलरशिप प्रदान करते समय अतिथियों ने कहीं।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश जस्टिस श्रवण शंकर झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा, विशेषकर बालिका शिक्षा और समाज के पिछड़े वर्गों के प्रति मनमोहनदास की दूरदृष्टि हमेशा से सकारात्मक रही है। उन्होनें निश्चित तौर पर शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य किया है। हितकारिणी सभा के सचिव बाबू विश्वामोहन ने कहा कि महाकोशल में हितकारिणी सभा हमेशा से बेहतर शिक्षा प्रदान करता आ रहा है। गुणवत्तायुक्त शिक्षा हमारी हमेशा से प्राथमिकता रही है। हितकारिणी सभा के अध्यक्ष नित्यनिरंजन खंपरिया ने अपने संबोधन में कहा कि हितकारिणी सभा का गौरवशाली इतिहास अपने में अनेक स्वर्णिम सोपानों को समेट कर रखा है। किया गया। मेरिट सूची में आने वाली छात्राओं रेवा विश्वकर्मा, आयुषी ताम्रकार, नेहा पटेल, इकरा अरशिफा रही।

### ‘डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर व फीडर की प्रभावी मीटरिंग त्वरित गति से हो’

#### प्रबंधन संचालक अविनाश लवानिया ने कार्यो की समीक्षा की

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक व डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष अविनाश लवानिया ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आरडीएसएस (रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) और जीआईएस (ज्योग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्ट्म) के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर व फीडर की प्रभावी मीटरिंग त्वरित गति से की जाए। लवानिया ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर इंस्टालेशन व जीआईएस में किए गए कार्यो की सराहना की। गत दिवस शक्तिभवन में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष श्री अविनाश लवानिया को पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी ने पूर्व क्षेत्र कंपनी द्वारा उपभोक्ता हित में किए जा रहे कार्यों का प्रजेन्टेशन दिया। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अविनाश लवानिया ने पावर मैनेजमेंट कंपनी के कंट्रोल रूम, स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर और मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के स्काडा सेंटर का निरीक्षण भी किया।



अविनाश लवानिया ने पावर मैनेजमेंट कंपनी के स्टेट प्लानिंग सेल, सूचना प्रौद्योगिकी, पावर मैनेजमेंट, वित्त व लेखा कार्यालय के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और बिजली की रियल टाइम मांग व आपूर्ति कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए अन्य जानकारी ली।

पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक को स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर में बिजली की शेड्यूलिंग व डिस्पेच, ग्रिड ऑपरेशन, राज्य ग्रिड के माध्यम से प्रेषित बिजली की मात्रा का लेखा-जोखा, अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली के पर्यवेक्षण व नियंत्रण और बिजली प्रेषण के लिए वास्तविक समय संचालन कार्यप्रणाली की जानकारी से अवगत कराया।

श्री लवानिया ने 220 केवी सब स्टेशन स्थित ट्रांसमिशन कंपनी के स्काडा सेंटर में ट्रांसमिशन लाइनों की रियल टाइम कार्यप्रणाली को भी देखा।

### पटवारी अब नियत दिन, नियत समय पर, नियत ग्राम में उपस्थित मिलेंगे

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्ट दीपक सक्सेना ने प्रशासनिक कसावट व राजस्व अभियान में तेजी लाने के लिए दिये निर्देश के तारतम्यक में सभी तहसीलदारों द्वारा ग्रामों में पटवारियों की उपस्थिति के समय व दिन नियत किये गये हैं। अब जिले की सभी तहसीलों के सभी हल्कों में कौन-कौन दिन, कौन-कौन से पटवारी सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक मुख्यालय में रहकर कार्य करेंगे, इसकी विस्तृति सूची जारी की गई है। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि राजस्वे से जुड़े सभी प्रकरणों को समय पर व तत्प रता के साथ निराकरण करने के लिए पटवारी मुख्याहलय पर रहें। साथ ही कहा कि रेंडमली उनकी उपस्थिति की जांच कराई जायेगी। यदि पटवारी नियत दिन, नियत समय पर, नियत ग्राम में उपस्थित नहीं मिलते हैं तो उनके विरूद्ध सख्तर अनुशासनात्माक कार्यवाही की जायेगी। उन्हो्ंने कहा कि आधार से आरओआर लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री , नक्शार बटांकन, सीमांकन आदि के काम में लापरवाही बिल्कुरल बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पंलाईन के शिकायतों के निराकरण में भी उचित कदम उठायें।





# कुंडलपुर नगरी में मनाई गई श्री वीर प्रभु के जन्म कल्याणक की खुशियां

**जबलपुर, देशबन्धु।** अहिंसा के प्रणेता एवं वर्तमान शासन नायक बाल तीर्थंकर श्री वीर प्रभु के मंगलकारी जन्मकल्याणक का समाचार सुनते ही कुंडलपुर नगरी झूम उठी और संस्कारधानी सहित पूरे देश से पधारे हजारों जैन बंधुओं ने वीर प्रभु का मंगलकारी जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया। महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन एवं नितिन जैन ने बताया कि मंगलमय प्रसंग पर प्रात: काल की मंगल बेला पर इंद्र सभा का आयोजन किया गया जिसमें सौधर्म इंद्र का आसन कम्पायमान होते ही उन्होंने अवधिज्ञान से जाना कि कुंडलपुर नगरी में बाल तीर्थंकर श्री वीर प्रभु का जन्म हो गया है ओर उन्होंने वहीं से प्रभु के चरणों में नमन किया। राज सभा में दूत ने बाल तीर्थंकर के जन्म का समाचार सुनाया और कहा कि है महाराज जगत को मुक्ति का मार्ग बताने वाले तीन लोक के नाथ श्री महावीर प्रभु का जन्म हो चुका है यह समाचार सुनती ही सम्पूर्ण कुंडलपुर नगरी खुशियों से गूंज उठी और सभी मंगल बधाइयां गाकर जनकल्याणक की खुशियां मनाई। श्री वीर प्रभु को सौधर्म इंद्र एवं शची इंद्राणी ऐरावत हांथी पर विराजमान कर शौभायात्रा के साथ पाण्डुक शिला पर ले गए जहां 1008 कलशों से जन्माभिषेक कर अपने कर कमलों को धन्य किया जिसमें प्रथम कलश अनिल कुमार जैन पथरिया एवं द्वितीय कलश चंपालाल भंडारी बैंगलोर ने किया पश्चात सभी ने जन्मकल्याणक की पूजन की ओर वापस कुंडलपुर नगरी पहुंचे जहां सौधर्म इंद्र ने तांडव नृत्य कर अपनी मंगल भावना प्रगट की ओर जन्मकल्याणक की बधाइयां दी, इस अवसर पर कुबेर इंद्र ने पूरी नगरी में रत्नों की वर्षा की एवं महोत्सव समिति ने संस्कारधानी में मिष्ठान का वितरण कर सभी को शुभ जन्मकल्याणक महोत्सव कहा।

## निकला विशाल चल समारोह - पाण्डुक शिला पर हुआ अभिषेक

**नगर वासियों ने किया आत्मीय अभिनंदन** -जन्मकल्याणक शोभायात्रा का सकल जैन समाज के साथ दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सहित संस्कारधानी ने आत्मीय अभिनंदन किया रात्रि की बेला पर सकल समाज ने बाल तीर्थंकर को पालना झुलाया जिसका उदघाटन प्रेमचंद बजाज कोटा द्वारा किया गया। जिनमें हितेन भाई सेठ मुंबई, विधायक अभिलाष पांडे, पुलिस अधीक्षक रीवा सुरेंद्र जैन, विजय बड़जात्या इंदौर, स्वनिल जैन अलीगढ़, सुशील बजाज कलकत्ता, नरेश लुहाड़िया दिल्ली, परमात्म प्रकाश भारिल्ल जयपुर, कमलेश टिंबडिया राजकोट, भरत भाई राजकोट, प्रदीप गंगवाल औरंगाबाद, सुनील सराफ सागर सम्मिलित हुए जिनका मंडल अध्यक्ष अशोक जैन एवं फेडरेशन अध्यक्ष संजय जैन ने अभिनंदन किया।

**आज मनेगा तपकल्याणक महोत्सव** - विराग शास्त्री एवं अनुभव जैन ने बताया कि आज बुधवार 5 फरवरी को तपकल्याणक महोत्सव मनाया जावेगा जिसका शुभारंभ प्रात: 06.30 बजे मंगल प्रभात गीत से होगा पश्चात 06.45 से शांति जाप, श्री जिनेन्द्र प्रक्षाल एवं पूजन, 08.15 से शास्त्र स्वाध्याय, 09.00 से गुरुदेवश्री के सी.डी. प्रवचन, 09.30 से तपकल्याणक, इन्द्रसभा - राजसभा, लौकांतिक देव आगमन, देव - मानवों की चर्चा। दोपहर 01.00 से दीक्षावन गमन, 02.00 से दीक्षा विधि एवं वैराग्य प्रवचन, 04.00 से मुनि भक्ति एवं शास्त्र स्वाध्याय, सायं 06.15 से श्री जिनेन्द्र भक्ति, 07.00 से प्रथम शास्त्र स्वाध्याय, रात्रि 07.45 से द्वितीय शास्त्र स्वाध्याय, 08.30 से 10.00 क्षत्रचूड़ामणि नाटक त्रिशला महिला मंडल जबलपुर द्वारा प्रस्तुत किया जावेगा जिसमें सकल जैन समाज सहित धर्म प्रेमी बंधुगण सादर आमंत्रित हैं।

# भागवत कथा के समापन पर अनेक कथाओं का कराया श्रवण

**जबलपुर,। देशबन्धु।** पचमठा मंदिर सेवक धाम गढ़ा में चल रही भागवत कथा में व्यास पीठ पर विराजमान श्रीप्रिया मानसी दीदी ने श्रीमद् भागवत कथा का समापन करते हुए कई कथाओं का भक्तों को श्रवण कराया।



जिसमें प्रभु कृष्ण के 16108 हजार शादियों के प्रसंग के साथ, सुदामा प्रसंग और परीक्षित मोक्ष की कथायें सुनाई। सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते। उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं।

अगले प्रसंग में शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। इसी के साथ कथा का विराम हो गया। सबका आभार व्यक्त कर व्यासपीठ से आशीर्वचन एवं विदाई का आयोजन हुआ।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 05 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। माघ शुक्ल पक्ष की अष्टमी, नक्षत्र- भरणी।**

**मेष**
आप तन-मन से अस्वस्थ रहेंगे। बुखार, सर्दी या कफ जैसी समस्याएं उत्पन्न होंगी। किसी का भला करने के चक्कर में आप अपना नुकसान कर बैठेंगे।

**वृषभ**
व्यापार में वृद्धि होने के साथ सौदे लाभदायक साबित होंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी। बुजुर्गों तथा मित्र मंडल से लाभ और सुखद क्षणों का अनुभव मिलेगा।

**मिथुन**
शारीरिक और मानसिक सुख बना रहेगा। नौकरी - व्यवसाय में आपके परिश्रम का लाभ मिलता हुआ प्रतीत होगा। अधिकारी के प्रोत्साहन से आपका उत्साह बढ़ेगा। स `क-

**कर्क**
आज आपके लिए काफी आरामदायक दिन है। हर काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। नौकरी में उच्च अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। पदोन्नति होने के योग हैं।

**सिंह**
आपको स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की जरुरत है। बीमारी के कारण मेडिसिन पर खर्च करना पड़ सकता है। क्रोध और वाणी को वश में रखें।

**कन्या**
सामाजिक तथा अन्य क्षेत्रों में ख्याति या सम्मान प्राप्त होगा। नए कपड़े और आभूषण खरीदने में आपकी रुचि हो सकती है। वाहन सुख प्राप्त होगा। भागीदारों के साथ संबंध अच्छे बनेंगे।

**तुला**
आज का आप का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरने वाला है। दोस्तों का साथ जीवन को महकाता रहेगा। नए वस्त्रों की खरीदी होगी।

**वृश्चिक**
आज यात्रा प्रवास का आयोजन न करें। स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। संतान के संबंध में समस्याएं खड़ी होंगी। स्वाभिमान भंग न हो इसका ध्यान रखें।

**धनु**
आज किसी घरेलू मामले को लेकर मानसिक तनाव होने की आशंका है। मन में उठनेवाली दुविधाओं से आप मानसिक उचाट अनुभव करेंगे।

**मकर**
आज आप रणनीति में शत्रुओं को परास्त करेंगे। नए काम के आरंभ के लिए तैयार रहें। सफलता मिलेगी। आपके सभी काम सफल रहेंगे। व्यापार- धंधे में लाभ होगा।

**कुंभ**
मन में दुविधाएं होने से आप कोई ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय न लें।

**मीन**
आज का दिन आनंद और उत्साह से परिपूर्ण रहेगा। घर में किसी मांगलिक प्रसंग का आयोजन होगा। नए काम का आरंभ करने के लिए शुभ दिन है।

सगे- म.




# प्राकृतिक जल स्रोतों का संरक्षण जरूरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** गवर्नमेंट मानकुंवर कॉलेज में ईको क्लब के तत्वावधान में वेटलैंड दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजन में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस से भूगोल विभाग की प्रो. डॉ. रितुरानी ने जिले के जल संसाधन विषय वक्तत्व दिया। इसके साथ ही छात्राओं ने पर्यावरण पर आधारित मॉडल्स बनाकर प्रदर्शनी में शामिल किए। उन्होंने जल संसाधनो के संरक्षण पर ध्यान देने की बात की। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल, डॉ. शोभना पाण्डे, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. ब्रम्हानंद त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक कोष्टा, डॉ. संध्या देव, डॉ. विजया कोष्टा, संदीप यादव मौजूद थे।



# विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति अधर में

**जबलपुर,देशबन्धु।** विद्युत नियामक आयोग के वर्तमान अध्यक्ष एसपीएस परिहार की कार्य अवधि 3 जनवरी को ही समाप्त हो चुकी है, तत्पश्चात ऊर्जा विभाग ने अध्यक्ष पद हेतु पेनल के चयन के लिए न्यायमूर्ति रूपेश चंद्र वार्ष्णेय की अध्यक्षता में समिति का गठन भी कर दिया है। इसे अब 1 माह बीतने के बावजूद भी आयोग के अध्यक्ष पर आज तक नियुक्ति नहीं हो सकी है। यह जानकारी देते हुए डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि सरकार की चुप्पी से स्पष्ट हो गया है कि वह इस पद पर हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की नियुक्ति नहीं चाहती है जबकि विद्युत अधिनियम 2003 के धारा 84 उपधारा 2 में इस पद पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश के नियुक्ति का प्रावधान है इस प्रावधान में ऐसी नियुक्ति के लिए हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से विचार विमर्श करने की आवश्यकता बतायी गई है। श्री नाजपांडे ने बताया कि विभिन्न संगठन के अनुसार बिजली के रेट उस समय कम रहते हैं जब राज्य में चुनाव वर्ष होता है जब राज्य में चुनाव नहीं है तो भारी दर वृद्धि होती है इससे आयोग के विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगा है। बैठक में रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टी.के. रायघटक, डी.के.सिंह, संतोष श्रीवास्तव, सुशीला कनौजिया, सुभाष चंद्रा, एड जी एस सोनकर, हरजीवन विश्वकर्मा, के.सी. सोनी, पी.एस. राजपूत, अशोक नामदेव, डी.आर. लखेरा, माया कुशवाहा, उमा दाहिया आदि उपस्थित थे।

# पीली-पीली सरसों रे, पीली उड़े पतंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** सेम सीनियर सिटीजन क्लब के तत्वावधान में वसंतोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी सदस्य पीले परिधान पहने। कार्यक्रम में वसंत परिवर्तन पर आधारित गीत और रचनाएं सुनाई गई। आयोजन में प्रेरक हिंदी प्रचारिणी सभा के हिंदी महाकुंभ दिल्ली साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था की जबलपुर शाखा द्वारा क्लब की कवियित्री उर्मिला श्रीवास्तव, राजकुमारी रैकवार, प्रभा बच्चन श्रीवास्तव, रजनी चौहान, रचना सक्सेना को क्लब संयोजक जादूगर एसके निगम, बच्चन श्रीवास्तव द्वारा हिंदी सेवी सम्मान प्रदान किया गया। इस मौके पर रमेश पंडित, जसवीर चोपड़ा, रश्मि श्रीवास्तव, सुनीता शुक्ला, प्रमोद जैन, अनीता आहूजा, नीरज शुक्ला, ऋषि रैकवार मौजूद थे।



# गीत संगीत का चला दौर, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय पूर्व छात्रसंघ का स्थापना दिवस समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. वीके भारद्वाज ने मदन मोहन मालवीय संस्थान ने छात्रों की जीवन संवारा है। विशिष्ट अतिथि ट्रिपलआइटीडीएम के निदेशक प्रो. भारतेंदु सिंह, प्रो. सुरेन्द्र सिंह, आकाशवाणी के अपर महानिदेशक राजीव कुमार शुक्ल ने कवि निराला की कविता सुनाई। अध्यक्षता भूगर्भशास्त्री डॉ एएन सिंह थे। समारोह के द्वितीय चरण में




बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोहा। दिव्यांशी असाटी ने सरस्वती वंदना और फिल्मी गीतों की प्रस्तुति दी। गायक इंद्रजीत सिंह ने रंग दे बसंती चोला सुनाया। स्कूली बच्चों को शैक्षणिक योग्यता एवं बीएचयू से जुड़ी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। आयोजन में डॉ. अंकित अग्रवाल, प्रो. अश्विनी जायसवाल, डॉ. प्रहलाद मिश्रा, आचार्य अजय कुमार तिवारी, डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र, डॉ. कृष्णा नियोगी, डॉ. राजीव सिंह, डॉ. विकास सिंह, हरमनजीत सिंह भाटिया, कंदला भाटिया, सीमा धूपर, एसोशिएसन जबलपुर के अध्यक्ष डॉ. एएन सिंह, सिमरन सिंह, महासचिव अजय कुमार गोयल, लक्ष्मी कांत शर्मा मौजूद थे।

# मैदानी खेलों में युवाओं ने दिखाया दम



**जबलपुर, देशबन्धु।** जानकीरमण कॉलेज में साहित्यिक, सांस्कृतिक और खेलकूद की विविध प्रतियोगताओं का आयोजन हुआ। आयोजन में प्रतिभागियों ने 100 मी., तवा फेंक, गोला फेंक, स्वरचित कविता पाठ, प्रश्नमंच, त्वरित भाषण में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि शरद चंद पालन, विशिष्ट अतिथि डॉ. शिव कुमार व्यास, एड. संपूर्ण तिवारी, प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, स्पोर्ट्स अधिकारी डॉ. शक्ति सिंह मंडलोई, संयोजक डॉ. आनंद सिंह राणा थे। प्रतियोगिताओं में श्रेया साहू, सत्यम राय, नितिन यादव, कंचन साहू, अंजलि यादव, मोहित कंजर, रागिनी सेन, प्राची पटेल, प्रार्थना भदौरिया, श्रेया कुशवाहा, सुयश साहू, खुशबू सेन, सीमा शुक्ला, हर्षित विश्वकर्मा, करण मलंग, आयुष मिश्रा, उत्कर्ष कोल, दिव्या ज्योति केवट, सोनम नामदेव, तान्या दुबे, आशना पटेल, पल्लवी गोटिया, मनीषा, सोनम नामदेव ने बाजी मारी। इस मौके पर साहित्यकार अभिमन्यु जैन, राजसागरी, सुरेश मिश्रा, डॉ गंगाधर त्रिपाठी, अजय मिश्रा, मुकेश श्रीवास्तव मौजूद थे।

# जागरुकता रैली से समझाई वेटलैंड की महत्ता

**जबलपुर, देशबन्धु।** 4एमपीसीटीआर यूनिट के तत्वावधान में वर्ल्ड वेटलैंड डे के उपलक्ष्य में जागरुकता रैली निकाली गई। रेजीमेंट की कमांडिंग ऑफिसर ले. कर्नल अमृता सिंह के संयोजन में सोशल सर्विस एवं कम्युनिटी डेवलपमेंट एक्टिविटी के अंतर्गत रैली निकाली गई। यूनिट की गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर प्राची साहू ने वेटलैंड की महत्ता पर व्याख्यान दिया। कैडेट्स ने रांझी तालाब की सफाई की। दूसरे चरण में पौधरोपण किया गया। सीओ से हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की, जो रांझी बाजार तक निकाली गई। आयोजन में सूबेदार रामाश्रय सिंह, सूबेदार विनोद गाडगे, नायब सूबेदार एम के यादव, नायब सूबेदार एस के जेना, सीएचएम श्याम गोखले, हवलदार आर एन कुशवाहा, हवलदार हेसंत पटेल, हवलदार अमरीक सिंह, हवलदार ब्रजेश यादव, हवलदार बी जे खान, हवलदार गुरजीत सिंह, नायक धर्मिंदर सिंह का सहयोग रहा।

# गर्ल्स ग्रुप ने किया सेल्फ डिफेंस डिसप्ले

**जबलपुर, देशबन्धु।** कर्मठ संस्था के तत्वावधान में स्कूली छात्राओं के लिए खादी महोत्सव में रस्सी कूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। मुख्य अतिथि चरणजीत सिंह रतन और मीना साहनी थे। कोच सारिका सिंह ने रस्सी कूदने के फायदे बताए। आयोजन में 20 राष्ट्रीय स्तर प्रतिभागियों ने रस्सी कूद का प्रदर्शन किया। सेल्फ डिफेंस की आवश्यकता पर मधु त्रिपाठी और रूबी



पटेल ने प्रकाश दिया। इसके साथ ही छात्राओं के दल से जूडो, कराते और कुंग फू का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में निरीक्षक प्रमोद साहू, सहायक निरीक्षक नीरज सिंह नेगी, संस्था अध्यक्ष बलविंदर बधान, उपाध्यक्ष पूनम माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष रीना आहूजा, बलजीत कौर रतन, अनुपम शर्मा, रिया ओबेरॉय, नम्रता सिंह, सतपाल, निर्मला झरिया, कीर्ति चावला, विनीता माहेश्वरी, आभा चौहान, अरुण सिंह, सपना मौजूद रहीं।

# सरप्राइज गेम्स खेलकर जीते प्राइज

**जबलपुर, देशबन्धु।** खंडेलवाल समाज एवं महिला समिति के तत्वावधान में वसंतोत्सव, नर्मदा जयंती और खण्डेलवाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अर्चना खंडेलवाल ने सरस्वती वंदना और नर्मदा वंदना प्रस्तुत की। पीले परिधान में सभी ने गीत, संगीत की प्रस्तुति दी। महिला मण्डल अध्यक्ष सीमा खंडेलवाल ने सरप्राइज गेम्स और मनोरंजक खेल खेले। इस मौके पर सावित्री, विकास खंडेलवाल, मदनलाल, सूरज प्रसाद, रवींद्र, श्रीकृष्ण, सुरेशचंद, रमेशचंद, ब्रजकिशोर, प्रदीप, अशोक, कृष्णकांत, राधारमण, अजय, अनूप, आशीष, ब्रजेश, नवीन, विकास, पुरुषोत्तम, विक्रम खंडेलवाल, सीमा, अंकिता, मोनिका, अभिलाषा, नेहा, सावित्री, अनिता, मंजू मौजूद रहीं।

# बाबू जगदेव प्रसाद की 103वीं जयंती का आयोजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** बिहार लेनिन बाबू जगदेव प्रसाद जी की 103 वीं जयंती विगत रविवार को अ.भा. कुशवाहा महासभा के द्वारा कला वीथिका रानी दुर्गावती संग्रहालय सभागार में हर्ष और उल्लास के साथ आयोजित की गई बाबू जगदेव के जीवनकाल पर प्रदर्शनी व्याख्यान तथा परिचर्चा का भी आयोजन हुआ, जिसमें समस्त वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे और सबने जगदेव के बताये हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया प्रदर्शनी का आयोजन डॉ. दिनेश कुशवाहा (देवा बोधि) के द्वारा किया गया। कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ पटेल की अध्यक्षता एवं सम्राट अशोक क्रांति सेना के संस्थापक वृन्दावन वर्मा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें जिला अध्यक्ष के.पी. कुशवाहा, अनंत कुशवाहा, अरविंद कुशवाहा, पूर्व केन्ट बोर्ड उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुशवाहा तथा अन्य समस्त पिछड़ा व बहुजन समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# समाज सेवा और नेतृत्व पर विचार मंथन




**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 की वार्षिक कॉन्फ्रेंस 'अंतरनाद' का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में देशभर से आए सदस्यों ने समाजसेवा, संस्कृति और नेतृत्व से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। समापन अवसर पर मिस इंडिया यूनिवर्स श्वेता शारदा, टेलिविजन स्टार चिंकी-मिंकी ने परफॉर्मेंस दी। आयोजन में डॉ. बीके पांसे ने कहा कि रोटरी का आनंदालय समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए है। समारोह में भानु प्रताप चौधरी को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चुना गया। इलेक्शन कमेटी में पूर्व प्रांत पाल दिनेश कुमार शर्मा, इलेक्शन एडवाइजर पूर्व प्रांतपाल शंभू जगत रामका, चुनाव अधिकारी अनुराग गढ़वाल, समर गायकवाड़, रूद्रेश तिवारी, अनिल अग्रवाल, राजेश साहू, मनीष कौशल, राकेश खंडेलवाल, सारंग भिड़े, बबुआ शुक्ला का सहयोग रहा। कार्यक्रम में पं. नवीन जोशी, ओजस चौधरी, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अखिल मिश्रा ने की, कॉन्फ्रेंस सचिव दिनेश कालवे, रोहित माटा, डॉ. जितेन्द्र जामदार का सहयोग रहा।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती जीरा देवी-** आलोक नगर अधारताल निवासी श्री महेंद्र राम की धर्मपत्नी श्रीमती जीरा देवी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वरूण शर्मा-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री हरि शरण शर्मा के पुत्र श्री वरूण शर्मा (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर में किया गया।

**श्री बाबू लाल काछी-** हृदय नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री बाबू लाल काछी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कविता बेन-** इंद्रा नगर व्हीकल चर्च के पीछे निवासी श्री राजेश बेन की धर्मपत्नी श्रीमती कविता बेन (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री लक्ष्मी नारायण कोल-** पुराना धोबीघाट कजरवारा निवासी श्री लक्ष्मी नारायण कोल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# बाल संप्रेक्षण गृह से आठ नाबालिग फरार

## एक सुरक्षा गार्ड को बंद किया कमरे में,दूसरे पर किया हमला



**जबलपुर,देशबन्धु।** रांझी थानान्तर्गत बाल संप्रेक्षण गृह से आठ नाबालिग फरार हो गये। नाबालिगों ने पहले तकनीक अपनाते हुए बैरक का ताला खोलकर बाहर आये। इसके बाद एक सुरक्षा कर्मी को कमरे में बंद कर दिया। दूसरे सुरक्षा कर्मी के सिर पर ताला से हमला कर फरार हो गये। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर फरार नाबालिगों की तलाश प्रारंभ कर दी है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार रांझी थानान्तर्गत गोकलपुर स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से रात लगभग डेढ़ बजे आठ नाबालिग बच्चे गार्ड पर हमला कर फरार हो गये। वार्डन ने थाने पहुंचकर घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने अपराध कायम कर फरार नाबालिग बच्चों की तलाश प्रारंभ कर दी है। फरार बच्चों को शीघ्र पकड़ लिया जायेगा। रांझी थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि एक बैरक में 16 से 17 साल के आठ बच्चों को रखा गया था। सभी बच्चे अलग-अलग स्थानों में रहने वाले थे। रात को लगभग डेढ़ बजे बच्चों ने तकनीक का प्रयोग करते हुए बैरक के ताले को खोला। इसके बाद एक सुरक्षा गार्ड को एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद दूसरे सुरक्षा गार्ड राजन सिंह के सिर पर ताले से हमला कर उसे घायल कर फरार हो गये। फरार हुए बच्चों के खिलाफ हत्या के प्रयास,आर्म्स एक्ट व चोरी के प्रकरण दर्ज है। पुलिस ने घायल गार्ड को उपचार के लिए भिजवाकर प्रकरण दर्ज कर लिया है। फरार बच्चों की तलाश में उनके संभावित ठिकानों में दबिश जारी है।

**पूर्व में हो चुकी है ऐसी घटनाएं**

बाल संप्रेक्षण गृह से नाबालिग बच्चों के फरार होने की घटना पूर्व में भी कई बार घटित हुई है। पूर्व में हुई घटना के बावजूद भी सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया।

**नाबालिग ने किया था पिता को फोन**

जानकारी के मुताबिक फरार होने से पहले एक नाबालिग ने चौकीदार के मोबाइल से अपने पिता को फोन किया था। उसने पिता को बताया कि वह लोग बाल संप्रेषण गृह से फरार हो गए हैं। इसके बाद नाबालिग आरोपी के पिता ने मेन रोड पर अपनी कार ख?ी कर रखी थी। माना जा रहा है कि फरार आरोपियों को कार से ले जाया गया है।

फरार सभी नाबालिग आरोपी आदतन अपराधी 'जबलपुर पुलिस ने 15 दिन पहले ही फरार तीन से चार ल?कों को अवैध पिस्तौल लेकर घूमने, मारपीट करने के आरोप में पकड़कर बाल न्यायालय में पेश किया था। जिसके बाद इन्हें बाल संप्रेषण भेजा गया था। बताया जा रहा है कि फरार हुए सभी नाबालिग आदतन अपराधी हैं, जो इससे पहले भी कई बार बाल संप्रेषण गृह में आ चुके हैं।

# पुलिस को चुनौती देने वाले शराब तस्कर गये जेल

**जबलपुर,देशबन्धु।** दो युवकों ने शराब तस्करी का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम में अपलोड कर पुलिस को चुनौती दी थी। रांझी पुलिस ने दोनों शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से मानव उपयोग के लिए हानिकारक शराब जब्त करने हुए न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेष पर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

रांझी थाना प्रभारी मानस द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ पूर्व शराब तस्करी का वीडियो बनाकर साहिल नामदेव नामक अकाउंट से इंस्टाग्राम में अपलोड किया गया था। वायरल वीडियो में दोनों युवक पेटियों से शराब निकाल एक्टिवा की डिक्की में जमा रहे थे। वीडियो में दो पेटी शराब एक्टिवा गाड़ी में युवक रख रहे थे। वीडियो में दोनों युवकों का चेहरा नहीं दिखाई दे रहा था। वायरल वीडियो को पुलिस ने संज्ञान में लेते हुए दोनों युवकों के संबंध में



पतासाजी प्रारंभ की। इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से एक युवक की शिनाख्त रांझी निवासी साहिल नामदेव के रूप में हुई। दूसरे युवक उसका साथी रांझी निवासी विक्की लोधी था। दोनों के खिलाफ शराब तस्करी,मारपीट सहित अन्य आपराधिक प्रकरण दर्ज है। दोनों के संबंध में पतासाजी करते हुए पुलिस उनकी गतिविधियों पर नजर रखी हुई थी। पुलिस ने उन्हें षराब तस्करी करते हुए पकडा और तलाशी के दौरान उनकी गाडी की डिक्की से शराब बरामद हुई। दोनों आरोपियों के पास से जब्त की गयी शराब मानव उपयोग के लिए हानिकारक थी। पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया था। न्यायालय के आदेष पर उन्हें जेल भिजवा दिया गया है।

# शराब के लिये रुपये न देने पर युवकों पर हमला

## घमापुर और रांझी क्षेत्र में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** घमापुर और रांझी क्षेत्र में असमाजिक तत्वों ने शराब के लिये रुपये न देने पर युवकों पर चाकू व डंडे से हमला कर उन्हें चोट पहुंचा दी। दोनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें जांच में लिया है।

घमापुर पुलिस ने बताया कि बल्दीकोरी की दफाई निवासी 14 वर्षीय विनीत चौधरी कक्षा नवमीं में प?ता है। बीती शाम करीब पांच बजे वह अपने भाई आरव चौधरी को कोचिंग से लेकर वापस आ रहा था। रास्ते में रज्जन डेर का रहने वाला बाडिया व चिल्ली मोटर साइकिल से पहुंचे और उससे शराब पीने के लिये पांच सौ रुपयों की मांग करने लगे। विनीत ने रुपये देने से मना किया तो दोनों ने गाली गलौज शुरु कर दी, इसी दौरान बाडिया ने चाकू निकालकर हमला कर दिया। जिससे विनीत को कमर के पिछले हिस्से व पैर में गंभीर चोट आ गई।

उसकी चीख पुकार सुन उसका साथी अंश बीच बचाव करने पहुंचा तो चिल्ली ने हाथ मुक्कों से उसके साथ मारपीट कर उसे भी चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार रांझी पुलिस ने बताया कि कुम्हार मोहल्ला निवासी 17 वर्षीय अभिषेक चक्रवती सब्जी का ठेला लगाता है। शाम को वह बगीचा टोला सरकारी स्कूल के पास अपने दोस्त अंकित चक्रवती के साथ ख? होकर बाते कर रहा था। उसी दौरान राहुल चौधरी पहुंचा और शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करने लगा। अभिषेक ने रुपये देने से मना किया राहुल ने डंडा से हमला कर उसकी गर्दन और कंधे पर चोट पहुंचा दी। पुलिस ने दोनों ही मामलों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर उन्हें जांच में लिया है।

# एमपीआरआरडीए के महाप्रबंधक को हाईकोर्ट से झटका

## विभागीय जांच के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**जबलपुर,देशबन्धु।** एमपीआरआरडीए के महाप्रबंधक को हाईकोर्ट से झटका लगा है। हाईकोर्ट ने विभागीय जांच के खिलाफ दायर की गयी याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस विनय सराफ की एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि डीपीआर की स्वीकृति में उनके हस्ताक्षर है। न्यायालय को विभागीय जांच व कार्यवाही के हस्तक्षेप करने का कोई कारण नजर नहीं आता है।

याचिकाकर्ता अजय सिंह रघुवंशी की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि उनकी मूल पदस्थापना मप्र पावर ट्रांसमिषन कंपनी लिमिटेड में कार्यपालन यंत्री के रूप थी। उन्हें साल 2008 में डेप्युटेशन पर एमपीआरआरडीए में महाप्रबंधक के पद पर पदस्थ किया गया था। सिवनी जिले में बरबरपुर-सोनवारा मार्ग में स्थित वैनगंगा नदी में पुल बनाने के लिए डीपीआर तैयार किया गया था। जिसे बाद में संशोधित किया गया था। सिवनी जिले में पीआईयू 2 में महाप्रबंधक पद पर पदस्थ होने के कारण साल 2018 में पेश की गयी डीपीआर स्वीकृति में उनके भी हस्ताक्षर थे। नदी में बना पुल साल 2020 में अत्यधिक बारिश होने के कारण बह गया था।

पुल बहाने की जांच करने एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया था। जांच कमेटी ने पाया कि 20 किलोमीटर दूर स्थित संजय सरोवर से पानी छोडने पर जल ग्रहण क्षेत्र की गणना गलत तरीके से की गयी थी। बांध से पानी छोडने पर जलस्तर पुल के ऊपर पहुंच गया था। जिसके कारण पुल क्षतिग्रस्त हुआ था। जांच कमेटी ने डीपीआर तैयार करने वाले सलाहकार,पर्यवेक्षण सलाहकार,महा प्रबंधक जबलपुर तथा महाप्रबंधक सिवनी दोषी माना था। याचिका में कहा गया था कि डीपीआर तैयार करने में उनकी कोई भूमिका नहीं थी।

एकलपीठ ने पाया कि डीपीआर स्वीकार करने में महाप्रबंधक सिवनी के रूप में याचिकाकर्ता के हस्ताक्षर है। न्यायालय को विभागीय जांच और कार्यवाही में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं लगता है। जांच अभी भी लंबित है और जांच अधिकारी उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर विचार करेंगे। एकलपीठ ने उक्त आदेष के साथ याचिका को खारिज कर दिया।

## शराबखोरी में की थी गला दबाकर हत्या

### न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा से किया दंडित

**जबलपुर,देशबन्धु।** शराब के नशे में साथी की गला घोंटकर हत्या करने के वाले आरोपी को न्यायालय ने दोषी करार दिया है। विशेष न्यायाधीश सिहोरा जबलपुर सुधांशु सिंहा ने आरोपी को आजीवन कारावास तथा विभिन्न धाराओं के तहत सात हजार रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किया है।

अभियोजन के अनुसार मझौली थानान्तर्गत ग्राम निगई निवासी दिनेश कोल पिता बसोरी लाल कोल 18 जुलाई 2021 की शाम को मोहल्ले के अन्य लड़कों के साथ बैठा हुआ था। देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसके संबंध में पतासाजी प्रारंभ की। खोजबीन के दौरान परिजनों तथा ग्राम वासियों को युवक के संबंध में कोई सुराग नहीं मिला। फॉरेस्ट विभाग के प्लांटेशन वाले जंगल में स्थित एक खंडहरनुमा चौकी के बदबू आने पर परिजन व गांव के कुछ लोग गये तो देखा कि दिनेश का पेंट बाहर पडा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो युवक की नग्य अवस्था में लाश पड़ी हुई थी। युवक के नाक व कान से खून निकल रहा था।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण गला घोंटना बताया गया था। जिसके बाद पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया था। विवेचना के दौरान बताया कि घटना दिनांक की रात को दिनेश कोल ने गांव की मरघटाई के पास टंकी के पास शेकू उर्फ शेखर कोल के साथ बैठकर शराब का सेवन किया था। पुलिस ने अभिरक्षा में लेकर पूछताछ तो उसने दिनेश की हत्या करना स्वीकार कर लिया था। युवक ने बताया कि शराब के नशे में विवाद होने के कारण गला दबाकर उसकी हत्या करने के बाद लाश को खंडहरनुमा चौकी में ले जाकर छोड आया था। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान पेश किये गये साक्ष्य व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए उक्त सजा से दंडित किया। शासन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक दिलावर सिंह ने पैरवी की।




## आदेश का पालन करो वरना हाजिर हो

### जल संसाधन विभाग के इंजी. इन चीफ को निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश का पालन नहीं करने पर कड़ी नाराजगी जताई है। एक अवमानना याचिका में जल संसाधन विभाग को निर्देशित किया है कि सात दिन के भीतर हर हाल में आदेश का पालन करें, वरना विभाग के इंजीनियर इन चीफ और बाण सागर प्रोजेक्ट रीवा के चीफ इंजीनियर अगली सुनवाई के दौरान हाजिर हों। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मामले पर अगली सुनवाई 10 फरवरी को नियत की है। शहडोल निवासी महेश प्रताप सिंह की ओर से अधिवक्ता रावेन्द्र शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि 13 जनवरी 2010 को हाईकोर्ट ने विभाग को निर्देश दिये थे कि याचिकाकर्ता को गेज रीडर के पद पर नियमित करते हुए सभी लाभ प्रदान करें। आदेश का पालन नहीं होने पर 2011 में अवमानना याचिका दायर की गई। पिछली कई पेशियों में विभागीय अधिकारियों द्वारा मोहलत मांगी गई। न्यायालय ने कहा कि अधिकारियों को आदेश का पालन करने पर्याप्त समय दिया जा चुका है। इसलिये अगली सुनवाई के पहले गेज रीडर के पद पर नियमितीकरण के लाभ के साथ एरियर्स का भुगतान करने के निर्देश दिये।

## साइबर सेल एफआईआर की प्रति प्रदान करे

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दशरथ सिंह की अदालत ने साइबर सेल जबलपुर को निर्देशित किया है कि एफआईआर की प्रति प्रदान की जाए। आवेदक रीवा निवासी नितिन कुशवाहा की ओर से अधिवक्ता विनोद सिसोदिया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि कृष्ण कुमार गौतम की शिकायत पर साइबर पुलिस ने आवेदक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। जिसके बाद अपराध पंजीबद्ध कर आवेदक को गिरफ्तार कर लिया गया।

न्यायालय में पेश किए जाने के बाद आठ जनवरी 2025 को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। अब बेगुनाही साबित करने के लिए आवेदक के स्वजनों व अधिवक्ता को एफआईआर की प्रति अपेक्षित है। इसे लेकर विधिवत आवेदन दिया गया था। लेकिन साइबर सेल हठधर्मिता का रवैया अपनाते हुए आवेदन को दरकिनार कर चुका है। इसलिये, न्यायहित में अदालत आना पड़ा। ऐसा इसलिए भी क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के न्याय दृष्टांत के अनुसार एफआईआर की प्रति मुहैया कराने से मना नहीं किया जा सकता।

## आदिवासी की कृषि भूमि खुर्द-बुर्द करने पर जवाब तलब

**जबलपुर,देशबन्धु।** व्यवहार न्यायालय ने आदिवासी की कृषि भूमि खुर्द-बुर्द करने पर रोक की मांग के प्रकरण में अनावेदक पक्ष से जवाब-तलब किया है। आवेदक ग्राम चंदेरी बरगी निवासी मांगीलाल मरावी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिसोदिया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आवेदक आदिवासी समुदाय से आता है। उसका आरोप है कि स्व. कल्याण सिंह के परिवार के सदस्य भूपेंद्र, गुरदीप, मनमीज व सोनिया मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद कृषि भूमि हड़पने हथकंडे अपना रहे हैं। वस्तुस्थिति यह है कि पांच हेक्टेयर भूमि आवेदक की पैतृक संपत्ति है, जो विरासत में प्राप्त हुई है।

वह इस भूमि का एकमेव स्वामी है। इस भूमि पर कृषि कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करता है। पूर्वजों की इस पुश्तैनी भूमि पर काबिज होने के कारण उसका नाम शासकीय अभिलेखों में भूमि स्वामी के रूप में दर्ज है। इसके बावजूद दूसरे पक्ष ने पंजीकृत विक्रय-पत्र निष्पादित कराकर आवेदक आदिवासी की भूमि क्रय करने की अनुमति प्रदान करने कलेक्टर के समक्ष आवेदन कर दिया है। यहां उल्लेखनीय तथ्य यह भी है कि न्यायालय अपर कलेक्टर ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि भूमि की कीमत का भुगतान करने में क्रेता द्वारा कोई छल प्रपंच किया जाता है तो विक्रय की अनुमति स्वमेव निरस्त हो जाएगी। कलेक्टर को अधिकारी होगा कि वह बिना सुनवाई के आदिवासी के पक्ष में भूमि वापस कर सकेंगे।

## नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा : युगल पीठ ने दी अंतिम मोहलत

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने सीबीआई की रिपोर्ट में आधार पर साल 2002-23 में जीएनएम पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति नहीं होने के बावजूद भी रजिस्ट्रार के आदेश पर जिन छात्रों को दाखिले दिये गये थे,उनकी जानकारी आदेश जारी किये थे। याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से जानकारी पेश करने समय प्रदान करने का आग्रह किया गया। जस्टिस संजय द्विवेदी तथा जस्टिस ए के पालीवाल की युगलपीठ ने अंतिम मोहलत प्रदान करते हुए कहा है अगली सुनवाई में जानकारी पेश नहीं करने पर सीबीआई से जांच करने पर विचार कर सकता है। युगलपीठ ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि याचिका ने जो डाटा मांगा है,उन्हें उपलब्ध कराया जाये।

गौरतलब है कि लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की तरफ से दायर याचिका में प्रदेश में फर्जी नर्सिंग कॉलेज संचालित किये जाने को चुनौती दी गयी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान पूर्व में याचिकाकर्ता तरफ से पेश किये गये आवेदन में कहा गया था कि नर्सिंग घोटाले की अनियमितता में लिप्त एक इंस्पेक्टर को काउंसिल का रजिस्ट्रार तथा तत्कालीन निदेशक को अध्यक्ष बना दिया है। दोनों अधिकारी महत्वपूर्ण पद में रहते हुए साक्ष्यों के साथ छेडछाड कर सकते है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद रजिस्ट्रार अनीता चंद्र तथा अध्यक्ष जितेश चंद्र शुक्ला को तत्काल पद से हटाने के आदेश जारी किये है। पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से बताया गया था कि आदेष के बावजूद भी दोनों अधिकारियों को हटाया नहीं गया है।

काउंसिलिंग कार्यालय से रजिस्ट्रार चार बक्से कागजात लेकर गयी है। दोनों अधिकारियों को पद से नहीं हटाये जाने पर युगलपीठ द्वारा नाराजगी व्यक्त करने पर सरकार की तरफ से 24 घंटों में आदेष का पालन करने का आश्वासन दिया गया था।

पिछली सुनवाई के दौरान काउंसिल के रजिस्ट्रार की तरफ से बताया गया कि कार्यालय में 13 से 19 दिसम्बर तक का सीसीटीवी फुटेज का डाटा उपलब्ध नहीं है। जिसे गंभीरता से लेते हुए युगलपीठ ने कहा था कि आदेष के बावजूद भी डाटा को सुरक्षित नहीं रखा गया। रजिस्ट्रार कोर्ट के साथ लुका-छुपी का खेल खेल रहे है। युगलपीठ ने पुलिस आयुक्त भोपाल तथा साइबर सेल प्रभारी को आदेशित किया था कि सीसीटीवी फुटेज को पुनः प्राप्त करने सभी संभावित प्रयास करें। तत्कालीन रजिस्ट्रार के फोन लोकेशन की भी जानकारी प्राप्त करें,जिससे कार्यालय में भौतिक उपस्थित सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी जांच करें,जिससे यह स्पष्ट हो सके की अपराधियों ने क्या-क्या चुराया है। युगलपीठ ने 15 दिनों में सील कवर लिफाफे में रिपोर्ट पेश करने के आदेष जारी किये थे।

युगलपीठ ने सीबीआई की रिपोर्ट में आधार पर साल 2002-23 में जीएनएम पाठ्यक्रम में प्रवेश की अनुमति नहीं होने के बावजूद भी रजिस्ट्रार के आदेश पर जिन छात्रों को दाखिला उनकी जानकारी पेश आदेष जारी किये थे। याचिका पर हुई सुनवाई के दौरान सरकार ने समय प्रदान करने का आग्रह किया। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त चेतावनी के साथ अंतिम समय प्रदान करते हुए अगली सुनवाई 10 फरवरी को निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता आलोक बागरेचा ने पैरवी की।



# टिकट दलालों पर आरपीएफ ने कसा शिकंजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** भारतीय रेलवे में अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु पश्चिम मध्य रेल के रेलवे सुरक्षा बल (द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसका उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और पारदर्शी सेवा सुनिश्चित करना है। रेलवे एक्ट 143 के तहत, किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा रेलवे टिकटों का अवैध तरीके से व्यापार करना, अधिक दाम पर बेचना या अन्य किसी तरीके से टिकटों की कालाबाजारी करना कानूनी अपराध है। इस एक्ट के तहत जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान है।

इसी कड़ी में ऑपरेशन उपलब्ध के तहत माह जनवरी 2025 के दौरान अवैध टिकटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने हेतु रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेलवे एक्ट की धारा 143 के तहत 08 प्रकरण दर्ज कर 09 व्यक्तियों की गिरफ्तारी करते हुए 12,53,260 रूपये की रेल टिकट जब्त की है। रेलवे विभाग ने यात्रियों से अपील की है कि वे टिकट केवल आधिकारिक रेलवे काउंटरों और ऑनलाइन प्लेट?ॉर्मों से ही बुक करें। अवैध बुकिंग से बचने के लिए कृपया हमेशा अधिकृत स्रोतों से ही टिकट प्राप्त करें।

# टिमरी जघन्य हत्याकांड का दसवां आरोपी भी गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** पाटन तहसील के अंतर्गत आने वाले टिमरी गांव में दो परिवारों के बीच हुई खूनी झड़प में एक परिवार के 4 लोगों की जघन्य हत्या मामले में पुलिस ने फरार दसवें आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस हत्याकांड के 9 आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने 9 में से 7 आरोपी पंचमढ़ी से दबोचे गए थे, जबकि 2 को जबलपुर से पकड़ा गया था।

गौरतलब है कि ग्राम टिमरी में रहने वाले कुंजन उर्फ सतीश पाठक का 2 एकड़ का खेत है। यहां उसका परिवार खेती करता है, इसी खेत में संजू साहू अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर जुआ खिलाता था। करीब 2 माह पहले कुंजन ने इसका विरोध किया और खेत से दूर जाने को कहा था। इस दौरान कुंजन और संजू के साथ मौजूद साथियों का विवाद हुआ था। बाद में परिवार वालों के बीच बचाव में मामला शांत करवाया गया। सोमवार को संजू साहू ने कुंजन पाठक को फोन लगाकर मेन रोड के पास स्थित चाय की दुकान में बात करने बुलाया। कुंजन के आने से पहले ही संजू, मनोज, पप्पू के साथ 12 से 15 लडके तलवार से लैस होकर बैठे थे। 15 मिनट बाद जैसे ही कुंजन बात करने के लिए चाय की दुकान के पास पहुंचा, तभी साहू परिवार के लोगों ने हमला कर दिया। छोटे भाई चंदन को आशंका थी कि बड़े भाई का विवाद हो सकता है तो वो भी पीछे-पीछे गया, लेकिन तब तक कुंजन की हत्या हो चुकी थी। जैसे ही चंदन अपने भाई के पास पहुंचा, चारों आरोपियों ने उसे घेरा और फिर तलवार से गला, हाथ और पीठ पर हमला कर दिया। खून से लथपथ दोनों भाई बीच सडक पर तड़पते रहे और चंद सेकेंड में ही दम तोड़ दिया था।

**अवैध निर्माण गिराने भी तैयारी**-राजस्व विभाग की ओर से नक्शे का मिलान और मकान निर्माण की अनुमति की जांच पड़ताल की जा रही है। अवैध निर्माण पाए जाने पर हत्याकांड के सभी आरोपियों के मकानों और दुकानों को बुलडोजर से जमींदोज करने की तैयारी भी तेज कर दी गई है।

**घातक हथियार हो चुके है जब्त**-एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक जबलपुर संपत उपाध्याय द्वारा थाना पाटन के टिमरी हत्याकांड मामले में 10वें शेष आरोपी महेश साहू की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीमें गठित की गईं थी, मंगलवार को पुलिस टीम को शेष आरोपी महेश साहू को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी का पुलिस रिमांड लेकर घटना के संबंध में पूछताछ होगी। मामले की जांच में जुटी पुलिस टीम ने हत्या में इस्तेमाल किए गए सभी हथियार भी बरामद कर लिए हैं।

**ये जा चुके है जेल**- मामले में पुलिस द्वारा पप्पू उर्फ नारायण साहू, और अमित साहू, चंदू उर्फ चंद्रभान साहू, दिनेश उर्फ दिन्नू साहू, मनोज साहू, सर्वेश साहू, विवेक साहू, प्रदीप साहू, संदीप नामदेव उर्फ लाली उर्फ लुलिया सभी निवासी टिमरी को जेल भेजा जा चुका है।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवती घायल

**जबलपुर,देशबन्धु।** खमरिया फैक्ट्री से अप्रेंटिस की ट्रेनिंग समाप्त कर लौट रहीं सोनपुर कमला कुंज निवासी 22 वर्षीय संस्कृति मालवीय को ईस्टलैंड हनुमान मंदिर सिक्योरिटी चौक पोस्ट के पास कार क्रमांक एमपी 20 सीई-6771 के चालक ने उल्टी दिशा से वाहन चलाते हुए उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे संस्कृति एक्टिवा सहित गिर गई और उसे चोट आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## कार की टक्कर से बाईक सवार तीन घायल

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरेला में काम करके दूसरी साईट देखने जा रहे बाइक सवार तीन मजदूरों को एक तेज रफ्तार कार के चालक ने अशोका विहार के पास टक्कर मार दी। जिससे तीनों बाईक सहित गिर गए और उन्हें चोटे आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि दमोहनाका बधैया मोहल्ला निवासी 31 वर्षीय मोहित रजक पेंटिंग पुट्टी की ठेकेदारी का काम करता है। बीते दिवस वह अपने मजदूर शेख जाहिद, अकील व राशिद को लेकर काम की दूसरी साईट देखने काशी महगवां की ओर जा रहा था। एक मोटर साइकिल में शेख जाहिद, अकील व राशिद थे। जैसे ही वे अशोका विहार के पास पहुंचे, उसी समय कार क्रमांक एमपी 20 सीके 7077 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुए शेख जाहिद की मोटर सायकल मे पीछे से टक्कर मार दी। जिससे तीनों मोटर सायकल सहित गिर गये। जिससे तीनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोट आ गई। कार चालक काशी महगवां तरफ भाग गया। जिसके बाद घायलों को उपचार के लिये समीप के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## महिला से चेन लूटी

**जबलपुर,देशबन्धु।** विजय नगर थाना क्षेत्र में लुटेरों ने एक महिला के गले में झपट्टा मार सोने की चेन लूट ली। महिला के साथ हुई वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों के संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय महिला विजयनगर से एसबीआई चौक तरफ जा रही थी। जैसे ही महिला चौराहे पर पहुंची तभी दो लुटेरे पहुंचे जिनमें से एक ने गले में झपट्टा मारकर सोने की चेन खींच ली और भाग गए। लूट की इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है।

# नर्मदा जयंती पर भव्य चुनरी यात्रा











**शहपुरा भिटोनी,देशबन्धु।** शहपुरा तहसील के ग्राम पावला में ऐतिहासिक माँ नमदां देवी की चुनरी का लोकार्पण 1/2 कि? मीटर लम्बी का किया जाता है जहाँ वीस से अधिक गाम के नरनारिया उपस्थित रहते हैं

राष्ट्रीय राजमार्ग 45 से नर्मदा चुनरी घाट तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई नर्मदा पंचकोशी समिति पावला द्वारा भगत 15 वर्षों से नर्मदा पंचकोशीय की यात्रा की जाती है जो की दीपावली के पश्चात देवउठनी ग्यारस यात्रा प्रारंभ की जाती है पूर्णिमा तक चलती है यात्रा इस पंचकोशी यात्रा में हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं उन्हें श्रद्धालुओं द्वारा नर्मदा जयंती के दिन नर्मदा प्रकट उत्सव मनाया जाता है जिसके तहत आज का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मां नर्मदा की झांकी शोभा यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ 3 किलोमीटर तक पैदल चलकर 571 फीट की चुनरी निकाल कर दोनों तरफ हजारों महिला युवा बालको वृद्धो द्वारा चुनरी में शामिल होकर नर्मदा किनारे घाट पर चुनरी को पूरी नर्मदा जी के इस पर से उसे पर तक तार के द्वारा चढ़ाई गई समिति के सदस्यों द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया शाम को संध्या आरती में सभी लोग शामिल हुए एवं मां नर्मदा को दीप दान किया साथ ही समिति के संरक्षक नेकराम पटेल द्वारा नर्मदा के घाट पर पीपल का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया गांव के उप सरपंच शंकर सिंह लोधी सामाजिक कार्यकर्ता नर्मदा प्रसाद पप्पू भैया वृक्षारोपण में भाग लिया समिति के नेकराम पटेल डॉ मेहर प्रसाद सोनी प्रताप सिंह पटेल गुड्डा अग्रवाल हरि सिंह लोधी कमलेश लोधी सरपंच लोचन विश्वकर्मा रोहिणी सिंह लोधी लाखन सिंह पटेल आदि सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## नहर के मध्य में मां नर्मदा की प्रतिमा स्थापित कर मनाया गया मां नर्मदा का प्रकटोत्सव

**बरेला,देशबन्धु।** मां नर्मदा की प्रकट उत्सव के अवसर पर नगर में जगह-जगह भंडारे और पूज्यनकर धूमधाम से मनाया गया । और इस अवसर पर पर नगर के कोतवाली मंदिर, बस स्टैंड, बी टी आई कॉलोनी और नहर किनारे और नहर के मध्य में मां नर्मदा की प्रतिमा स्थापित की गई। इस अवसर पर नहर किनारे दीपदान भी आयोजित किया गया तथा जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया।

## नर्मदा जन्मोत्सव पर ग्रामीण क्षेत्र से विशाल चुनरी यात्रा

**शहपुरा भिटोनी,देशबन्धु।** शहपुरा नगर से शहपुरा रोड पर खैरी केथरा नगर के विभिन्न क्षेत्रों गावों के माँ नमदां की चुनरी की लम्बाई की क़तार लगी मेरगाव से भेडाघाट तकरही एवं सेकेंडों नर नारियों बच्चों के साथ क्म् बद माल कछार झाँसी घाट पर आयोजन भंडारा की व्यवस्था रही ध्यान रहे कि शहपुरा तहसील के अंतर्गत इस पर ओर चरगुवा घाट को वसे नागरिकों का माँ नमदां पर अपूर्ण आस्था है यहीं कारण यह नमदा जयंती वड़े उत्साह से मनायी जाती हैआज नर्मदा जन्मोत्सव पर ग्रामीण क्षेत्र से विशाल चुनरी यात्रा मां नर्मदा जी के घाटों के लिए निकली जिसमें नटवारा,, भीटा,, फुलर,, महंगुआ,, गंज,, शहपुरा,, आदि ग्रामों के हजारों भक्तों ने मां नर्मदा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया जिसमें लखन पटेल, शिवचरण पटेल, रामस्वरूप विश्वकर्मा, संग्राम सिंह, आनंद अवस्थी, जितेंद्र पटेल, अंश पटेल, पवन पटेल, तरुण पटेल, राजेंद्र चौहान, उमाशंकर विश्वकर्मा, आदि लोग सम्मिलित हुए।

मां नर्मदा जी की प्रकट उत्सव पर ग्राम नटवारा में 1000 1100 फीट की चुनरी निकल गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर नटवारा से पैदल यात्रा माल कछार तक की गई जिसमें गांव के वरिष्ठ श्रीकांत अग्निहोत्री जी अतुल अग्निहोत्री जी अरविंद पटेल जी कपिल देव जी ओमप्रकाश अवस्थी जी प्रशांत पटेल जी यशपाल सिंह ठाकुर जी अरुण ठाकुर जी।

## नर्मदा जयन्ती पर बंजारी माता मंदिर में माँ नर्मदा के अमृत कलश पूजन,अभिषेक व भण्डारा

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** गांधीग्राम में नर्मदा जयंती के अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल व भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल के संयोजन में माँ नर्मदा व बंजारी माता पूजन व विशाल भण्डारे का शुभायोजन किया गया। बंजारी माता मन्दिर पुजारी हरिप्रसाद एवम राम जानकी मंदिर पुजारी पंडित पुनीत तिवारी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार व विधिपूर्वक माँ नर्मदा के चित्र व चतुर्भुजी माता बंजारी का नर्मदा जल से अभिषेक, अमृत कलश स्थापना व पूजन व हवन कराया गया।माँ बंजारी व माँ नर्मदा की महाआरती के सायंकालीन अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष भक्तजनों ने आरती में शामिल हुए।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल और जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनू पुष्पराज बघेल, और पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल ने बहोरीबंद विधायक प्रणय पाण्डे, सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गोटियां को मां नर्मदा का चित्र भेंट किया गया।

सुबह 11 बजे से आयोजित विशाल भण्डारे में बच्चों, युवाओं व वृद्धजनों तथा निकलने वाले राहगीरों ने भण्डारे के प्रसाद को ग्रहण किया।नर्मदा जयंती पर अमृत कलश स्थापना व माँ नर्मदा व बंजारी माता पूजन व भण्डारे के कार्यक्रम ,सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े, जिला पंचायत जबलपुर अध्यक्ष श्रीमति आशा मुकेश गोटिया ,जनपद पंचायत सिहोरा अध्यक्ष श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री, शिशिर पाण्डे, अंकित तिवारी का मातारानी की चुनरी भेंट कर स्वागत करते हुए सभी मां नर्मदा की फोटो भेंट की गई।

इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल,गजराज सिंह बघेल,अजयराज सिंह, पूर्व जल उपभोक्ता संस्था अध्यक्ष हरीशंकर तिवारी, पूर्व जनपद सदस्य महेश सेन, अजय कोरी,पूर्व जनपद सदस्य जय कुमार तिवारी,अजयराज गौतम,सनी गौतम,भागचन्द साहू, चमन असाटी सहित अनेक भक्तजन उपस्थित थे।

## पनागर से ग्वारीघाट गई चुनरी यात्रा

**पनागर,देशबन्धु।** नगर के सुभाष वार्ड स्थित बड़ी खेरमाई से नव मां नर्मदा समिति के तत्वाधान में एक लगभग 500 मीटर की विशाल चुनरी की यात्रा प्रारंभ हुई जिसका समापन ग्वारीघाट में किया गया लगभग 25 किलोमीटर की यात्रा में सैकड़ो लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए पुरुष महिला बच्चियों समेत नवयुवकों ने भाग लिया मां बड़ी खेरमाई के समक्ष पूजा अर्चना करने के बाद यात्रा प्रारंभ हुई इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ जनों ने उन्हें रवाना किया जगह-जगह चुनरी यात्रा का और भाग ले रही बच्चियों का स्वागत बंदन नागरिकों द्वारा किया जा रहा है समिति द्वारा प्रतिवर्ष यात्रा निकाली जाती है जिसमें धर्म प्रेमी लोग बड़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं

## सार-समाचार



## सरस्वती विद्यालय में विद्यारंभ पाटी पूजन कार्यक्रम

**पाटन देशबन्धु।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था सरस्वती शिशु मंदिर में तीन से पांच वर्ष के भैया बहनों का विद्यारंभ संस्कार एवं पाटी पूजन नगर के विद्वान पंडितो द्वारा बसंत पंचमी पर सरस्वती जी के पूजन के साथ संपन्न हुआ इसमें तीन से पांच वर्ष के 146 बच्चों ने अपनी माताओ के साथ हवन पूजन किया। विद्यालय के आचार्यों ने जिव्या संस्कार अनार की टहनी से शहद द्वारा जीभ में ओम लिखकर किया तथा पाटी का पूजन ओम लिख कर किया। अनेक हवन कुंडियो पर अभिभावको ने हवन किया उसके पश्चात प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया विद्यालय के आचार्यों ने नगर के विभिन्न वार्डों में सरस्वती पूजन का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में नागरिक सम्मिलित हुए इस अवसर पर विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष ठाकुर रणधीर सिंह व्यवस्थापक डॉ विष्णु दत्त त्रिपाठी जुगल किशोर अग्रवाल घनश्याम बबेले पवन जैन सौरभ शर्मा कृष्ण कुमार त्रिपाठी उत्तम मालगुजार सुमित बरसैंया राम प्यासी मनोज सोनी प्राचार्य विष्णु पाठक प्रधानाचार्य हरिनारायण कुररिया आदि बड़ी संख्या में आचार्य परिवार के साथ अभिभावक मौजूद थे।

## महाविद्यालय में यातायात प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन




**पनागर,देशबन्धु।** शा कला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. पी. के. जैन के मार्गदर्शन में यातायात संबंधी नियमों की समुचित जानकारी हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पनागर थाना पहुँचे उप निरीक्षक शेष नारायण दुबे एवं आरक्षक विनय जयसवाल, ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जिसमें दो-पहिया वाहन हैलमेट लगाकर, चार-पहिला वाहनों पर सीट बेल्ट लगाकर, शराब पीकर वाहन न चलाये, अपनी स्पीड लिमिट पर विशेष ध्यान रखें, स्टंट न करें तथा यातायात नियमों का पालन करते हुये दुर्घटनाओं से बचे। कार्यक्रम में अवधेश दुबे, श्रीमती अंजना जैन, डॉ. वर्षा शर्मा, सुश्री पूजा जैन, श्रीमती साक्षी ताम्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमलेश कुमार मौर्य आभार प्रदर्शन डॉ. गायत्री मरावी द्वारा किया।

## फोन पर छात्रा को परेशान करने वाला आरोपी शहडोल से गिरफ्तार



**अनूपपुर, देशबन्धु।** शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में अध्ययनरत बीए प्रथम की वर्ष की 19 वर्षीय छात्रा को मोबाइल फोन कर बार-बार परेशान करने वाले आरोपी युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन ने बताया कि छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई की एक अनजान युवक पिछले तीन-चार दिनों से बार-बार फोन कर उसे परेशान कर रहा है। जब छात्रा ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया, तो वह नए नंबरों से कॉल करने लगा। शिकायत मिलने पर तत्काल साइबर सेल अनूपपुर की मदद से फोन कॉल की जांच कराई। जांच के आधार पर आरोपी दुर्गेश पटेल पिता अरूण कुमार पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम सांकी थाना एवं तहसील जैतपुर, जिला शहडोल को शहडोल से गिरफ्तार किया गया।

## सीएम राइस स्कूल में लगा कैरियर मेला

**पाटन देशबन्धु।** नगर के सीएम राइस स्कूल में कैरियर मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीराम कॉलेज जबलपुर और मंगलयातन यूनिवर्सिटी से अलंकृत पाठक अमित दुबे और वेद प्रकाश चौबे शामिल हुए।

प्राचार्य अनुज सेन और कैरियर मेले की प्रभारी श्रीमती सुलेखा पाल एवं रीतेश कुमार पाल सहित शाला के शिक्षकगण उपस्थित रहे। कैरियर मेले में पधारे विशेषज्ञओ ने छात्रों का मार्गदर्शन किया तथा बच्चों को आई टी,कॉमर्स,कृषि फॉर्म,नर्सिंग, संगीत,फाइन आर्ट ,व्यवसायिक शिक्षा,विज्ञान,कला इत्यादि विषयों की महत्कवपूर्ण जानकारी दी गई वही बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान कर कैरियर पोर्टल की जानकारी भी दी गई।




## जीवनदायिनी मां नर्मदा के जन्मोत्सव पर भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

### जगह-जगह हुए भंडारे के आयोजन

**पाटन देशबन्धु।** जीवनदायिनी कही जाने वाली नर्मदा जी का प्रकटोसव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा हैं जिसमें मां नर्मदा के तटों पर माई के भक्तों के द्वारा पूजा अर्चना के साथ साथ नर्मदा जी को चुनरी अर्पित की जा रही है। नगर एवं ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भेड़ाघाट,छर्रौवा घाट,त्रिवेणी संगम पर पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाकर पूजन अर्चन कर रहे है।

## हाजी जान मोहम्मद की याद मै 8 फरवरी को मिलाद और लंगर का होगा आयोजन



**पाटन,देशबन्धु।** पाटन जामा मस्जिद के ईमाम जान मोहम्मद मुल्लाजी जी का गुरुवार दो जनवरी को 98 वर्ष की आयु में इंतेकाल हो गया। शुक्रवार 3 जनवरी को दोपहर ढाई बजे जुम्मा,जनाजा नमाज के बाद पाटन कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्देखाक किया गया था आने वाली 8 फरवरी दिन शनिवार को मुस्लिम समुदाय के द्वारा मुल्ला जी साहब का चालीसवां का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नगर सहित आस पास के मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी तादात में शामिल होगे। जानकारों के मुताबिक हर धर्म के लोगों की अपनी अपनी रीति रिवाज और मान्यताएं होती हैं। खुशी हो या गम हो इसको मनाने का सबके अपने अपने तरीके होते हैं अपनी रिवायतें होती हैं। ऐसा ही इस्लाम में मरने के बाद चालीसवां करने का चलन होता है.सरल भाषा में मौत के चालीस दिनों के बाद,मरने वाले के लिए फातिहा (कुरआन ख्वानी) का आयोजन किया जाता है। पार्षद शेख अमजद ने बताया कि मुल्ला जी का चालीसवां स्थानीय मुस्लिम समाज के लोगो के सहयोग से किया जा रहा है जिसमे शिरकत करने डाक्टर मुशाहिद रजा कादरी सिद्दीकी,अखलाकुल कादरी, अजीजुउददीन जाफरी,सैयद अब्दुर्रहमान मिसबाही,फैजान रजा मसकजी,अकरम रजा पहुंचकर तकरीर पेश करेगे। हसनैन मस्जिद कमेटी के द्वारा अधिक से अधिक संख्या में आने की गुजारिश की है बाहरी लोगो के लिए खाना और आवास की भी व्यवस्था कमेटी के द्वारा की जा रही है।

## तहसील पनागर के साईं वेयर हाउस में एक भी किसान भाईयों का नहीं हुआ भुगतान

**पनागर,देशबन्धु।** भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष रामदास पटेल ने बताया की धान खरीदी की तिथि समाप्त हो गई है जिन किसान भाईयों ने धान उपार्जन धान बेचीं है उनकी बकायदा पर्ची भी मिल चुकी है जबलपुर जिले में तहसील पनागर के अंतर्गत साई वेयर हाउस जिसमें 110 किसानों से 16,000 क्विंटल धान उपार्जन करने के उपरांत एक भी किसान का भुगतान नहीं हुआ है ।

जबलपुर जिले और तहसील पनागर के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि कहें या बहुत बड़ी समस्या कहे उक्त पूरे मामले में अधिकारी कर्मचारी उक्त समस्या को लेकर मौन धारण किए हुए जिला प्रशासन का रवैया से भारतीय किसान संघ जबलपुर आक्रोश बना हुआ। भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत जिला जबलपुर जल्द से जल्द किसान भाईयों के भुगतान की मांग करता है।

## उल्लास नवभारत साक्षरता की बैठक संपन्न

### प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी ने किया नवभारत साक्षरता के चेतना केदो का निरीक्षण



**गांधीग्राम,देशबन्धु।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षरता दर बढ़ाने के लिए 16 फरवरी 2025 को होने वाली है , इसी के तारतम में प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्रीमती अंजनी सेलट द्वारा सामाजिक चेतना केदो क्रमश: एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला गांधीग्राम, शासकीय माध्यमिक शाला धरमपुरा,प्राथमिक शाला धमधा आदि केदो का निरीक्षण किया गया और नोडल अधिकारियों,अक्षरसाथियों से पंजीयन के संबंध में प्रगति की जानकारी ली गई, अक्षर साथियों से निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पंजीयन करने कहा गया,मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा के संबंध में समीक्षा बैठक का भी आयोजन बालक एकीकृत माध्यमिक शाला गोसलपुर में समय दोपहर 2:00 बजे से किया गया। समीक्षा बैठक में प्रौढ़ जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती अंजनी सेलट जबलपुर द्वारा,योजना का उद्देश्य बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, बुनियादी शिक्षा और सतत शिक्षा का विकास है। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता प्रदान किया जाना है। यह कार्यक्रम जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के माध्यम से जिले में क्रियान्वित किया जा रहा है आदि जानकारी दी गई।

इस अवसर पर जन शिक्षा केंद्र प्रभारी गोसलपुर ,विकासखंड सहसमन्वयक साक्षरता श्याम राव मांडेलकर ,संकुल सह समन्वयक साक्षरता गोसलपुर एस एल मोगरे, गांधीग्राम सह समन्वयक बृजेश झारिया एवं जन शिक्षा केंद्र के सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे ।

# खेत में 15 फीट लंबा मगरमच्छ

## वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर जलाशय में छोड़ा

**दमोह, देशबन्धु।** जिले में सैकड़ों की संख्या में मगरमच्छ हैं, जिनमें सबसे ज्यादा ब्यारमा नदी में पाए जाते हैं। इसके अलावा, अन्य नदियों में भी इनकी संख्या अधिक है। इसी कारण, अक्सर ये मगरमच्छ नदी-तालाबों से लगे आबादी क्षेत्र और खेतों में दिखाई देते हैं।

दमोह जिले के सिग्रामपुर के भोजपुरहार में मंगलवार सुबह खेत में मगरमच्छ देख किसानों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद किसानों ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। दरअसल, यह इलाका रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व से घिरा हुआ है। निदान बीट के खेतों में दिखे मगरमच्छ की सूचना किसानों द्वारा वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को रस्सियों से बांधकर काबू में किया और फिर उसे सिंगौरगढ़ जलाशय में सुरक्षित छोड़ दिया गया।



डिप्टी रेंजर लाइक खान ने बताया कि दो-तीन दिन से खबर मिल रही थी कि गांव के आसपास खेतीहर भूमि में मगरमच्छ घूम रहा है, वह खेतों में छिपा बैठा है। सुबह जैसे ही किसानों को मगरमच्छ दिखा, हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे सिंगौरगढ़ जलाशय में छोड़ा गया। गनीमत रही कि खेतों में छिपे मगरमच्छ को वहां काम कर रहे ग्रामीणों ने देख लिया और समय रहते वन विभाग को सूचना दी, जिससे उसका सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सका। बता दें कि दमोह जिले में सैकड़ों की संख्या में मगरमच्छ हैं, जिनमें सबसे ज्यादा ब्यारमा नदी में पाए जाते हैं। इसके अलावा, अन्य नदियों में भी इनकी संख्या अधिक है। इसी कारण, अक्सर ये मगरमच्छ नदी-तालाबों से लगे आबादी क्षेत्र और खेतों में दिखाई देते हैं। पिछले साल नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत आठ साल के बच्चे को एक मगरमच्छ अपने जबड़े में दबाकर ले गया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इसके अलावा, कई ग्रामीणों पर भी मगरमच्छों द्वारा हमला किए जाने की घटनाएं सामने आई हैं।



## विधायक पाठशाला में बिन्नीबाई स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**पनागर,देशबन्धु।** नगर में संचालित विधायक पाठशाला में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 10 विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया था इसमें नगर की श्रीमती बिन्नी बाई स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर विधायक पं सुशील तिवारी इंदू भैया एवं अन्य गणमान्य जनों ने श्रीमती बिनीबाई स्कूल के छात्र चिन्मय ड्योरिया और उनके साथ 10 छात्रों को प्रशस्ति पत्र शील्ड प्रदान किए शालेय प्राचार्य राजेंद्र पाठक प्रबंधक डॉ सुनील देवरिया शिक्षक श्रीमती मोहिनी बुनकर श्रीमती अंजना पांडे उपस्थित रहे नगर में शाला गौरवान्वित हुई।

## बुर्ज-खलीफा के बाद भी नहीं है चैन, 2028 तक बनाएगा एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड

दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज-खलीफा बनाने के बाद भी दुबई एक बार फिर लोगों को हैरान करने के लिए तैयार हो रहा है। अब यह शहर एक और अनूठी ऊंचाई छूने जा रहा है। दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मक्तूम ने ऐलान किया कि दुबई जाबील पार्क में दुनिया का सबसे ऊंचा वेलबीइंग रिजॉर्ट 'थर्मे दुबई' बनाया जाएगा। यह भव्य प्रोजेक्ट 100 मीटर की ऊंचाई पर बनाई जाएगा और इसे 2028 तक खोलने की योजना है।

**5 लाख स्क्वायर फीट में फैलेगा विशाल रिजॉर्ट**× खलीज टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस नए लैंडमार्क के विकास के लिए सरकार 2 अरब दिरहम (47 अरब रुपये) का निवेश कर रही है। यह रिजॉर्ट 5 लाख स्क्वायर फीट के क्षेत्र में फैला होगा और इसमें तीन प्रमुख सेक्शन होंगे, जो रेस्टिंग, रेस्टोरेशन और मनोरंजन पर केंद्रित होंगे। इस प्रोजेक्ट में दुनिया का सबसे बड़ा इनडोर बॉटैनिकल गार्डन भी शामिल होगा, जहां हर साल 17 लाख पर्यटकों के आने की उम्मीद है। इसके अलावा, यह एक इंटरैक्टिव पार्क का भी हिस्सा होगा, जो दुबई के नागरिकों और पर्यटकों को एक नया अनुभव प्रदान करेगा।

### शी जिनपिंग ने आपदा में भी ढूंढ लिया अवसर

# ट्रंप के 10 प्रतिशत टैरिफ के बावजूद चीन के दोनों हाथ लड्डू कैसे

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच चल रहा व्यापार युद्ध अह और गहरा गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के तीसरे हफ्ते में पड़ोसी कनाडा और मैक्सिकों पर 25 फीसदी का कर लगा दिया, जबकि पुराने प्रतिद्वंद्वी चीन पर 10 फीसदी का टैरिफ लगा दिया। टैरिफ लागू होता, इससे पहले ट्रंप ने दोनों पड़ोसियों से बात कर उन्हें फौरी राहत दे दी और एक महीने तक 25 फीसदी कर थोपने के अपने फैसले को टाल दिया लेकिन चीन को यह अवसर नहीं दिया। उधर, ट्रंप प्रशासन के फैसले से भड़के चीन ने अमेरिका से आयात होने वाले सामानों पर भी 10 से 15 फीसदी का जवाबी टैक्स लगा दिया। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को घोषणा की कि वह अमेरिका के खिलाफ कई उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगा रहा है। साथ ही उसने अमेरिकी सर्च इंजन 'गूगल' की जांच सहित अन्य व्यापार संबंधी उपायों की भी घोषणा की है। चीनी सरकार ने कहा, वह कोयला तथा तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) उत्पादों पर 15त्न शुल्क लागू करेगी। साथ ही कच्चे तेल, कृषि मशीनरी, बड़ी कारों पर 10त्न शुल्क लगाया जाएगा। बयान में कहा गया, ''अमेरिका की एकतरफा शुल्क वृद्धि विश्व व्यापार संगठन के नियमों का गंभीर उल्लंघन है। यह अपनी समस्याओं को हल करने में कोई मदद नहीं करेगा, बल्कि यह चीन तथा अमेरिका के बीच सामान्य आर्थिक व व्यापार सहयोग को नुकसान पहुंचाएगा।''

**अमेरिकी दांव से चीन क्यों परेशान–** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के इस दांव से चीन बौखलाया हुआ है क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था पहले से ही सुस्त चल रही है। ऐसे में अमेरिकी टैक्स से चीनी निर्यात को झटका लगने की आशंका है। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल (2017–2021) में



भी चीनी सामानों पर टैक्स लगाकर अरबों डालर कमाए थे लेकिन चीन ने इस आसन्न आपदा से निपटने की तैयारी पहले ही कर ली थी। चीन ने ट्रंप के पहले कार्यकाल में लगे शुल्क से सीख लेते हुए अपना बाजार अमेरिका से इतर दूसरे देशों में फैला लिया है। यानी चीनी अर्थव्यवस्था अब अमेरिकी बाजार पर उतनी निर्भर नहीं रह गई है, जितनी कि 2020 में थी। चीन ने इस दौरान अब अपना उपभोक्ता बाजार अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और दक्षिण पूर्व एशिया में शिफ्ट कर लिया है और करीब 120 से ज्यादा देशों को अपना व्यापारिक साझेदार बना लिया है। ऐसे में चीन को 10 फीसदी अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ से उतना घाटा नहीं होगा, जितना कि अमेरिका ने पहले कमाया था। इसके अलावा चीन–अमेरिका के बीच अभी भी बातचीत होने और व्यापार युद्ध पर समझौते के आसार बने हुए हैं।

बीजिंग अभी भी शांत बना हुआ है और वह अंतिम क्षण तक शांत बना रहा। बीजिंग ने वॉशिंगटन द्वारा टैरिफ लगाने के बाद ही जवाबी कर लगाया। इसमें भी चीन ने 10 फरवरी से उसे लागू करने का ऐलान किया है। दूसरी तरफ अमेरिका अपने कदमों से अनिश्चितता का सामना कर रहा है।

### युद्ध की तैयारी में जुटा है चीन

# नए कमांड कॉम्प्लेक्स ने बढ़ाई चिंता, हैरान करने वाली डिटेल



क्या चीन युद्ध की तैयारी में जुटा है? राष्ट्रपति शी जिनपिंग तो इसे लेकर बेहद गंभीर नजर आते हैं कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी को जंग के लिए तैयार रहना चाहिए। चीनी सैन्य हवाई अड्डों को मजबूत बनाया जा रहा है। बमबारी से सैनिकों की रक्षा के लिए नए कमांड कॉम्प्लेक्स का निर्माण हो रहा है। इस तरह की तैयारियों से कुछ ऐसे ही संकेत मिलते हैं। सैटेलाइट इमेजरी से पता चला कि पीएलए की ओर से कई तरह के प्रोजेक्ट्स पर काम जारी है। मगर, इनमें सबसे ज्यादा चौंकाने वाला नया कमांड कॉम्प्लेक्स है। राजधानी बीजिंग से लगभग 25–30 किमी पश्चिम–दक्षिण में इसका निर्माण हो रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स ने बीती जनवरी के आखिर में कमांड कॉम्प्लेक्स को लेकर रिपोर्ट छापी थी। पता चला कि पीएलए की खातिर युद्धकालीन कमांड–एंड–कंट्रोल सेंटर के रूप में कार्य करने के लिए इसे डिजाइन किया गया है। यह साइट लगभग 1,500 एकड़ के दायरे में फैली हुई है। खास बात यह है कि पेंटागन की तुलना में यह 10 गुना बड़ी है। सैटेलाइट इमेजरी से खुलासा हुआ कि जमीन में कई गहरे गड्ढे किए गए हैं, जिनमें मजबूत बंकर बनाए जाएंगे। जानकारों का मानना है कि परमाणु हमला होने पर ये बंकर पर्याप्त सुरक्षा दे सकते हैं। जैसे ही यह कमांड कॉम्प्लेक्स पूरा होगा, दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य कमांड सेंटर कहलाएगा। कुछ लोग इसे बीजिंग मिलिट्री सिटी भी कह रहे हैं।

**4 किमी के दायरे में फैला है कॉम्प्लेक्स–** रिपोर्ट के मुताबिक, कमांड कॉम्प्लेक्स में हर दिन 100 से अधिक क्रेनें काम कर रही हैं। इस निर्माण स्थल की चौड़ाई लगभग 4 किलोमीटर तक है। साथ ही जमीन में काफी गहराई तक निर्माण कार्य चल रहा है। बमबारी या कोई बड़ा हमला होने पर इसमें जीवित बचने की संभावना अधिक होगी। चीन में बन रहे इस नए परिसर के बारे में अभी बहुत ज्यादा जानकारी सामने नहीं आ पाई है। इसके अलावा, कॉम्प्लेक्स को लेकर जिस तरह के दावे किए जा रहे हैं उनकी पुष्टि करना भी मुश्किल है। खबर में कहा गया कि भूमिगत मार्ग से जुड़े कई अंडरग्राउंड नोड हैं, जिन्हें सबवे नेटवर्क की तरह तैयार किया जा रहा है। इस तरह की अपुष्ट जानकारियां चीन के नए मिलट्री कमांड कॉम्प्लेक्स को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। वैश्विक सुरक्षा के लिए इन सवालों का समय से जवाब मिलना भी जरूरी है।

## आज का इतिहास

664– प्रसिद्ध चीनी बौद्ध भिक्षु ह्वेनसांग का निधन। ह्वेनसांग हर्षवर्धन के शासन काल में भारत आए थे।

1630– सिख गुरु हर राय जी का जन्म।

1679– जर्मन शासक लियोपोल्ड प्रथम ने फ्रांस के साथ शांति समझौता पर हस्ताक्षर किया।

1783– इटली के कालाब्रिया में भीषण भूकंप में 30000 लोग मारे गए।

1870– फिलाडेल्फिया के थियेटर में पहली बार चलचित्र दिखाया गया।

1900– अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पनामा नहर संधि हुई।

1916– हिंदी और संस्कृत के महान कवि जानकी बल्लभ शास्त्री का जन्म हुआ।

1917– मैक्सिको का मौजूदा संविधान लागू हुआ।

1922– चौरी चौरा में थाने पर भीड़ के हमले में 22 पुलिसकर्मियों की मौत। इस घटना ने महात्मा गांधी के अहिंसा आंदोलन को कुछ समय के लिए पटरी से उतार दिया।

1924– रेडियो समय संकेतक जीएमटी का पहली बार प्रसायण रायल ग्रीनविच से हुआ।

## सुडोकू 6816

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 7 |
| 8 | 2 | | | | | 6 | 9 | |
| | | 4 | | 3 | | 5 | 2 | |
| | | 2 | | | 9 | 1 | 6 | |
| 3 | | | 1 | | 6 | | | 2 |
| | 1 | 8 | 2 | | | 7 | | |
| | 4 | 5 | | 2 | | 3 | | |
| | 8 | 6 | | | | | 1 | 5 |
| 7 | | | | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# क्या मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल करने से कैंसर होता है? ताजा रिसर्च आई सामने

क्या मोबाइल फोन के अधिक उपयोग से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का खतरा बढ़ जाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से कराए गए ताजा शोध में इस आशंका को सिरे से खारिज कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया की परमाणु एवं विकिरण सुरक्षा एजेंसी की ओर से रिसर्च की गई। इसमें मोबाइल फोन के इस्तेमाल और विभिन्न कैंसर के बीच कोई संबंध नहीं पाया गया है। डब्ल्यूएचओ की ओर से कराए गए और मंगलवार को प्रकाशित शोध के मुताबिक, मोबाइल फोन से निकलने वाली रेडियो तरंगों के संपर्क में आने पर किसी भी प्रकार का कैंसर नहीं होता है। शोध में मोबाइल और ल्यूकेमिया, लिम्फोमा व थायरॉयड और मुंह के कैंसर सहित विभिन्न कैंसर के बीच कोई संबंध नहीं पाया गया। गौरतलब है कि यह एआरपीएएनएसए की ओर से की गई दूसरी डब्ल्यूएचओ–कमीशन व्यवस्थित समीक्षा है। सितंबर 2024 में प्रकाशित पहली रिपोर्ट में मोबाइल फोन के उपयोग और मस्तिष्क व अन्य सिर के कैंसर के बीच संबंध की खोज की गई। इस दौरान कोई संबंध नहीं पाया गया था। दोनों अध्ययनों के मुख्य लेखक व एआरपीएएनएसए में स्वास्थ्य प्रभाव आकलन के सहायक निदेशक केन कारिपिडिस ने अधिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए शोध में मोबाइल फोन, टावरों और कैंसर के बीच संबंध पर सभी उपलब्ध साक्ष्यों का मूल्यांकन किया गया है।

**शोधकर्ताओं ने क्या पाया नतीजा**

डायरेक्टर केन ने बताया, शोधकर्ताओं को रेडियो तरंगों के संपर्क और विभिन्न कैंसर के बीच कोई संबंध नहीं मिला। मगर, टीम मस्तिष्क कैंसर पर समीक्षा की तुलना में परिणामों के बारे में उतनी निश्चित नहीं हो सकती। ऐसा इसलिए है क्योंकि इन कैंसर और वायरलेस तकनीक से रेडियो तरंगों के संपर्क के बीच संबंध पर उतने साक्ष्य नहीं हैं। अध्ययन में योगदान देने वाले एआरपीएएनएसए के वैज्ञानिक रोहन मेट ने बताया कि निष्कर्ष वायरलेस तकनीक और कैंसर के बारे में जनता को सूचित करने के लिए ज्ञान के भंडार में वृद्धि करेंगे। दोनों व्यवस्थित समीक्षाएं रेडियो तरंगों के संपर्क से स्वास्थ्य प्रभावों पर ताजा आकलन को सूचित करेंगी, जिसे डब्ल्यूएचओ तैयार कर रहा है।

# मिन्सक की मदद को तैयार मॉस्को, बेलारूस में ओरेशनिक मिसाइल प्रणाली तैनात करेगा रूस

**मास्को, (आईएएनएस)।** रूस बेलारूस में अपनी ओरेशनिक मिसाइल प्रणाली तैनात करेगा। एक वरिष्ठ रूसी राजनयिक ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। रूसी अधिकारी एलेक्सी पोलिशचुक ने तास समाचार एजेंसी को दिए एक साक्षात्कार में कहा, हमारी संबद्ध प्रतिबद्धताओं के अनुरूप...रूस मिन्स्क को जरूरी मदद प्रदान करने और हमारे साझा रक्षा क्षेत्र की सुरक्षा के लिए कदम उठाने के लिए तैयार है। पोलिशचुक विदेश मंत्रालय में स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रमंडल के द्वितीय विभाग के प्रमुख हैं।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन समझौतों के तहत बेलारूस में मध्यम दूरी की बैलिस्टिक ओरेशनिक मिसाइलें तैनात की जाएंगी। पोलिशचुक ने कहा कि बेलारूस में पहले से ही एक संयुक्त क्षेत्रीय बल समूह, आधुनिक रूसी रक्षा प्रणालियां और गैर–रणनीतिक परमाणु हथियार मौजूद हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश के सशस्त्र बल और सुरक्षा एजेंसियां बाहरी और आंतरिक दोनों तरह के खतरों से स्वतंत्र रूप से निपटने में सक्षम हैं। जनवरी के अंत में, बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने कहा था कि रूस की ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसाइल प्रणाली किसी भी दिन देश में आ जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रणाली को स्मोलेंस्क क्षेत्र के करीब तैनात किया जा सकता है।


बेलारूस यूक्रेन के साथ 1084 किलोमीटर लंबा बॉर्डर साझा करता है। हाल ही में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि रूस और यूक्रेन के बीच किसी भी संभावित शांति समझौते को दोनों देशों की दीर्घकालिक सुरक्षा की गारंटी देनी चाहिए। स्थानीय मीडिया के साथ एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा, दस्तावेजों पर अंतिम हस्ताक्षर एक बहुत ही गंभीर मुद्दा है, जो भविष्य में यूक्रेन और रूस दोनों की सुरक्षा की गारंटी देगा। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन रूस के साथ बातचीत करने के लिए किसी को भी नामित कर सकता है, लेकिन जब कोई समझौता होता है तो उस पर वैध यूक्रेनी अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि वोलोदिमिर जेलेंस्की अब यूक्रेन के वैध राष्ट्रपति नहीं हैं।

पुतिन ने यूक्रेन से रूस के साथ बातचीत पर प्रतिबंध लगाने संबंधी ज़ेलेंस्की द्वारा हस्ताक्षरित आदेश को रद्द करने की अपील की। उन्होंने कहा अग ऐसा नहीं हुआ तो दोनों देशों के बीच कोई भी बातचीत अवैध होगी। पुतिन ने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन मुद्दे को सुलझाने की प्रक्रिया के दौरान रूस अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करेगा।

# मंगोलिया का लगभग 80 प्रतिशत भूभाग बर्फ से ढका

**उलानबटोर, (आईएएनएस)।** राष्ट्रीय मौसम विज्ञान और पर्यावरण निगरानी एजेंसी ने सोमवार को बताया कि मंगोलिया का लगभग 80 प्रतिशत भूभाग बर्फ से ढका हुआ है। मौसम निगरानी एजेंसी ने एक बयान में कहा, 31 जनवरी तक देश का लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र 60 सेमी मोटी बर्फ से ढका हुआ है। मंगोलिया अपनी कठोर सर्दियों के लिए जाना जाता है, जो काफी हद तक साइबेरियाई उच्च दबाव प्रणाली से प्रभावित होता है। पिछली सर्दियों में, इस एशियाई देश ने दशकों में सबसे अधिक ठंड का अनुभव किया, यहां 1975 के बाद से सबसे अधिक रिकॉर्ड बर्फबारी हुई। लगभग 90 प्रतिशत क्षेत्र 100 सेमी मोटी बर्फ से ढका था, जिससे भयंकर स्थिति उत्पन्न हो गई, जो मंगोलिया के लिए एक प्राकृतिक आपदा है। अत्यधिक ठंड और भारी बर्फबारी के कारण पशुधन को भोजन तक पहुंच नहीं मिल पाता है, जिससे बड़े पैमाने पर पशुओं की मृत्यु हो जाती है। दजुड एक मंगोलियन शब्द है, जो एक भयावह सर्दी का वर्णन करता है। इसमें पशु, चरागाहों के जम जाने या बर्फ से ढक जाने के कारण मर जाते हैं, तथा खानाबदोश चरवाहों की आजीविका को खतरा पैदा हो जाता है। पिछले सप्ताह, मंगोलियाई सरकार ने कहा कि उसने 2025 के वसंत ऋतु के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के निवासियों के लिए निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कम से कम 10,000 टन पशुधन मांस का भंडार करने का निर्णय लिया है। बुधवार को सरकार के प्रेस कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, आरक्षित मांस की आपूर्ति, वितरण, बिक्री, गुणवत्ता और सुरक्षा की निगरानी के लिए संबंधित अधिकारियों को नियुक्त किया गया है।

## वर्ग पहेली 6816



**बायें से दायें:–**

१. किसी महाजन, व्यापारी आदि के हिसाब की किताबें
३. नापाक, अशुद्ध
५. जो कभी न टूटे
६. निवासी
७. चंद्रमा
९. प्रार्थी, सवाल करने वाला (उर्दू)
१०. एक दैत्य जिसका वध श्रीकृष्ण ने किया था
१२. दिलचस्प, रुचिकर
१३. रिश्ता, लगाव
१४. डर से घबराया हुआ
१६. खोपड़ी, माथा
१८. लक्ष्मी
२०. हिंसक पशु (उर्दू)
२१. प्रतिपक्षी को लड़ने के लिए दी जाने वाली चुनौती
२३. पिशाच की तरह क्रूर स्वभाव वाला मनुष्य

**ऊपर से नीचे:–**

१. वर्षा
२. गले के नीचे से शुरू होने वाली नली जिससे भोजन पेट में पहुंचता है
३. अनुमान, अंदाजा
४. मुखालफत, प्रतिरोध
५. मुताबिक
८. लाल कमल
१०. बचा हुआ, अवशेष, बाकी रकम
११. दोष या खराबी दूर करने की क्रिया या भाव
१२. रोकने वाला, विघ्न, रुकावट
१३. युद्ध
१४. बहुत से लोगों का बदहवास होकर एक साथ भागना
१५. अपनी तौल के बराबर अन्न– द्रव्य आदि का दान
१७. खंड़ाऊ, चप्पल
१८. हरगिज
१९. लोभ
२२. ध्वनि,आवाज

### वर्ग पहेली–6815

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्र | वं | २ च | ना | ३ | | ४ भि | त्ति | ५ चि | त्र |
| भा | | टु | | ६ आ | कां | क्षा | | ते | |
| ७ वि | षै | ला | | म | | ट | | ८ रा | ९ व |
| त | | ल | | १० द | र्श | न | | | च |
| | ११ आ | स | १२ वा | | | | १३ प्र | धा | न |
| | द | | स | | १४ ब | ढ़ि | या | | ब |
| १५ नि | र | १६ स | न | | धि | | १७ स | १८ मृ | द्ध |
| रं | | ह | | १९ स | र | २० स | | णा | |
| २१ कु | मु | द | | ब | | २२ ब | द | ल | २३ ना |
| श | | २४ य | क | ब | य | क | | | श |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**संकट**

### पर्यावरणविदों, स्थानीय समुदायों और वन्यजीव अधिकारियों के बीच चिंताएं बढ़ गईं

# जलवायु परिवर्तन से खतरे में हैं कश्मीर के वेटलैंड

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 3 फरवरी (देशबन्धु)। कश्मीर के वेटलैंड, जो कभी महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र हुआ करते थे, लंबे समय से चल रहे सूखे और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के कारण लगातार खतरे में हैं। इन चुनौतियों ने कश्मीर के नाजुक वेटलैंडों को काफी नुकसान पहुंचाया है, जिससे पर्यावरणविदों, स्थानीय समुदायों और वन्यजीव अधिकारियों के बीच चिंताएं बढ़ गई हैं।**

नतीजतन, कश्मीर को एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन के नुकसान का सामना करना पड़ रहा है जो वन्यजीवों और कृषि दोनों को बनाए रखता है। जानकारी के लिए प्रवासी पक्षियों के लिए एक पड़ाव के रूप में अपने महत्व के लिए व्यापक रूप से 'एवियन एयरपोर्ट' के रूप में जाना जाने वाला होकरसर प्रभावित वेटलैंडों में से एक है। हर साल, हजारों पक्षी अपने प्रवास के दौरान इस वेटलैंड से गुजरते हैं। हालांकि, चल रही शुष्क परिस्थितियां और बदलते जलवायु पैटर्न इस प्रवासी पक्षियों के महत्वपूर्ण अभयारण्य अर्थात वेटलैंड को खतरे में डाल रहे हैं। एक पर्यावरण विशेषज्ञ का अनुमान है कि 55 वर्ग किलोमीटर वेटलैंड गायब हो गया है।

विशेषज्ञ बताते थे कि मुख्य रूप से लंबे समय तक सूखे की स्थिति, कम वर्षा और बढ़ते तापमान के कारण यह परिस्थिति पैदा हुई है। नतीजतन, इन वेटलैंडों में जल स्तर काफी कम हो गया है, जिससे पक्षी आबादी में उल्लेखनीय



■ पर्यावरण विशेषज्ञ का अनुमान है कि 55 वर्ग किलोमीटर वेटलैंड गायब हो गया है

गिरावट आई है जो कभी कश्मीर में आते थे। यह सच है कि यह स्थिति वैश्विक जलवायु रिपोर्टों को दर्शाती है, जो संकेत देती है कि पिछला दशक रिकार्ड पर सबसे गर्म रहा है। कश्मीर कोई अपवाद नहीं है, लंबे समय तक सूखे की अवधि के कारण नदियों का प्रवाह कम हो जाता है, जिससे यह समस्या और भी बढ़ जाती है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु रिपोर्ट ने इसे क्षेत्र के पारिस्थितिकी भविष्य के लिए एक गंभीर चिंता के रूप में चिह्नित किया है।

श्रीनगर के वन्यजीव वार्डन अल्ताफ अहमद कहते थे कि प्रवासी पक्षियों को सहारा देने के लिए वेटलैंड्स को न्यूनतम जल स्तर की आवश्यकता होती है, खासकर सर्दियों में। उनके मुताबिक, ये वेटलैंड्स एक अनूठा वातावरण प्रदान करते हैं – दलदल, सूखापन और पानी का संयोजन – जो इन पक्षियों के लिए आवश्यक है।

जबकि पानी की कमी बढ़ रही है, अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रवासी पक्षियों के लिए आवश्यक न्यूनतम जल स्तर बनाए रखा जाए, खासकर होकरसर जैसे प्रमुख वेटलैंड्स में।

# खेल जगत

## घर-घर में खिलाड़ी तैयार करना है सरकार का मकसद : आर्या

**अल्मोड़ा/नैनीताल।** उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य ने मंगलवार को अल्मोड़ा के रानीखेत और सोमेश्वर विधानसभा में एक मिनी स्टेडियम और दो सड़कों के निर्माण का शुभारंभ किया। इस मौके पर खेल मंत्री ने कहा कि वह इतनी खेल सुविधाएं जुटाना चाहती हैं जिससे प्रदेश भर में घर-घर में खिलाड़ी तैयार हो सकें। सबसे पहले कैबिनेट मंत्री ने सिलोर महादेव की भूमि पर प्रस्तावित मिनी स्टेडियम को लेकर लोगों से संवाद करते हुए कहा कि मिनी स्टेडियम बनने के बाद सिलोर महादेव की भूमि से घर-घर से खिलाड़ी निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों के भविष्य को स्वर्णिम बनाने की सभी तैयारी पहले से ही कर दी है। पहले पर्वतीय क्षेत्रों में आम लोगों की तरफ से सड़क, स्कूल और अस्पताल बनाने की मांग की जाती थी लेकिन अब जगह-जगह स्टेडियम बनाने की मांग की जा रही है।



# भारत को विश्व कप, एशियाई खेलों और ओलंपिक में हॉकी स्वर्ण जिताना मेरा लक्ष्य : जुगराज सिंह

- मैं एचआईएल की शानदार फॉर्म को एफआईएच प्रो लीग में जारी रख सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं
- मैं हॉकी में आज जहां भी पहुंचा उसका पूरा श्रेय मेरे बड़े भाई को है

❍ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (देशबन्धु)। जुगराज सिंह की कहानी अभावों के बीच से अपने जीवट से खुद की भारत के बेहतरीन हॉकी ड्रैग फ्लिकर के रूप में पहचान बनाने की प्रेरक दास्तां है। अपने परिवार की गुजर बसर के लिए जुगराज ने कभी भारत की सरहद पर अटारी-वाघा बॉर्डर तिरंगा और पानी की बोतलें बेचीं। जुगराज सिंह ने अपने संकल्प से खुद को पुरुष हॉकी टीम में कप्तान हरमनप्रीत सिंह के बाद खुद को भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ ड्रैग फ्लिकर के रूप अलग पहचान बनाई है। सात बरस के फिर से शुरू हुई हीरो पुरुष हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में जुगराज सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर सबसे ज्यादा 12 गोल कर श्राची रार बंगाल टाइगर्स को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। जुगराज सिंह ने शानदार हैट्रिक जमा बंगाल टाइगर्स को राउरकेला में हैदराबाद तूफांस के खिलाफ फाइनल 4-3 से जीत दिला एचआईएल चैंपियन बनाने में बतौर ड्रैग फ्लिकर अपना हुनर दिखा भारत के दक्षिण अफ्रीकी कोच क्रेग फुल्टन का दिल जीता। अटारी, पंजाब में जन्में जुगराज सिंह की भारत के शीर्ष हॉकी ड्रैग फ्लिकर के रूप में खुद को स्थापित बनाने की कहानी उनके जीवट और धैर्य की कहानी है। जुगराज के पिता भारतीय फौज में कुली का काम करते थे और अचानक बीमार पड़ गए और ऐसे मुश्किल दौर में बहुत कम उम्र में जुगराज ने अपने परिवार को चलाने की जिम्मेदारी खुद संभाली। जुगराज इन चुनौतीपूर्ण मुश्किल दिनों को याद करते हुए कहते हैं,'मैंने एक बार भी यह सवाल नहीं किया कि मैं ऐसा क्यों कर रहा हूं। उस समय मेरा परिवार मेरी सबसे पहली प्राथमिकता था। मैं जानता था कि मैं कड़ी मेहनत कर अपने परिवार की मदद कर सकता हूं और इसी से परिवार को दो वक्त का खाना मयस्सर हो सकता है। मैं पानी की बोतलें और तिरंगे झंडे बेच कर मैं अपने परिवार को चलाने में मदद कर सकता था क्योंकि हमारे पास कमाई का कोई और दूसरा जरिया ही नहीं था। तब मेरा मानना था कि मेरी मेहनत मेरे भविष्य का रास्ता तय करेगी और ऐसा हुआ भी।' जुगराज कहते हैं, 'मैंने अपने हिस्से का संघर्ष झेला, लेकिन मेरा हमेशा से यह विश्वास रहा है कि मेहनत से हर मुश्किल पर पार पाया जा सकता है। जब तक मुझमें भारत के लिए खेलने का दम है, कड़ी मेहनत जारी रखूंगा क्योंकि भारत ने मुझे सब कुछ दिया है। मैं भारतीय टीम के लिए बड़े मंचों पर अपना खेल बेहतर करने को लिए प्रेरित हूं। मेरा अगला बड़ा लक्ष्य भारत को विश्व कप, एशियाई खेलों और ओलंपिक में हॉकी स्वर्ण पदक जिताना है। मैं कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा और इन चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करूंगा। मैं बराबर खुद को बेहतर करने में लगा हूं और जब तक हॉकी खेलूंगा, तब तक ऐसा करता रहूंगा। मैं एचआईएल की अपनी इस शानदार फॉर्म को एफआईएच प्रो हॉकी लीग में जारी रख कर अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। एचआईएल ने मेरा आत्मविश्वास बहुत बढ़ाया है। मैं अच्छी फॉर्म में हूं और यदि मौका मिला तो मैं एचआईएल की अपनी इस शानदार लय को एफआईएचल प्रो लीग में भी जारी रखना चाहता हूं और भारतीय टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं। एचआईएल प्रो लीग बड़ा टूर्नामेंट है और मैं बराबर पूरी शिद्दत से अपना शानदार प्रदर्शन को बेताब हूं।



> 'मैंने अपने हिस्से का संघर्ष झेला, लेकिन मेरा हमेशा से यह विश्वास रहा है कि मेहनत से हर मुश्किल पर पार पाया जा सकता है : जुगराज सिंह

# वरुण इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारत की टीम में शामिल

**नागपुर,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को इंग्लैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए मंगलवार को भारत की टीम में शामिल किया गया।

चक्रवर्ती के संभावित चयन का समर्थन इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई पांच मैचों की टी-20 सीरीज में उनके उल्लेखनीय 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' प्रदर्शन से मिलता है, जहां वे भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे, उन्होंने 14 विकेट झटके, जिसमें एक सनसनीखेज पांच विकेट भी शामिल हैं।

- वरुण चक्रवर्ती भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे



बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि पुरुष चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए वरुण चक्रवर्ती को भारत की टीम में शामिल किया है। नागपुर में गुरुवार से वनडे सीरीज शुरू होने वाली है, चक्रवर्ती ने टीम के साथ प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। 33 वर्षीय खिलाड़ी की अपनी विविधताओं और भ्रामक स्पिन के साथ इंग्लैंड की बल्लेबाजी लाइनअप को परेशान करने की क्षमता ने भारत की 4-1 श्रृंखला जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केवल 23 लिस्ट ए (50-ओवर) मैच खेलने के बावजूद, चक्रवर्ती के पास 19.8 की स्ट्राइक रेट से 59 विकेट लेने का प्रभावशाली रिकॉर्ड है। विजय हजारे ट्रॉफी में उनके हालिया कारनामे, जहां वे स्पिनरों में अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में समाप्त हुए, ने उनके दावे को और मजबूत किया। उन्होंने 12.16 की आश्चर्यजनक औसत से 18 विकेट लिए, जिसमें 5-9 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन शामिल है। चक्रवर्ती के शामिल होने से भारत के स्पिन विभाग में और गहराई आई है, जिसमें पहले से ही कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के करीब आने के साथ, चयनकर्ता इस महीने के अंत में दुबई में होने वाले आईसीसी इवेंट के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देने के लिए विभिन्न संयोजनों का परीक्षण कर रहे हैं।

### इंग्लैंड श्रृंखला के लिए भारत की अद्यतन वनडे टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती।

# विराट और रोहित का फॉर्म भारत के चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के लिए महत्वपूर्ण होगा' : सुरेश रैना

**मुंबई,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज़ जीत के बाद, भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के लिए कमर कस रही है, जो भारत के आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अभियान के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा होगी। भारत बनाम इंग्लैंड वनडे सीरीज़ के लिए स्टार स्पोर्ट्स के विशेष शो गेम प्लान पर विशेष रूप से बोलते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना ने आगामी सीरीज़ पर अपने विचार साझा किए। रोहित शर्मा से अपनी अपेक्षाओं के बारे में बोलते हुए, रैना ने कहा कि मुझे लगता है कि रोहित को आक्रामक खेलना चाहिए। आपने देखा कि उन्होंने वनडे विश्व कप में कैसे बल्लेबाजी की-वे फाइनल में भी आक्रामक थे। इसलिए, मेरा मानना है कि उनका दृष्टिकोण वही रहेगा। मुख्य सवाल यह है कि उनके साथ कौन ओपनिंग करेगा-क्या वह शुभमन होंगे? मुझे याद है, जब भी वे एक साथ खेलते हैं, तो वे आक्रामक इरादे रखते हैं। कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा के बारे में बात करते हुए रैना ने कहा, कि रोहित शर्मा एक आक्रामक कप्तान हैं। जिस तरह से वह अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करते हैं, वह काबिले तारीफ है- मोहम्मद शमी को अहम मौकों पर उतारना और रणनीति के तौर पर स्पिनरों पर भरोसा करना। जब रोहित रन बनाते हैं, तो यह उनकी कप्तानी में भी झलकता है। कप्तान के तौर पर यह उनकी आखिरी आईसीसी ट्रॉफी हो सकती है और अगर वह जीतते हैं, तो वह चार आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे। वह पहले ही टी20 विश्व कप जीत चुके हैं और चैंपियंस ट्रॉफी जीतना एक उल्लेखनीय उपलब्धि होगी। वह इसे हासिल करने के लिए प्रेरित होंगे, लेकिन रन बनाना उनके लिए महत्वपूर्ण होगा। आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए विराट कोहली और रोहित शर्मा का फॉर्म कितना महत्वपूर्ण होगा, इस पर रैना ने कहा कि 2023 में वनडे विश्व कप के बाद रोहित शर्मा का स्ट्राइक रेट काफी बेहतर हुआ है।




- मुझे लगता है कि रोहित को आक्रामक खेलना चाहिए। आपने देखा कि उन्होंने वनडे विश्व कप में कैसे बल्लेबाजी की-वे फाइनल में भी आक्रामक थे। इसलिए, मेरा मानना है कि उनका दृष्टिकोण वही रहेगा : सुरेश रैना

## पूर्व श्रीलंकाई कप्तान दिमुथ करूणारत्ने ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**कोलम्बो,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। श्रीलंकाई बल्लेबाज़ दिमुथ करूणारत्ने ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। गाले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इसी सप्ताह शुरू हो रहा दूसरा टेस्ट उनके करियर का 100वां और आखिरी टेस्ट होगा। इस मैच के बाद श्रीलंका को अगले एक साल में मई 2026 तक सिर्फ दो टेस्ट मैच खेलने हैं और करूणारत्ने सिर्फ टेस्ट फॉर्मेट ही खेलते हैं। 2024 से उनका फ़ॉर्म भी कुछ खास नहीं रहा है और उन्होंने पिछले 14 महीनों में सिर्फ 27.05 की औसत से रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गाले का दूसरा टेस्ट इस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र में श्रीलंका का आखिरी टेस्ट भी है। करूणारत्ने ने 2012 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ गाले में ही टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक खेले 99 टेस्ट में 16 शतकों और 39 अर्द्धशतकों की मदद से 39.40 की औसत से 7172 रन बनाए हैं।

## हैदराबाद क्रिकेट संघ ने भारत की अंडर-19 टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों को सम्मानित किया



**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां) हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) के अध्यक्ष जगन मोहन राव अरिष्णपल्ली ने मंगलवार को यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारत की अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों का स्वागत किया और मलेशिया में टूर्नामेंट में उनकी 'प्रभावशाली जीत और उत्कृष्ट प्रदर्शन' के लिए भारतीय सितारों को सम्मानित भी किया। भारत की महिलाओं ने पहली बार फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका पर नौ विकेट की शानदार जीत के बाद अपने अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप का सफलतापूर्वक बचाव किया। इसके अलावा, वे बिना कोई मैच हारे खिताब जीतने वाली पहली टीम भी बन गईं। हाल ही में कुआलालंपुर में संपन्न अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुनी गईं गोंगडी त्रिशा और उनकी साथी द्रिथी केसरी का मंगलवार सुबह हैदराबाद पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनके साथ हेड कोच नूशिन अल खादीर और ट्रेनर शालिनी भी थीं। हैदराबाद क्रिकेट संघ के प्रमुख ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को उनके आगमन पर शॉल और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

**सार संक्षेप**

### अलवर में टाइगर मैराथन में दौड़ेंगे विभिन्न राज्यों के धावक

**अलवर।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन 'फिट इंडिया हिट इंडिया' के तहत अलवर सांसद खेल उत्सव में 09 फरवरी को टाइगर मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने बताया कि इस टाइगर मैराथन में अलवर जिले सहित विभिन्न राज्यों से भी धावक हिस्सा लेंगे। टाइगर मैराथन में 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ इंदिरा गांधी स्टेडियम से शुरू होकर भवानी तोप सर्किल से गुजरते हुए नारु मार्ग पर लेमन ट्री होटल से यू टर्न लेकर वापस भवानी तोप चौराहे से मिनी सचिवालय के सामने से निकलते हुए कटी घाटी से अहिंसा सर्किल पहुंचेगी और वहां से यह दौड़ अलवर जयपुर मार्ग पर सिल्वर ऑक स्कूल के सामने से और चोर डूंगरी के पास से गुजरते हुए परशुराम सर्किल पहुंचेगी। यह दौड़ वापस अहिंसा सर्किल और कट्टी घाटी से स्टेडियम पहुंचकर समाप्त होगी।

### पंजाब एफसी पर जीत से गोवा की बराबरी करेंगे मैरिनर्स

**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट बुधवार को शाम 7:30 बजे विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में पंजाब एफसी से भिड़ेंगे तो मैरिनर्स पिछले सीजन की तरह इस बार भी पंजाब एफसी पर अपना दूसरा लीग डबल पूरा करना चाहेंगे, क्योंकि उन्होंने 26 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली में खेला गया रिवर्स फिक्स्चर 3-1 से जीता था। मैरिनर्स ने अब तक घर पर लगातार आठ मुकाबले जीते हैं और इस दौरान छह क्लीन शीट रखी हैं और आगामी मैच में जीत से वे एफसी गोवा की बराबरी कर लेंगे, जिसने आईएसएल के इतिहास में दिसंबर 2019-नवंबर 2022 के बीच अपने घर में लगातार नौ मैच जीते थे। वहीं, पंजाब एफसी ने घर से बाहर खेले अपने पिछले पांच मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है। मोहन बागान सुपर जायंट 19 मैचों में 13 जीत, चार ड्रा और दो हार से 43 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर बैठे हैं।

# भारतीय फुटबॉल के हित में सुदेवा ने जर्मन क्लब से हाथ मिलाया

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। भारत में फुटबॉल के उत्थान के लिए सुदेवा दिल्ली फुटबॉल क्लब ने जर्मनी के नामी 'वीएफबी स्टटगार्ट' के साथ हाथ मिलाया है। सुदेवा के फाउंडर अध्यक्ष और दिल्ली सॉकर एसोसिएशन (डीएसए) के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों क्लब मिलकर भारत में फुटबॉल के चहुंमुखी विकास के लिए प्रयास करेंगे। इस अवसर पर दिल्ली सरकार की शिक्षा निदेशक वेदिथा रेड्डी भी मौजूद थीं। शिक्षा निदेशक ने सुदेवा क्लब के प्रयासों को सराहा और उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में दिल्ली और स्टटगार्ट के क्लब मिलकर बेहतर फुटबॉल के लिए माहौल बनाएंगे और भारतीय फुटबॉल को जर्मन खिलाड़ियों एवं क्लब प्रबंधन से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। जर्मन क्लब प्रतिनिधियों इकोनोमिक अफेयर्स मिनिस्टर निकोल हाफमीस्टर, बोर्ड सदस्य राउवेन कास्पर और अनुज गुप्ता ने बकायदा एक अनुबंध पत्र द्वारा भारतीय फुटबॉल को नई दिशा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनुज गुप्ता के बेहद 'करीब' और 'विश्वासपात्र' भी मौजूद थे। सुदेवा दिल्ली अकादमी के आवासीय मैदान पर पहुंचने से पहले मेहमान क्लब और अधिकारियों ने राजधानी के एक पांच सितारा होटल में मीडिया को संबोधित किया और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। जर्मन क्लब प्रतिनिधियों ने सुदेवा अकादमी का करीब से निरीक्षण करने के बाद पाया कि कुछ और सुधार के बाद दिल्ली की प्रमुख अकादमी विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार करने में सक्षम हो सकती है। मेहमान अधिकारियों के अनुसार, उनकी योजना सुदेवा के 15 साल तक के श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन तक प्रशिक्षित करने का है।

# अश्विन, श्रीकांत चाहते हैं कि सैमसन अपनी बल्लेबाजी में सुधार करें

**मुंबई,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में पांच पारियों में 51 रन बनाने वाले भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन अपनी खराब फॉर्म को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। पूर्व साथी रविचंद्रन अश्विन और पूर्व कप्तान क्रिस श्रीकांत ने विकेटकीपर बल्लेबाज की इसी तरह से आउट होने की आलोचना की है।हाल ही में पांच मैचों की टी20 सीरीज में इंग्लैंड पर भारत की 4-1 की जीत ने साबित कर दिया है कि टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है, लेकिन यह कुछ मुद्दों को छिपा नहीं सका - जैसे सलामी बल्लेबाज सैमसन का खराब फॉर्म। सैमसन, जिन्होंने अक्टूबर-नवंबर 2024 में बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो सीरीज में तीन शतक बनाए, इंग्लैंड के खिलाफ पांच पारियों में केवल 51 रन ही बना पाए, जिसमें ईडन गार्डन्स में पहले मैच में 26 रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा। अपने यूट्यूब चैनल पर एक पोस्ट में अश्विन ने कहा कि अगर संजू इसी तरह आउट होते रहे, तो बतौर बल्लेबाज, दिमाग चालें चलेगा। उन्होंने कहा कि (यह आपको सोचने पर मजबूर करेगा) गेंदबाज एक खास तरीके से गेंदबाजी कर रहा है और मैं इस तरह आउट हो रहा हूं, क्या गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहा है या मुझमें कोई कमी है? क्या मैं खुद को ढाल पाऊंगा? एक बार इतने सारे सवाल उठने के बाद, यह मुश्किल हो जाता है। भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य चयनकर्ता श्रीकांत ने भी सैमसन के हालिया प्रदर्शन पर निराशा व्यक्त की और पिछले कुछ मैचों में इसी तरह से आउट होने के लिए केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज को आड़े हाथों लिया। इनसाइड स्पोर्ट की एक रिपोर्ट में श्रीकांत के हवाले से कहा गया, संजू सैमसन बस से चूक गए हैं। पांचवीं बार, एक ही तरीके से आउट हुए। उन्होंने एक ही तरह का शॉट खेला है। मुझे लगता है कि वह अपना अहंकार दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। वह कहने की कोशिश कर रहे हैं, नहीं, नहीं, मैं यह शॉट खेलूंगा। क्या वह अहंकार की यात्रा पर जा रहे हैं या संघर्ष कर रहे हैं? मुझे यकीन नहीं है।




❍ सैमसन अक्टूबर-नवंबर 2024 में बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो सीरीज में तीन शतक बनाए

# शुभमन ने भारत की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हार का बचाव किया

**नागपुर,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के उप-कप्तान शुभमन गिल ने हाल ही में संपन्न बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन का बचाव करते हुए जोर दिया कि एक खराब सीरीज किसी टीम की विरासत को परिभाषित नहीं करती है। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-3 से सीरीज हार का सामना करना पड़ा, जिससे मार्की टेस्ट प्रतिद्वंद्विता में उनके दशक भर के प्रभुत्व का अंत हो गया। गुरुवार को नागपुर में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के पहले वनडे से पहले बोलते हुए, गिल ने जोर देकर कहा कि टीम ने परिणाम के बावजूद गुणवत्तापूर्ण क्रिकेट खेला और अपनी पिछली उपलब्धियों के लिए श्रेय की हकदार है। गिल ने कहा कि एक सीरीज पूरी टीम के फॉर्म को निर्धारित नहीं करती है। ऐसे कई खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अतीत में विभिन्न सीरीज और टूर्नामेंट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि भारत बदकिस्मत रहा कि ब्रिसबेन में चौथे टेस्ट के आखिरी दिन स्टार पेसर जसप्रीत बुमराह उपलब्ध नहीं थे, उनका मानना है कि यह कारक श्रृंखला के परिणाम को बदल सकता था। हम बदकिस्मत थे कि आखिरी दिन बुमराह मौजूद नहीं थे। अगर वह होते, तो हम मैच जीत सकते थे, श्रृंखला ड्रा कर सकते थे और यह बातचीत भी नहीं हो रही होती। गिल ने आलोचकों से भारत की व्यापक उपलब्धियों पर विचार करने का आग्रह किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया में उनकी दो बैक-टू-बैक टेस्ट सीरीज़ जीत (2018-19 और 2020-21), उनका 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में पहुंचना और विश्व क्रिकेट में सबसे प्रभावशाली टीमों में से एक के रूप में उनकी स्थिति शामिल है। एक मैच और एक दिन हमें परिभाषित नहीं करते हैं।

- हम बदकिस्मत थे कि आखिरी दिन बुमराह मौजूद नहीं थे : शुभमन गिल



## भारत के खिलाफ पहले दो वनडे से चूक सकते हैं जेमी स्मिथ

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के विकेटकीपर जेमी स्मिथ पिंडली की समस्या के कारण भारत के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले दो वनडे से चूक सकते हैं, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनके फिट होने की उम्मीद है। विकेटकीपर-बल्लेबाज को राजकोट में तीसरे टी20 मैच के दौरान पिंडली में तकलीफ महसूस हुई थी, जो इंग्लैंड की एकमात्र जीत थी, और तब से उनका उपचार चल रहा है। उन्होंने जैकब बेथेल की जगह दूसरा और तीसरा टी20 मैच खेला। लेकिन भारत द्वारा सीरीज 4-1 से जीतने में वे अगले दो मैच नहीं खेल पाए। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, 24 वर्षीय खिलाड़ी अगले बुधवार को अहमदाबाद में दौरे के अंतिम मैच में फिटनेस टेस्ट से गुजरेंगे, जो कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीमों को अंतिम रूप देने की समय सीमा भी है। जो रूट दौरे के वनडे चरण के लिए इंग्लैंड से जुड़ गए हैं, लेकिन स्मिथ की अनुपस्थिति उनके बल्लेबाजी विकल्पों को सीमित कर रही है। रूट को स्पिनर रेहान अहमद की जगह टीम में शामिल किया जाना था, लेकिन अब उन्हें 50 ओवर के मैचों के लिए टीम में बने रहने के लिए कहा गया है।दौरे के टी20 चरण में, इंग्लैंड ने आदिल राशिद के साथ मिलकर चार तेज गेंदबाजों के साथ गेंदबाजी की है, जबकि भारत ने एक पारी में पांच स्पिनरों का इस्तेमाल किया है।

## सुडोकू 6816 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 9 | 1 | 6 | 8 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 1 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 9 |
| 1 | 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 |

# अर्थ जगत

## रुपया सर्वकालिक निचले स्तर से उबरा

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरते हुए तीन पैसे मजबूत होकर 87.08 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मेक्सिको और कनाडा पर शुल्क बढ़ोतरी को लागू करने की प्रक्रिया को एक महीने टालने के बाद अमेरिकी डॉलर सूचकांक अपने उच्च स्तर से नीचे आया है जिससे स्थानीय मुद्रा पर दबाव कम हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक जो 109.88 के स्तर को पार कर गया था, वह शुल्क पर अस्थायी रोक की घोषणा के बाद 108 के स्तर पर आ गया।



# शेयर बाजार ने भरी ऊंची उड़ान, सेंसेक्स 1397 अंक उछला

## निवेशकों की हुई बल्ले-बल्ले, 5.5 लाख करोड़ का हुआ फायदा


***मुंबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से मेक्सिको और कनाडा पर टैरिफ को 30 दिनों के लिए टालने का असर घरेलू शेयर बाजार पर भी दिखा। शेयर बाजार मंगलवार को जोरदार उछला। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का बेंचमार्क सेंसेक्स 13970.07 अंक उछलकर कारोबार के आखिर में 78,583.81 पर बंद हुआ।*

इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 378.2 अंक बढ़कर 23,739.25 पर बंद हुआ। हालांकि इतनी शानदार उछाल के बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी अभी भी अपने रिकॉर्ड हाई लेवल से 11 प्रतिशत नीचे हैं। चीन पर टैरिफ अभी भी लागू है, जो जल्द ही प्रभावी होने वाला है। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी बढ़त रही, बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 1त्न की बढ़त रही। आज के कारोबार में आई जोरदार तेजी से बीएसई-सूचीबद्ध फर्मों का कुल बाजार पूंजीकरण (एम-कैप) पिछले सत्र के ?419.5 लाख करोड़ से बढ़कर 425 लाख करोड़ हो गया, जिससे निवेशक एक दिन में लगभग ?5.5 लाख करोड़ अमीर हो गए।

**आरबीआई के नीतिगत फैसले पर नजर-** अमेरिका की तरफ से कनाडा और मैक्सिको के लिए नियोजित टैरिफ पर रोक लगाने के बाद बाजार लगभग 2 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। इससे बढ़ते व्यापार तनाव से अस्थायी राहत मिली। 4 फरवरी को बाजार पूंजीकरण में जोरदार बढ़ोतरी हुई। बाजार विशेषज्ञ अब 7 फरवरी को आरबीआई के नीतिगत फैसले पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अप्रत्याशित रुख के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बनी हुई है।

**सेंसेक्स पर टॉप गेनर और टॉप लूजर स्टॉक्स-** सेंसेक्स पर आज के कारोबार के आखिर में लार्सन एंड टुब्रो, इंडसइंड बैंक , टाटा मोटर्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर स्टॉक्स के तौर पर उभरे। जबकि, नेस्ले इंडिया, मारुति सुजुकी इंडिया , टेक महिंद्रा , हिंदुस्तान यूनिलीवर सबसे नुकसान वाले शेयरों में शुमार रहे।

**एशियाई बाजारों में आज देखा गया उछाल-** मंगलवार को एशियाई शेयरों में उछाल आया, जबकि चीन पर अमेरिकी टैरिफ लागू हो गए और चीन ने अमेरिका पर जवाबी कार्रवाई की, जिसमें कोयले और तरलीकृत प्राकृतिक गैस पर टैरिफ के साथ-साथ गूगल में एक अविश्वास जांच भी शामिल है। एपी के मुताबिक, मंगलवार को एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शेयर बाजारों में तेजी



रही। हांगकांग में हैंग सेंग इंडेक्स 2.59 प्रतिशत बढ़कर 20,741.66 पर पहुंच गया। जापान का बेंचमार्क निक्केई 225 0.72 प्रतिशत बढ़कर 38,798.37 पर पहुंच गया, जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.13 प्रतिशत बढ़कर 2,481.69 पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.06 प्रतिशत गिरकर 8374.00 पर आ गया।

## चढ़ते बाजार में 52 हफ्ते के लो पर पहुंचा टाटा की इस कंपनी का शेयर

टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा केमिकल्स के शेयरों में आज बाजार खुलते ही भारी गिरावट देखी गई। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 21 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा दर्ज किया, जबकि पिछले साल की इसी अवधि में उसने 194 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। कमजोर तिमाही नतीजों के चलते टाटा केमिकल्स के शेयर बीएसई पर 4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 906.65 रुपए पर पहुंच गए, जो इसका 52 सप्ताह का नया निचला स्तर है। दिलचस्प बात यह है कि इस गिरावट के बावजूद सेंसेक्स में 700 अंकों से अधिक की मजबूती आई।

टाटा केमिकल्स पर वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 70 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च करना पड़ा। ब्रिटेन के नॉर्थविच में लोस्टॉक प्लांट में सोडा ऐश उत्पादन बंद होने के कारण ऐसा हुआ। तीसरी तिमाही में कंपनी के रेवेन्यू में सालाना आधार पर 3.8त्न की गिरावट आई और यह 3,590 करोड़ रुपए रहा। इसी तरह कंपनी काईबीआईटीडीड 19.9 प्रतिशत की गिरावट के साथ 434 करोड़ रुपए रहा। डेबिट डेए मार्जिन सालाना आधार पर 14.5 प्रतिशत से घटकर 12.1 प्रतिशत रहा।

# 2025 में अबतक सोना हुआ 6500 रुपये महंगा

## धनतेरस-दिवाली तक कहां पहुंचेगा भाव ?

***मुंबई।** शेयर बाजार अपने लाखों निवेशकों को झटके पर झटके दिए जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर सोना पिछले साल बंपर रिटर्न देने के बाद इस साल भी निवेशकों को मालामाल कर रहा है। इस साल अबतक सोना 6500 रुपये से अधिक महंगा हो चुका है।*

साल 2025 में अबतक सोने ने अपने निवेशकों को 8.29 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है। 2024 में भी सोना ने अपने निवेशकों को 21 प्रतिशत का बंपर रिटर्न दिया था। 1 जनवरी, 2024 को 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 65,220 रुपये थी जो 30 दिसंबर, 2024 को बढ़कर 78,440 रुपये हो गई। इस तरह सोने ने पिछले साल बंपर रिटर्न दिया।

कमोडिटी और सर्राफा बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि सोने में जारी यह रैली यहीं रुकने वाली नहीं है। अभी दिवाली तक नया रिकॉर्ड बनता दिखाई देगा। विशेषज्ञों का कहना है कि 3 फरवरी को सोने ने पिछले साभी पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2830 डॉलर प्रति औंस का उच्चतम स्तर छुआ। वहीं, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर गोल्ड की कीमतें रिकॉर्ड 83,721 रुपए प्रति 10



ग्राम पर पहुंच गई। अगर दिल्ली के सर्राफा बाजार में देखें तो 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 86,232 रुपये के रिकॉर्ड हाई पर पहुंची। यह अबतक का सबसे ऊंचा भाव है। यह तेजी आगे भी जारी रहेगी।

**धनतेरस और दिवाली तक कहां होगा सोना?** - विशेषज्ञों अनुमान है कि धनतेरस और दिवाली तक एमसीएक्स पर सोना 87,000 रुपये के रिकॉर्ड हाई को छु सकता है। अगर ऐसा हुआ तो भारतीय बाजार में 24 कैरेट सोने की कीमत 90 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम आसानी से पहुंच जाएगी।

# डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ एक्शन फुस्स,तेल की कीमतों पर नहीं पड़ेगा कोई असर

***नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन, मेक्सिको और कनाडा के खिलाफ काफी अधिक इंपोर्ट टैरिफ लगा देने के बावजूद कच्चे तेल के दाम के बहुत अधिक भागने का डर नहीं है. फिलहाल तेल उछला जरूर है, लेकिन लंबे समय तक इसका असर नहीं हो सकता है. ओपेक देशों ने सोमवार को अप्रैल महीने से तेल का उत्पादन बढ़ाने और उसे अमेरिकी कंट्रोल और मॉनीटरिंग मैकेनिज्म से बाहर रखने का फैसला किया.*

इस फैसले से यह तय हो गया है कि ट्रंप का टैरिफ अटैक बहुत ज्यादा मारक नहीं होने वाला है. मार्केट एनालिसिस करने वाली इंटरनेशनल एजेंसी गोल्डमैन सैश ने भी ऐसा ही अनुमान लगाया है. इस कारण गोल्डमैन सैश ने ब्रेंट के अपने फोरकास्ट में कोई बदलाव नहीं किया है. यहां तक कि क्रूड ऑयल के यूस डब्ल्यूटीआई गेन को भी तीन फीसदी ही रखा है.

**क्रूड ऑयल सप्लाई में बाधा से निपटने की तैयारी-** ट्रंप के कदम के बाद दुनिया में क्रूड ऑयल सप्लाई में बाधा पैदा होने का डर तो सता रहा है, लेकिन इससे निपटने की तैयारी भी हो रही है. ओपेक देशों की ओर से कच्चे तेल के उत्पादन बढ़ाने को इस दिशा में बड़े कदम की ओर देखा जा रहा है. अमेरिका ने भी



ओपेक देशों से तेल का उत्पादन बढ़ाने की अपील की थी, क्योंकि इसके बिना रूस का तेल खूब बिक रहा है. इस कारण उसके पास यूक्रेन से वार जारी रखने के लिए पैसा मिल जा रहा है. ओपेक देशों ने तेल का उत्पादन बढ़ाने का फैसला तो लिया है, लेकिन ये देश अमेरिका से इससे संबंधित कोई डाटा शेयर नहीं करेंगे. रायटर की रिपोर्ट के मुताबिक, ओपेक देश अपने इस फैसले पर मार्च के अंत में अंतिम रूप से मुहर लगाएंगे.

**टलता दिख रहा है संकट, आगे क्या होता है-** ट्रंप के टैरिफ अटैक के बाद कच्चे तेल की दाम में उछाल से पहले तो लगा कि दुनिया भारी महंगाई की चपेट में आने वाली है, लेकिन ओपेक देशों के नए फैसले ने राहत दी है.

# बढ़ते तापमान ने गेहूं किसानों के माथे पर खींची चिंता की लकीरें, आम-मटर के किसान भी संशय में

***नई दिल्ली।** लगातार कम हो रही सर्दी और चढ़ते पारे ने उत्तर प्रदेश में गेहूं की फसल के लिए गंभीर संकट पैदा कर दिया है। प्रदेश में बीते एक सप्ताह से हर रोज तापमान बढ़ता जा रहा है और तेज धूप निकल रही है। मौसम के इस अप्रत्याशित रुख को देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें गहरा गई हैं। गेहूं के दानों के फूलने के समय तापमान में वृद्धि का नतीजा पैदावार के साथ ही गुणवत्ता पर भी पड़ना तय है। वहीं आम की फसल पर तापमान बढ़ने के चलते खतरा मंडराने लगा है।*

उत्तर प्रदेश के फल-पट्टी क्षेत्र काकोरी-मलिहाबाद के बागवानों का कहना है कि बौर बढ़ने के सीजन में इस कदर पारे का चढ़ना फसल को खराब कर देगा। अचानक बढ़ने वाली गर्मी से अकेले गेहूं ही नहीं बल्कि मटर और चने की फसल को भी नुकसान की आशंका है। किसानों का कहना है कि गर्मी बढ़ने से मटर के दाने असमय ही सूख कर कड़े होने लगे हैं जिनकी कीमत नहीं मिलने वाली है। कृषि वैज्ञानिक का कहना है कि गेहूं की फसल के पकने में अभी समय है पर इस समय दाने फूलते हैं और उन्हें कम तापमान के साथ नमी की जरूरत होती है। तेज धूप और बढ़े हुए तापमान में दाने कमजोर हो जाएंगे



जिससे पैदावार भी घटेगी और क्वालिटी गिरेगी। उनका कहना है कि इस बार पूरे जनवरी बारिश नहीं हुई है और फरवरी में अभी तक आसार नहीं है। गर्मी बढ़ने के चलते मटर समय से पहले ही खेतों में कड़ी होने लगी है।

बीते एक सप्ताह से हरी मटर के भाव भी बाजार में गिरे हैं। चढ़ते पारे से आम के बागवान भी हलकान हैं। उनका कहना है कि इस बार बौर अच्छी आयी थी और फसल के बढ़िया होने के आसार थे। एक आम के कारोबारीका कहना है कि फरवरी की तेज गर्मी आम की बौरों को ही झुलसा देगी और इसका असर फसल पर पड़ना तय है।

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 87.07 |
| एक यूरो | 89.76 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 108 . 83 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 98 |
| एक जापानी येन | 0. 56 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 92 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 106 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-120 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -52 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 84150 चांदी -95000

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 84150 चांदी -95000

## दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338
**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 11500-12500, मीडियम बोल्ड 12500-14000, फाइन 150000-16500, एक्स्ट्रा बोल्ड 17000-17500, चना दाल एवरेज 8000-8100 चना दाल मार्का 8200-8300, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8400-8500, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-12000, फाइन 12000-13000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10200, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4000-4200, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-5000 फाइन-5500-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5800-6000, फाइन 6200-6500, बासमती कनकी चालू 3200-3500, बासमती कनकी मीडियम 3800-4000, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4800-5200, दुबार- 5200-5500, तिबार- 6000-6500, बासमती 8000-8500, बेस्ट 9500-10500 पोहा- 4400-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7500-8000 रु.।


## लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# गोपाल विट्ठल बने जीएसएमए बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष

***गुरुग्राम।** भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और एमडी, गोपाल विट्ठल को जीएसएमए बोर्ड का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति तब हुई जब टेलीफोनिका के चेयरमैन और सीईओ, जोसे मारिया एलवारेस पैलेट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।*

हाल ही में, गोपाल विट्ठल को दूसरी बार जीएसएमए बोर्ड का डिप्टी चेयर चुना गया था। इससे पहले, वह 2019 - 2020 के दौरान भी बोर्ड के एक महत्वपूर्ण सदस्य रह चुके हैं। उनके पास दूरसंचार क्षेत्र में गहरा अनुभव है और यह नियुक्ति उनकी नेतृत्व क्षमता और विशेषज्ञता को दर्शाती है। जीएसएमए दूरसंचार उद्योग का एक वैश्विक संगठन है, जो 1100 से



अधिक कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। इसमें टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं के साथ -साथ हैंडसेट और डिवाइस निर्माता, सॉफ्टवेयर कंपनियां, नेटवर्क उपकरण प्रदाता और इंटरनेट कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा, इससे जुड़ी कई अन्य संस्थाएं भी दूरसंचार उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं।

## बजट महंगाई बढ़ाने वाला नहीं इससे आरबीआई को मौद्रिक सुगमता में मदद मिलेगी: वित्त सचिव

***नयी दिल्ली ।** वित्त सचिव तुहिन कांत पांडे ने कहा कि सरकार ने राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए कदम उठाते हुए ऐसा बजट पेश किया है जिससे महंगाई नहीं बढ़ेगी। अब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति को वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दर में कटौती पर फैसला करना है।*

पांडे ने कहा, '' राजकोषीय नीति और मौद्रिक नीति को एक साथ काम करने की जरूरत है, न कि विपरीत उद्देश्यों के लिए... क्योंकि अगर हम मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने में सक्षम हैं, तो मौद्रिक सहजता से भी बहुत अधिक लाभ होगा।'' बजट में राजकोषीय घाटे के वित्त वर्ष 2025-26 में 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो चालू वित्त वर्ष 2024-25 के 4.8 प्रतिशत से कम है। पांडे ने यहां भारतीय वाणिज्य एंव उद्योग मंडल (एसोचैम) के साथ बजट के बाद आयोजित परिचर्चा में कहा, '' यह स्पष्ट करना बहुत जरूरी है कि हमें एक निश्चित राजकोषीय व्यवस्था के भीतर क्या करना है। हमें उस सीमा तक मौद्रिक अधिकारियों की सहायता करनी होगी...'' ।

# रिलेक्सो नें नए एक्सक्लुसिव ब्राण्ड आउटलेट के साथ किया अपने रिटेल फुटप्रिन्ट का विस्तार



**जबलपुर।** भारत के अग्रणी फुटवियर ब्राण्ड रिलेक्सो फुटवियर लिमिटेड ने जबलपुर में अपने नए एक्सक्लुसिव ब्राण्ड आउटलेट (ईबीओ) की ओपनिंग की घोषणा की है। यह नया स्टोर राज्य के उपभोक्ताओं को स्टाइलिश, टिकाऊ और किफायती फुटवियर उपलब्ध कराने की रिलेक्सो की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

इस आउटलेट का लॉन्च मध्य प्रदेश में रिलेक्सो की रीटेल विस्तार यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है,। राज्य में ब्राण्ड के 43 आउटलेट्स हैं। रिलेक्सो गुणवत्तापूर्ण फुटवियर के लिए पसंदीदा विकल्प के रूप में क्षेत्र में मजबूती से स्थापित हो चुका है। जबलपुर के इस एक्सक्लुसिव ब्राण्ड आउटलेटनए स्टोर में रिलेक्सो के प्रमुख ब्राण्ड्स जैसे फ्लाईट, स्पार्क्स, बाहमास और बॉस्टन की ओर से फुटवियर्स की व्यापक रेंज को पेश किया गया है, जो स्टाइल, आराम और फंक्शनेलिटी का बेहतरीन संयोजन लेकर आते हैं। रोजमर्रा के लिए जरूरी फुटवियर्स से लेकर ट्रेंडसेटिंग डिजाइनों तक, यह स्टोर उपभोक्ताओं की पंसद को ध्यान में रखते हुए ढेरों विकल्प लेकर आता है और उन्हें खरीददारी का सहज एवं उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करता है। इस ओपनिंग के साथ रिलेक्सो के एक्सक्लुसिव ब्राण्ड आउटलेट्स की संख्या अब देश भर में 414 के आंकड़े तक पहुंच गई है।

**देशबन्धु**
**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोनः 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

# कब से लागू होगा नया टैक्स स्लैब, क्या इसी साल से मिल जाएगी 12 लाख पर आयकर की छूट?

***नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, नया टैक्स स्लैब इसी साल यानी 1 अप्रैल 2025 से ही लागू हो जाएगा. इस स्लैब का फायदा आम लोगों को वित्त वर्ष 2025-26 में मिलने लगेगा.*

भारत सरकार ने 1 फरवरी 2025 को पेश किए गए बजट में नए इनकम टैक्स स्लैब की घोषणा की है, जिसमें 12 लाख रुपये तक की सालाना आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बदलाव के जरिए मिडिल क्लास के टैक्सपेयर्स को राहत देने का प्रयास किया है. यह नया टैक्स सिस्टम वित्तीय वर्ष 2025-26 से लागू होगा.

**कब से लागू होगा नया टैक्स स्लैब?-** वित्त मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, नया टैक्स स्लैब इसी साल यानी 1 अप्रैल 2025 से ही लागू हो जाएगा. इस स्लैब का फायदा आम लोगों को वित्त वर्ष 2025-26 में मिलने लगेगा. सबसे बड़ी बात कि इसे लागू होने के लिए नए टैक्स कानूनों की जरूरत नहीं है.

**नए टैक्स स्लैब में किसे कितनी छूट**

नई टैक्स व्यवस्था के तहत ये स्लैब तय किए गए हैं-

0-4 लाख रुपये- 0 प्रतिशत टैक्स
4-8 लाख रुपये- 5 प्रतिशत टैक्स
8-12 लाख रुपये-10 प्रतिशत टैक्स
12-16 लाख रुपये-15 प्रतिशत टैक्स
16-20 लाख रुपये- 20 प्रतिशत टैक्स
20-24 लाख रुपये- 25 प्रतिशत टैक्स
24 लाख रुपये से अधिक- 30 प्रतिशत टैक्स

इस नए स्लैब के अनुसार, जिनकी आय 12 लाख रुपये तक है, उन्हें कोई भी इनकम टैक्स नहीं देना होगा. इसके अलावा, अगर किसी व्यक्ति की आय 12 लाख रुपये से अधिक होती है, तो उसे निर्धारित स्लैब के अनुसार टैक्स देना होगा.

**छूट की सीमा -** इस नई व्यवस्था में सैलरी क्लास के लिए मानक कटौती (स्टैंडर्ड डिडक्शन) को ध्यान में रखते हुए, जो कि 75,000 रुपये है, कुल छूट की सीमा बढ़कर 12.75 लाख रुपये हो जाती है. इसका मतलब यह है कि अगर किसी व्यक्ति की आय 12.75 लाख रुपये तक है, तो उसे कोई भी इनकम टैक्स नहीं देना होगा.

**कब आएगा नया इनकम टैक्स बिल-** बजट के दौरान ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया था कि अगले हफ्ते बजट सत्र के दौरान लोकसभा में नया टैक्स बिल पेश किया जाएगा. फिलहाल जो इनकम टैक्स कानून भारत




में लागू है, वह लगभग 6 दशक पुराना है. दरअसल, मौजूदा इनकम टैक्स कानून को 1 अप्रैल 1962 को लागू किया गया था. सरकार अब जो नया इनकम टैक्स बिल लाने जा रही है, अगर यह कानून बना तो लगभग 63 साल बाद देश में इनकम टैक्स कानून बदलेगा

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com



जबलपुर, देशबन्धु। जबलपुर में मंगलवार को मध्यप्रदेश के जीवनधारा मां नर्मदा की जयंती पर हजारों श्रृद्धालुओं ने पूजन-अर्चन के साथ उनका आर्शीवाद लिया। नर्मदा के सभी तटों पर सुबह से ही भारी संख्या में नर्मदाभक्त पहुंचने लगे थ। इस दौरान विशाल चुनरी भी मां नर्मदा को चढ़ाई जा रही थी। नर्मदा के गौरीघाट में भक्तों का मेला लगा रहा। यहां पर गुरुद्वारा की ओर से गौरीघाट के बीच मां नर्मदा को चुनरी अर्पित की गई। इस मौके पर मां नर्मदा के जयकारों के साथ आसमान गुंजायमान हो रहा था। पड़ोसी जिले सिवनी के लखनादौर से भी हजारों भक्त चुनरी लेकर पैदल पहुंचे थे।

## अवैध कोयला से भरा ट्रक पकड़ा

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले की बुढ़ार पुलिस ने अवैध खनिज कोयला परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अवैध कोयला भारत एक ट्रक पकड़ा है। पुलिस की इस कार्रवाई से एक बार और यह बात साबित हो गई है कि जिलेभर में अवैध कोयले का खेल बदस्तूर जारी है। बुढ़ार पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि बकही तरफ से एक ट्रक में अवैध रूप से कोयला लोड कर बुढार तरफ आ रहा है। सूचना पर बुढार पुलिस द्वारा सूचना स्थान पर पहुंचे तो उक्त ट्रक रूंगटा रोड हरिओम धर्मकांटा के पास पाया गया। ट्रक चालक से पूछताछ में उसने अपना नाम जितेन्द्र कुशवाहा उम्र 28 वर्ष निवासी भैसरहा जिला सीधी का होना बताया। पुलिस द्वारा चालक से उक्त ट्रक व ट्रक में लोड कोयला के संबंध में दस्तावेज मांगने पर कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया। जिससे बुढ़ार पुलिस द्वारा उक्त कोयला व वाहन को जप्त कर चालक जितेन्द्र कुशवाहा, वाहन मालिक जितेन्द्र गुप्ता, मुनीम शर्मा, शाहिद खान को पकड़ा गया।





**J.B.F.A**

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 120 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 106 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 92 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 92 |

मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 88 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 102 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 116 |

मो.- 9039925999





## कुएं में गिरे शिकार और शिकारी

**सिवनी, देशबन्धु।** कहते हैं कि जंगल में जब शेर शिकार के लिए निकलता है तो शिकार को महंगा पड़ता है, पर यहां पर करना शेर को महंगा पड़ गया। मंगलवार की घटना के दौरान बाघ और उसका शिकार दोनों कुएं में गिर गये। जिन्हें कड़ी मशक्कत से रेस्क्यू कर निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार प्रात: 8.30 पर परीक्षेत्र सहायक शारीक खान को सूचना मिली कि



कुरई के समीप ग्राम हरदुआ में किसान किशोर भलावी के खेत में बने कुएं में एक बाघ और एक सुअर गिरा हुआ है। उन्होंने तत्काल उक्त सूचना उपसंचालक, पेंच टाइगर रिजर्व को प्रेषित की। सूचना मिलते ही पेंच टाइगर रिजर्व का क्षेत्रीय रेस्क्यू स्क्वाड दल वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में घटनास्थल के लिए रवाना हुआ।


**खुल गया खुल गया**

शहर के प्रमुख स्थल पर स्थित होटल टाइगर इन के कैम्पस में 16000 एस्क्वायर फिट का हाल उपलब्ध है जिसमें पार्किंग की विशेष सुविधा उपलब्ध है जिन इच्छुक व्यवसायिक लोगों को अपने व्यवसाय हेतु आफिस दुकान शो रूम छोटी छोटी दुकान खोलना हो निम्न पते मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते है।

संपर्क- दिनेश तिवारी
होटल टाइगर इन
विंध्यनगर रोड बैढ़न
मोबाइल नंबर -6265475368

